रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | माघ कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 14 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 340, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य शुभारंभ

संगम की रेती पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

महाकुंभनगर (हि.स.)

विश्व के सबसे बड़े समागम महाकुंभ का श्रीगणेश सोमवार को पौष पूर्णिमा के अवसर पर पहले स्नान के साथ हो गया। पतित पाविनी गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती नदी के संगम पर अमृत स्नान करने वाले करीब तीन बजे भोर से ही संगम की रेती पर जुटने लगे थे। महाकुंभ के पहले दिन पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को प्रयागराज में डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र पावन संगम में डुबकी लगाई।

राज्य के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के मुताबिक अपराह्न 3 बजे तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। श्रद्धालुओं की यह संख्या सुबह साढ़े 9 बजे तक 60 लाख को पार कर गई थी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से तीन हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेला क्षेत्र में एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगाए गए हैं।

मानवता के इस अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षी बनने, अपने जन्मों के पुण्यों को साकार करने और मानव सभ्यता के इस सबसे बड़े विलक्षण क्षण का साक्षी पहले ही दिन बनने की होड़ तीर्थराज प्रयाग के संगम नोज समेत सभी स्थायी एवं अस्थायी घाटों पर दिखी। अपनी पूजा व अर्चन विधि से भक्ति में रमने के साथ ही एकता के संगम में सराबोर होते दिखे। पौष पूर्णिमा के अवसर पर महाकुंभ के प्रारंभ होने और पहले स्नान के अवसर पर पूरी दुनिया से महाकुंभनगर स्थित मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। ये श्रद्धालु उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तैयारियों से बेहद संतुष्ट दिखे और महाकुंभ पर्व को लेकर की गई सुव्यवस्थित व्यवस्था को देखकर मुक्त कंठ से डबल इंजन की सरकार की तारीफ करते दिखे। शेष पेज 11 पर

संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन : सीएम योगी

लखनऊ (हि.स.)। महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस प्रशासन, नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों और पत्रकारों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि मानवता के मंगलपर्व 'महाकुंभ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।

रांची का तापमान

	कांके	रांची
अधिक.	24.0°	21.8°
न्यून.	07.0°	12.4°

पटना हाईकोर्ट के चीफ सुप्रीम कोर्ट के जज नियुक्त

नई दिल्ली। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया गया है। यह घोषणा सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने की। कॉलेजियम ने इसकी सिफरिश की थी। जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन की नियुक्ति के साथ ही अब सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या 33 हो जाएगी। कानून मंत्री ने बताया कि नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

चतरा में वाहन के धक्के से वृद्ध की हुई मौत

चतरा। चतरा-इटखोरी मुख्य मार्ग पर उंटा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान उंटा गांव निवासी रामसेवक दांगी (62) के रूप में हुई है। लोगों ने बताया कि ईंट लदे एक टर्बो गाड़ी की चपेट में आने से रामसेवक दांगी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। टर्बो तेज रफ्तार से आकर सड़क पार कर रहे रामसेवक दांगी को टक्कर मार दी।

नाइजीरिया में आतंकियों का हमला, 40 की मौत

एबूजा। उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया के बोर्नो राज्य में रविवार को इस्लामिक आतंकवादियों के हमले में 40 किसान मारे गए हैं। सोमवार को स्थानीय अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। बोर्नो राज्य के गवर्नर बाबागाना उमरा जुलुम ने कहा कि रविवार को बोको हरम समूह और उसके अलग हुए गुट के चरमपंथियों द्वारा किसानों पर हमला किया गया। इस हमले में 40 किसानों की जान चली गई। उन्होंने नागरिकों से निर्धारित सुरक्षित क्षेत्रों में रहने की अपील की है।

रामदास सोरेन ने दुलमी में बालिका आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन, कहा

झारखंड में खुलेंगे और 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

बोले शिक्षा मंत्री

- सुधरेगा शिक्षा का स्तर, बच्चों को सभी सुविधाएं देने का है प्रयास
- जल्द ही रिक्त पदों को योजनाबद्ध तरीके से भरने का कार्य शुरू होगा

नवीन मेल डेस्क

रामगढ़। राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन सोमवार को रामगढ़ पहुंचे, तो उन्होंने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले से 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए और 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। इससे पहले, उन्होंने दुलमी प्रखंड के चामरोम में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मंत्री रामदास सोरेन ने सभी छात्राओं को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि शिक्षा संबंधित सभी तरह की सुविधा राज्य के बच्चों को उपलब्ध कराई जाए। इस दिशा में शिक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा, शिक्षा एक ऐसा रास्ता है, जिसके माध्यम से ना केवल अपनी गरीबी दूर कर सकते हैं, बल्कि देश व समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं।

मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और पलायन रोकने की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' सहित कई अन्य कार्यक्रमों से जनता को लाभ मिला है। शिक्षा विभाग को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा रिक्त पदों की समीक्षा की जा रही है। शेष पेज 11 पर

हेमंत सरकार में शिक्षा की बदलेगी सूरत : ममता देवी

रामगढ़ विधायक ममता देवी ने सभी छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य एवं उनके द्वारा विभिन्न प्रयासों को सभी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है, वह सराहनीय है। हाल ही में जिले में शुरू हुए पंचायत ज्ञान केंद्र की तारीफ करते हुए सभी को इसका पूरा लाभ लेने की अपील की। इसके साथ उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल करते हुए 'फिलो' एप के शुभारंभ की भी सराहना की और सभी छात्र-छात्राओं से इसका लाभ लेने की अपील की।

छात्राओं ने प्रस्तुत किए नृत्य और नुक्कड़ नाटक : उद्घाटन समारोह के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ व गोला एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी के छात्राओं ने गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य प्रस्तुतियां दीं।

डाटाबेस नहीं, कैसे मिलेगी बेहतर सुविधा

रिम्स में नहीं रखा जाता है मरीजों के रोगों का रिकार्ड

मनोज मिश्रा

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में प्रतिदिन तीन हजार मरीजों का इलाज होता है। मगर, अधिकारियों की मानें तो अस्पताल प्रबंधन मरीजों के रोग से संबंधित डाटाबेस नहीं रखता है। इस स्थिति में पता ही नहीं चलेगा कि रिम्स में किस-किस बीमारी के मरीज ज्यादा भर्ती होते हैं। और, जब यह पता नहीं चलेगा, तो राज्य सरकार मरीजों की बीमारी को ठीक करने के लिए जरूरी संसाधन और उपकरण रिम्स में कैसे उपलब्ध कराएगी।

इस संबंध में रिम्स के एक अधिकारी से जब पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि लाखों मरीजों का अलग-अलग डाटा रखना और बताना संभव नहीं है। यह पूछने पर कि दवाओं, टीकों और इलाज के लिए आवश्यक दवाओं से लेकर खाने का प्रबंधन तक कैसे किया जाता है, तो वे जवाब नहीं दे पाए। उल्लेखनीय है कि आज भी रिम्स में पुर्जे पर डाक्टर दवाओं की सलाह देते हैं, जबकि निजी से लेकर केंद्र सरकार तक के अस्पतालों में इसकी ऑनलाइन व्यवस्था है।

- प्रतिदिन तीन हजार मरीजों का होता है इलाज
- संसाधन-उपकरणों के लिए कैसे बनेगी योजना

आइए, जानते हैं कि मरीजों का डाटाबेस रखना क्यों जरूरी है। सर्पदंश की घटना झारखंड में सबसे ज्यादा होती है। अगर रिम्स में यह आंकड़ा हो कि कितने मरीज सांप काटने से रिम्स आते हैं, तो उसकी दवा का उसी अनुपात में प्रबंध किया जा सकता है। उसी तरह कुत्ता काटने के, जहर खाने के, सड़क दुर्घटनाओं के कितने मरीज एक वर्ष में रिम्स में इलाज कराते हैं, यह कैटेगरी बना कर रिकार्ड रखा जाए, तो इलाज का इंतजाम पुख्ता हो सकता है। इससे पता चलेगा कि कहां कितनी बेड की जरूरत है, शेष पेज 11 पर

दक्षिण-पश्चिमी जापान में 6.9 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

टोक्यो (हि.स.)

दक्षिण-पश्चिमी जापान में 6.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी भी जारी की है। मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात दक्षिण-पश्चिमी जापान में 6.9 तीव्रता एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसका केंद्र मियाजाकी प्रांत रहा। भूकंप के झटकों के बाद एजेंसी ने क्यूशू के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप और पास के कोच्चि प्रान्त के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। एजेंसी के अनुसार सुनामी की लहरें एक मीटर तक पहुंच सकती हैं। इसलिए पहले से ही तैयारियां शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। फिलहाल भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। प्रशांत बेसिन में ज्वालामुखियों के आर्क, रिंग ऑफ फायर और फॉल्ट लाइन के किनारे स्थित होने के कारण जापान शेष पेज 11 पर

झारखंड कैडर के 10 आईपीएस को लेवल 12 वेतनमान में प्रोन्नति

रांची (हि.स.)। झारखंड कैडर के 10 आईपीएस को लेवल 12 वेतनमान में प्रोन्नति मिली है। प्रोन्नति पाने वाले आईपीएस अधिकारियों में ऋषभ कुमार झा, अंजनी अंजन, सौरभ, अमित रेणु, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार और पूज्य प्रकाश शामिल हैं। इस प्रोन्नति से इन आईपीएस अधिकारियों का वर्तमान प्रतिस्थापन प्रभावित नहीं होगा।

झामुमो नेता के ठिकाने से 300 टन अवैध कोयला बरामद

एसडीपीओ पर हमला मामले में गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

नवीन मेल डेस्क

धनबाद। बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने सोमवार को मधुबन थाना क्षेत्र के आशाकोठी में छापेमारी की। यहां पुलिस ने 300 टन अवैध कोयला जब्त किया है। बताया जाता है कि जब्त कोयला और यह अड्डा झामुमो नेता कारू यादव का है। यह कोयला यहां तस्करी के लिए रखा हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार, जब धनबाद पुलिस ने आशाकोठी में छापेमारी की, तो वहां भारी मात्रा में डंप अवैध कोयला पाया गया। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया। बताया जाता कि झामुमो नेता के आशाकोठी स्थित जमीन की मापी के लिए सरकारी अमीन को बुलाया गया है। गौरतलब है कि एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार पर हमले के बाद पुलिस ने झामुमो नेता कारू यादव की गिरफ्तारी के लिए शेष पेज 11 पर

ग्रामीणों से झड़प में बचे सीओ, 1 ट्रैक्टर जब्त

कोडरमा। सतगावां थाना क्षेत्र के समलडीह बालू घाट में बालू खनन पर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान एक बड़ी घटना होते-होते रह गई। सोमवार को सतगावां सीओ केशव प्रसाद चौधरी जब अवैध तरीके से हो रहे बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे, तो ग्रामीणों के साथ झड़प हो गई। सतगावां सीओ इस झड़प में बाल-बाल बच गए, लेकिन उनका ड्राइवर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बिना पुलिस सुरक्षा के पहुंचे सीओ को बालू माफियाओं ने घेर लिया और उनके चालक के साथ मारपीट की। सीओ ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीओ को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया।

इंडिया

सबसे पहले झारखंड के तिलका मांझी के नेतृत्व में विद्रोह का बिगुल फूंका गया था

झारखंड के लोग स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं और स्वतंत्रता पसंद करते हैं और इसीलिए 1857 के विद्रोह के पहले भी 1778 में जनजातीय समुदाय के तिलका मांझी ने रामगढ़ कैंट में हमला किया था। इसमें अपनी रियासत और प्राण न्योछावर करने वाले ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव भी थे और बिरसाइत धर्म के माध्यम से सामाजिक बुराइयों का अंत करने का आह्वान करने वाले भगवान बिरसा मुंडा भी थे। झारखंड बिहार के अमर शहीदों ने सबसे पहले स्वतंत्रता संग्राम की लौ जलाई थी ।15 अगस्त अनेक लोगों के लिए मात्र एक तिथि है कल्पना की जा सकती है कि कैसे यह रोमांचक दिन एक एक दिन गिनकर पहुंचा होगा और कितनी माताओं की गोद उजड़ी होगी कितने घरों के एकमात्र लाल तक स्वतंत्रता की बलि वेदी पर होम कर दिए गए होंगे और हमारे कितने ही जाने अनजाने पूर्वजों ने साथ मिलकर हमें उस त्रासदी और अपमान से मुक्ति दिलाई जो पराधीनता के साथ जुड़ी थी । हम शायद आज कल्पना भी नहीं कर सकते कि तब यह कितना कठिन था क्योंकि पकड़े जाने पर मृत्युदंड से लेकर संपति तक ज़ब्त करने की घटनाएं हुईं थीं । तत्कालीन बिहार के सुल्तानगंज के तिलकपुर गांव में 11 फरवरी, 1750 को जन्मे जनजातीय समुदाय के तिलका मांझी को प्रथम स्वतंत्रता सेनानी माना जाता है। चरम आक्रोश के बीच तिलका मांझी के नेतृत्व में भागलपुर का खजाना लूट कर टैक्स और सूखे की मार झेल रहे गरीबों और आदिवासियों के बीच बांट दिया गया था । बंगाल के तत्कालीन गवर्नर वॉरेन हेस्टिंग्स ने विद्रोह को कुचलने के लिए 800 सैनिकों की फौज भेजी, पर 28 वर्षीय तिलका मांझी के नेतृत्व में आदिवासियों ने 1778 में रामगढ़ कैंट में तैनात पंजाब रेजिमेंट पर ही हमला कर दिया था । आक्रोशित उग्र आदिवासियों के सामने प्रशिक्षित सैनिक भी नहीं टिक पाए और अंग्रेजों को कैंट छोड़ कर भागना पड़ा। तिलका मांझी को अंग्रेजों ने 12 जनवरी, 1785 को पकड़ लिया और घोड़ों से बांधकर भागलपुर तक घसीटा, पर वे जीवित बच गए। 13 जनवरी, 1785 को 35 वर्षीय इस पहले स्वतंत्रता सेनानी को फांसी दे दी गई। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना 1857 से बहुत पहले झारखंड के आदिवासी समुदाय ने तिलका मांझी के नेतृत्व में विद्रोह का बिगुल फूंका था जिसे निर्दयतापूर्वक दबाया गया पर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नेतृत्व में जब रांची में आंदोलन हुआ तो उन्हें फांसी दी गई और सारी रियासत जब्त कर ली गई पर उनसे जुड़े शेख भिखारी पांडे गणपत राय जैसे अनेक देशभक्तों ने निडर होकर अंग्रेजी सरकार का विरोध किया ।झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंका था और रांची को छह महीने तक अंग्रेजों से मुक्त रखा था। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव बड़कागढ़ (जो अब रांची का हिस्सा है) के राजा थे। उन्होंने 1857 के विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने छोटानागपुर क्षेत्र को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना की थी। लेकिन कुछ गद्दारों की वजह से और स्वतंत्रता सेनानियों के बीच उचित तालमेल की कमी के कारण उनका यह प्रयास सफल नहीं हो सका। 16 अप्रैल, 1858 को अंग्रेजों ने उन्हें रांची के जिला स्कूल (जो अब अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला विद्यालय है) के प्रांगण में फांसी दे दी थी। अंग्रेजों ने उनकी रियासत बड़कागढ़ को अपने कब्जे में ले लिया और उनके नाम के साथ 'सेक्रेटरी फॉर इंडिया इन काउंसिल' का नाम भी जोड़ दिया। उनके किले हटिया गढ़ को ध्वस्त कर दिया गया। उनकी पत्नी रानी वनेश्वरी कुंअर अपने एक साल के बेटे कपिल नाथ शाहदेव को लेकर गुमला के जंगलों में चली गईं और काफी समय तक वहां गुप्त रूप से रहीं। 1857 का सिपाही विद्रोह वस्तुतः ब्रितानी साम्राज्यवाद के विरुद्ध भारत का पहला मुक्तिकामी महासंग्राम था। अकादमिक इतिहास की पुस्तकों में इस महासमर में पलामू की जनजातियों के योगदान को बहुत महत्व नहीं दिया गया जबकि नवीनतम शोध और दस्तावेजी सच्चाइयों से यह रहस्य उद्घाटित होने लगा है कि 1857 के संघर्ष के दो वर्ष तक पलामू की जनजातियां लगभग हारी हुई लड़ाई को लड़ती रही थीं। इस जनयुद्ध के नायक भोगता थे। भोगता जनजाति के दो सहोदर भाई पीतांबर साही और नीलांबर साही। इस आंदोलन की एक कड़ी भगवान बिरसा मुंडा से जुड़ी थी जिन्होंने विदेशियों के साम्राज्यवाद से लेकर उनके पिट्ठुओं का जोरदार विरोध किया था । बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के बढ़ते जुल्म के खिलाफ कम उम्र में ही अंग्रजों के खिलाफ विद्रोह कर दिया। वे दुनिया के ऐसे पहले आंदोलनकारी थे, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ-साथ बिरसाइत धर्म के रूप में समाज सुधार की भी थी। बात की आज भी झारखंड के लोग समन्वयवाद और भाईचारे पर विश्वास करते हैं । उन्हें जब गुलाम बनाने का प्रयास किया जाता है तब वे विरोध करते हैं।

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

वर्ष 2025 में हज यात्रा के लिए 1,75,025 हज यात्रियों का कोटा

ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत व सऊदी अरब ने हज के लिए एक द्विपक्षीय समझौता किया, जिसके तहत वर्ष 2025 में हज यात्रा के लिए 1,75,025 हज यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने जेद्दा में सऊदी हज व उमरा मंत्री डॉ तौफीक बिन फौजान अल-राबिया के साथ हज समझौते 2025 पर हस्ताक्षर किए। मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, इस साल हज के लिए सऊदी हज और उमरा मंत्री राबिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। भारत के लिए हज 2025 का कोटा 1,75,025 यात्रियों का तय किया गया। हम अपने हज यात्रियों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा, डॉ. तौफीक बिन फौजान अल-राबिया से मुलाकात के दौरान हमने हज 2025 से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और भारतीय हज यात्रियों के लिए अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाने पर विचार किया। इससे हमारे द्विपक्षीय संबंधों को भी मजबूती मिलेगी। शेष पेज 11 पर

- किरेन रिजिजू ने जेद्दा में सऊदी अरब के हज व उमरा मंत्री के साथ किए समझौते पर हस्ताक्षर

10 डिसमिल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का कैंप लगाकर होगा निष्पादन, बोले उपायुक्त

ससमय कार्यालय आएं, लोगों से व्यवहार में शालीनता रखें, साफ-सफाई पर ध्यान दें

- *लंबित म्यूटेशन से संबंधित मामलों की सूची बनाने का निर्देश*
- *कैंप लगाकर किया जाएगा लंबित मामलों का निष्पादन*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची जिला में दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों का शिविर लगाकर निष्पादन किया जाएगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने इस संबंध में सोमवार को को जिला के सभी अंचल अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अपर समाहर्त्ता रामनारायण सिंह को जिला के सभी अंचलों में 10 जनवरी तक 10 डिसमिल तक के दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की सूची तैयार करने को कहा है। उन्होंने बिना आपत्ति 30 दिन एवं 90 दिनों तक आपत्ति के साथ 10 डिसिमल के तक म्यूटेशन से संबंधित मामलों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सूची उपलब्ध होने के पश्चात सभी अंचल कार्यालय में कैम्प लगाकर लंबित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि म्युटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए रविवार के दिन कैंप आयोजित किया जाएगा ताकि अन्य कार्य दिवस में कार्य प्रभावित न हो।

उपायुक्त ने बैठक में सभी अंचल के लंबित दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा की। उन्होंने म्यूटेशन के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अगर किसी केस में अन्य दस्तावेज की आवश्यकता है तो सीधे आवेदन रिजेक्ट ना करते हुए आवेदक को नोटिस निर्गत करें। उपायुक्त द्वारा परिशोधन पोर्टल पर आए मामलों को लेकर कर्मचारियों को गाइड करने की भी बात कही। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा एक बार फिर से दोहराया गया कि सभी अंचल अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सभी पदाधिकारी/कर्मी ससमय कार्यालय में उपस्थित रहें, कार्य अवधि में किसी प्रकार की शिथिलता न हो, सभी अपना बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाएं और आने वाले लोगों से अपना व्यवहार शालीन रखें। उन्होंने अपने आसपास साफ-सफाई रखने के भी निर्देश दिए।

डीसी ने जनता दरबार में लोगों से की मुलाकात

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री लगातार जनता दरबार में लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। सोमवार को भी उन्होंने समाहरणालय सभाकक्ष में जिला के शहरी एवं सुदूर ग्रामीण इलाके से आए लोगों की समस्याओं को सुना। जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, भूमि रैयतीकरण, धोखे से जमीन बेचने, भूमिहीन को अबुआ आवास उपलब्ध कराने, मालगुजारी रसीद में सुधार आदि से संबंधित आवेदन आये। जिस पर उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी से फोन पर बात कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने शिकायतों का यथाशीघ्र निष्पादन करने को भी कहा।

मतदाता दिवस पर होगा प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को वाद-विवाद, पेंटिग, निबंधन, गीत, चित्रकला आदि प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। वहीं मतदाता प्रतिज्ञा के प्रतिज्ञापन का कार्यक्रम सुबह 11 बजे से किया जा है।इसे लेकर मांडर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 से संबंधित बैठक आयोजित की गई।बैठक में उनके द्वारा सभी बीएलओ को 25 जनवरी से पहले बैठक करने का निर्देश दिया गया। साथ सभी 10+2 स्कूलों के प्रधानाचार्य से बैठक करते हुए उनके यहां जो 18 वर्ष के अध्ययनरत्त छात्र/छात्राएं है, उन्हें निर्वाचन से सम्बंधित जानकारी एवं 18 वर्ष पूरा होने पर उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित कराने का निर्देश दिया गया। साथ सभी स्कूलों में निर्धारित सभी तरह की प्रतियोगिता का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। साथ मतदान केंद्रों में सभी बीएलओ को मतदाताओं के साथ मतदाता दिवस मनाने का निर्देश दिया गया। साथ में बीएलओ को मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने/हटाने एवं अन्य जानकारी भी उन्हें अवश्य रूप से देने का निर्देश दिया गया।इस दिन चुनाव में बेहतरीन कार्य करने वालें बीएलओ को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने कहा कि उल्लेखित गतिविधियों संपन्न कराते हुए कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें। साथ में संबंधित विडियो / फोटो को जिला के विभिन्न सोशल मीडिया में भी अपडेट किया जाएगा।

लापता सगी बहनों के मामले में पुलिस मुस्तैद एसआईटी गठित

रांची। हिंदपीढ़ी के सेंट्रल स्ट्रीट रोड निवासी दोनों बहनों के अपहरण को लेकर हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस ने केस दर्ज किया है। केस दोनों लड़कियों के चाचा की शिकायत पर दर्ज हुआ है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दोनों लड़कियों की तलाश के लिए सिटी एसपी के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया है। एसआइटी में कोतवाली डीएसपी, सिटी डीएसपी के अलावा हिंदपीढ़ी, लोअर बाजार, कोतवाली, बीआइटी, पंडरा, पुंदाग, एससी-एसटी, खरसीदाग ओपी और खेलगांव ओपी प्रभारी को शामिल किया है। एसआइटी की टीम ने मंगल टावर जाकर आधार सेवा केंद्र के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में अंतिम बार दोनों बहनों को वहां देखा गया, लेकिन वहां से फिर दोनों कहां गयी, इसके बारे में सीसीटीवी से कोई सुराग नहीं मिला है। वहीं तकनीकी शाखा की मदद से युवती के मोबाइल नंबर का अंतिम लोकेशन ओरमांझी मिला था।

जनता को समर्पित होगा बजट, प्रदेशवासियों को मिलेगा सीधा लाभ : डॉ इरफान अंसारी

- *सरकारी अस्पतालों का होगा आधुनिकीकरण*
- *तीन वर्ष पुराने कर्मियों-अधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड का आगामी बजट राज्य की जनता को समर्पित होगा। इस बजट में आम जनता, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य की जनता ने बहुत सहा है, अब उन्हें उनका अधिकार और सुविधाएं मिलनी चाहिए। मंत्री ने बताया कि सभी सांसदों एवं विधायकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों पर आधारित सुझाव दें, ताकि बजट को जनहितकारी और प्रभावी बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने झारखंड में लूट की संस्कृति फैलाई थी, जिसे पूरी तरह समाप्त कर प्रदेश में पारदर्शी शासन स्थापित किया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को नेपाल हाउस स्थित सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक अबु इमरान समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक और प्रभावी तरीके से सुधारना है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस कर मल्टी-स्पेशियलिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। हर जिले में कम से कम एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत आवश्यक उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति होगी। स्वस्थ समाज ही समृद्ध राज्य की नींव है। इसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी। हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे। विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ग्रामीण जनता को समय पर उचित इलाज मिल सके।

बैठक में मंत्री ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग में तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मियों एवं पदाधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य होगा। इससे विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी। जो भी स्वास्थ्यकर्मी या अधिकारी ईमानदारी और समर्पण से कार्य करेंगे, उन्हें विभागीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इससे कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और सेवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। मंत्री ने अपर मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि जो भी कर्मचारी या अधिकारी अपने कार्य में लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कोई भी लापरवाही जनता की स्वास्थ्य सेवा में बाधा नहीं बननी चाहिए।

5 एकड़ में लगी फसल को पुलिस ने किया नष्ट, एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस जोर-शोर से अभियान चला रही है। अभियान के दौरान आए दिन चौंकाने वाले मामले सामने आ रहे हैं। अब तो रांची के ग्रामीण इलाकों में भी अफीम तस्करों की गतिविधि बढ़ गई है। इसका खुलासा हुआ है दशम फॉल थाना क्षेत्र के कडरुडीह गांव में छापेमारी के दौरान। पुलिस ने कडरुडीह में करीब 5 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया है। इस मामले में मेघनाथ मुंडा नामक ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया है। जबकि मामले में चार अन्य की खोजबीन जारी है।

दशम थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि कडरुडीह गांव के आसपास के जंगल में करीब 5 एकड़ में अफीम की खेती की गई है। एसएसपी के निर्देश पर ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बुंडू के एसडीओ के नेतृत्व में एक टीम गठन किया। गठित टीम के द्वारा कडरुडीह गांव के आसपास के जंगल क्षेत्र में करीब 5 एकड़ में लगी अफीम की फसल को ट्रैक्टर के जरिए नष्ट कर दिया है। वहीं दशम थाना क्षेत्र के निवासी मेघनाथ मुंडा समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटनास्थल से दो मोटर, दो सिंचाई पंप, 2 एलईडी लाइट और अफीम के कुछ पौधे जब्त किए गए।

डीजीपी के निर्देश पर रांची पुलिस रेस

दरअसल, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अफीम की खेती के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। सिर्फ खूंटी जिला के अलग-अलग इलाकों में अब तक एक हजार से ज्यादा एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट किया गया है। इस मामले में पिछले दिनों सोयको थाना क्षेत्र के रोंगो गांव के ग्राम प्रधान साइमन नाग को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे साफ है कि हर जगह एक सिंडिकेट बनाकर अफीम की खेती करवायी जा रही है।

ब्राउन शुगर कारोबार से जुड़े 3 आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ब्राउन शुगर कारोबार से जुड़े तीन युवक गिरफ्तार हुआ है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए युवराज कुमार, कुंदन वर्मा और सौरभ गुप्ता को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ है।

इन सभी की गिरफ्तारी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से हुई है। कोतवाली डीएसपी ने सोमवार को बताया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मुक्तिधाम पुल के पास अवैध नशीले पदार्थों का खरीद बिक्री होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गये तीनों युवकों के द्वारा स्वयं स्वीकार किया गया कि ब्राउन शुगर को सासाराम के रहने वाली भाभी जी उर्फ रुबी देवी के पास से लेकर रांची में विधानगर सुखदेवनगर, करमटोली, हरमू मैदान, जगन्नाथपुर, हिनु और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बिक्री करने का काम करते हैं।

योगदा सत्संग कॉलेज में एनएसयूआइ और प्राचार्य के बीच हुआ नोंकझोंक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। योगदा सत्संग कॉलेज में सोमवार को एनएसयूआइ के सदस्यों व प्राचार्या के बीच लचर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी देर तक नोंकझोंक हुई। एनएसयूआइ के प्रदेश महासचिव रोहित पांडे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रगति बक्शी से मिलने पहुंचा। कॉलेज में लचर सुरक्षा व्यवस्था पर एनएसयूआइ के सदस्य सवाल उठाने लगे। इस पर प्राचार्या भड़क गईं और सदस्यों से कहा कि यह कॉलेज उनका है। यहां किसी छात्र संगठनों की आवश्यकता नहीं है। प्राचार्या ने एनएसएसयूआइ सदस्यों द्वारा हंगामा किए जाने पर कहा कि वे महिला आयोग में इसकी शिकायत करेंगी। इस पर एनएसयूआइ सदस्यों ने कहा कि वे लोग छात्र हित में सदैव तत्पर हैं और रहेंगे। हंगामा बढ़ता देख कॉलेज के अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। एनएसयूआइ प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि पिछले दिनों कॉलेज परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा हाथ में तलवार लहराते हुए घुस गया, लेकिन कॉलेज प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जबकि कॉलेज में कुल 17 सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। सदस्यों ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व इसी प्रकार की घटना संत जेवियर्स कॉलेज में भी हुई थी, जिसमें एक छात्रा का गला काट कर हत्या कर दी गयी थी। इस तरह की घटना जानने के बावजूद योगदा कॉलेज प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। सदस्यों ने कॉलेज में पुलिस पिकेट बनाने व आसामाजिक तत्वों को चिह्नित करने तथा लापरवाह सुरक्षाकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर साहिल सिंह सोनू, अमन, प्रभात, निरंजन आदि शामिल थे।

राजधानी की शान सरकारी बस स्टैंड कबाड़ खाने में तब्दील

14 एकड़ में फैले सरकारी बस स्टैंड के कब फिरेंगे दिन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची को सुंदर और स्मार्ट रूप देने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन जब राजधानी के रांची स्टेशन रोड स्थित पटेल चौक के पास सरकारी बस डिपो पर नजर डालेंगे तो सब कुछ खोखला नजर आती है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री आते हैं, करीब 100 बसें प्रतिदिन आती-जाती है। लेकिन फिर भी इस बस डिपो की स्थित बद से भी बदतर है। प्रवेश द्वार की बात करें तो वह प्रवेश द्वार कम और नाला ज्यादा लगता है। बरसात के दिनों में पूरा बस स्टैंड कीचड़ में तब्दील हो जाता है।

यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड में काम करने वाले लोगों का कहना है कि सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है। शौचालय तो बना है, लेकिन उसमें हमेशा पानी की समस्या रहती है। कई बार तो लोग बोतल का पानी खरीद के जहां तहां शौच कर देते है। यहां प्रति बस प्रति ट्रिप 150 रुपए सरकारी खजाने में जाता है।

सरकारी बस स्टैंड का भवन जर्जर :बस स्टैंड की हालत कई वर्षों से जर्जर है। यहां ना तो मुफ्त शौचालय, ना पेयजल और ना ही यात्रियों को ठहरने की कोई सुविधा उपलब्ध है। वर्षों पहले एक भवन बनाया गया था जो आज जर्जर है। जहां बैठने से भी यात्री घबराते हैं। रात्रि के समय डीटीओ की ओर से चार गार्ड तैनात किए गए हैं। लेकिन वे अच्छे से अपनी ड्यूटी नहीं करते हैं।

वहीं बस स्टेंड के प्रवेश द्वार पर नाली का पानी चारों तरफ फैला रहता है। बस स्टैंड के मैनेजर ने बताया नगर निगम को प्रतिदिन कॉल किया जाता है लेकिन कोई उठाता ही नहीं है। जर्जर भवन के कारण टिकट काउंटर पर टिकट बेचने वालों की भी जान जोखिम में है। रात्रि के समय लाइट नहीं जलता। निगम द्वारा लगाई गई सारी लाइटें खराब है। जिस पर किसी की नजर नहीं है।

शहर के बीचोबीच बन सकता है अच्छा बस स्टैंड

करोड़ों का कबाड़ और 25 सालों की उपेक्षा

क्या कहते हैं दुकानदार

सरकारी बस स्टैंड में बरसों से दुकान का संचालन कर रहे संचालकों ने भी राजधानी की धरोहर की लचर व्यस्था पर नाराजगी जाहिर की। 44 वर्षों से दुकान का संचालन कर रहे बिन्देश्वर राय ने कहा- झारखंड राज्य की राजधानी, राजधानी जैसी नहीं रही। उन्होंने कहा 44 वर्ष से यहां दुकान का संचालन कर रहे हैं झारखंड अलग होने के पहले बस स्टैंड वास्तव में राजधानी की धरोहर थी। आज इस धरोहर की लचर हालत देख कर काफी तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि बिहार- झारखंड का विभाजन होने से पहले जब बिहार सरकार के अंतर्गत यह बस स्टैंड था तो सरकारी बसें चलती थी। यहां से बसें ओड़िशा, यूपी, बंगाल और अन्य राज्यों में चला करती थी। दुसरे राज्यों से लोग भी यहां आया करते थे। उस वक्त बस स्टैंड की हालत देख कर हर कोई तारीफ करता था। बस स्टैंड में बनी सरकारी इमारतें जिसमें मुसाफिर ठहरते थे। लेकिन झारखंड बनाने के बाद से झारखंड की अमानत को बर्बाद कर दिया गया। खरबों की संपति झारखंड को मिली लेकिन सरकारी बसें चलाने की बजाए निजी बसें चलवा कर सरकार ने भी पल्ला झाड लिया। उन्होंने कहा सरकारी बस स्टैंड को पहले की तरह बनाया जाना चाहिए। सरकारी कोटे में जितना फंड स्टैंड से आता है उतना ही काफी होगा सौन्दर्यकरण के लिए।

दूसरे राज्यों से आए यात्री स्टैंड की स्थिति को देखकर करते हैं शिकायत

बस स्टैंड में दुकान संचालक इंदर राय ने कहा कि 1977 में बस स्टैंड चकाचक थी। मुसाफिरों के ठहरने के लिए सुलभ व्यस्था थी। जिस कारण दूसरे राज्यों से आए लोगों को किसी निजी होटल में नहीं जाना पड़ता था सरकारी भवन में ठहरते थे। लेकिन आज यहां की हालत ऐसी है कि मुसाफिर शिकायत करके जाते हैं। दूसरे राज्यों की तुलना में झारखंड की राजधानी में स्थित यह बस स्टैंड सिर्फ खामियों का अड्डा रह गया है। इन्दर राय ने कहा- सरकार की लापरवाही से राजधानी की धरोहर पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार के साथ साथ स्थानीय नेता और संबंधित मंत्री सहित अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए।

दुकानदारों की बिक्री पर भी पड़ा है असर

सरकारी बस स्टैंड की खराब हालत के कारण यहां यात्री अब ठहरते नहीं हैं। पहले दुकानें 24 घंटे खुली रहती थी लेकिन अब वो बात नहीं रही। दुकानदार सालाना तरीके से दुकान का भाड़ा देते हैं लेकिन उन रुपयों का भी इस्तेमाल बस स्टैंड के देखभाल में नहीं किया जाता है। दुकानदारों ने कहा ना पहले की तरह रौनक है ना ही बिक्री है।

क्या कहते हैं डीटीओ

रांची डीटीओ अखिलेश कुमार ने बस स्टैंड में सड़ रहे सरकारी बसों पर कहा- पुरानी गाड़ियों पर विचार किया जा रहा। वहीं चल रही करीब 100 बसें निजी तरीके से चलाई जा रही जिस पर डीटीओ ने कहा- बीएसआरटीसी के कुछ कर्मी हैं जिनके द्वारा बसों से निर्धारित रुपए वसूले जाते हैं जो की सरकारी कोटे में जाता है। बस स्टैंड पर 4 सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं जिन्हें उसी वसूले गए फंड में से तनख्वाह दी जाती है। शेष राशी सरकारी कोटे में सुरक्षित रख दिया जाता है। बस स्टैंड की लचर व्यस्था पर पूछे जाने पर डीटीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि बस स्टैंड का निरीक्षण कर बीते वर्ष रिपोर्ट तैयार कर परिवहन विभाग को सौंपा गया था जिस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

मंत्री ने नहीं की कोई टिप्पणी

राजधानी शहर के बीचोबीच सरकारी बस स्टैंड जर्जर हालत में है। इस विषय पर कुछ दिनों पहले मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा था जल्द बस स्टैंड को पहले की तरह बनाया जाएगा। लेकिन बस स्टैंड की हालत देखने अब तक कोई नहीं गया। मंत्री से राष्ट्रीय नवीन मेल के द्वारा सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन मंत्री ने किसी तरह की कोई टिप्पणी नहीं दिया। हालांकि दुकानदारों के अनुसार बस स्टैंड पर इतने वर्षों में ना ही सरकार के कोई प्रतिनिधि गए और ना ही अधिकारियों ने कभी हाल लिए।

12 कॉलेजों के पाठ्यक्रमों का संबद्धता दीर्घीकरण किया गया

रांची। रांची विश्वविद्यालय के संबद्धता व नव पाठ्यक्रम संबंधन समिति की बैठक सोमवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। इसमें विश्वविद्यालय के संबद्धता प्राप्त 12 कॉलेज के विभिन्न पाठ्यक्रमों को वर्ष 2031 तक के लिए संबंधन दीर्घीकरण प्रदान किया गया। इसके तहत डुमरी कॉलेज गुमला, संत पॉल्स कॉलेज रांची, आरटीसी कॉलेज, संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा, सिल्ली कॉलेज, यूकेएस कॉलेज डकरा, एसके बागे कॉलेज, संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज, योगदा सत्संग कॉलेज, निर्मला कॉलेज और बिरसा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च खूंटी के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संबंधन

महोत्सव में पतंग बनाने का मिला प्रशिक्षण

रांची। झारखंड पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित पतंग महोत्सव के दूसरे दिन बच्चों को पतंग बनाने का वर्कशॉप हुआ। वर्कशॉप में सोमवार को काफी संख्या में बच्चे पहुंचे। इस दौरान पतंगों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया।

नमो पतंग उत्सव मनाया गया

आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए पतंग उत्सव मनाते हैं : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से सोमवार को ओटीसी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग उत्सव मनाया गया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इसकी शुरूआत की। मौके पर लोगों ने खूब पतंग उड़ाया। संजय सेठ ने कहा हिंदू भारतीय संस्कृति में आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए हम आज भी पतंग उत्सव, मकर संक्रांति, लोहड़ी, टुसू सहित अन्य त्योहारों को बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। पतंग की उड़ान के संग हम चाहते हैं कि आज देश के युवा भी अपनी प्रगति पर ऐसी उड़ानों के साथ देश और समाज का भविष्य तय करें।

पतंग और धागे का भी वितरण किया राज्य मंत्री संजय सेठ ने नमो पतंग, लटेर और धागे का युवाओं और बच्चों के बीच वितरण किया। साथ ही उन्होंने पतंग भी उड़ाया। मौके पर महिलाओ ओर बुजुर्गों को कंबल भी दिया गया। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 2006 से समिति द्वारा किया जा रहा है जो निरंतर आज तक चल रहा है। समिति द्वारा लोगों के बीच नमो पतंग का भी वितरण किया साथ ही जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण किया गया।

● ये रहे मौजूद

रवींद्र मोदी, पुनीत पोद्दार, अमरेंद्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, कमलजीत सिंह शंटी, अमित चौधरी, मनीष लोढ़ा, संतोष सेठ, नीतू सिंह, पूनम आनंद, सुबेश पांडे, नीलम चौधरी नीरज चौधरी ,सोनू भारद्वाज, सुबेश पांडे, कुमुद झा, संजय गोयल, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, बैजू सोनी, विकास कुमार, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, विषम सिंह, विजय ओझा, ओम प्रकाश, राजीव वर्मा, रमेन्द्र कुमार, नरेंद्र लखोटिया, किशन साबू, प्रदीप राजगढ़िया, संजीव साहू सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

मकर संक्रांति आज, तिल की सोंधी खुशबू से महका बाजार

रांची। शिशिर ऋतु की शुरूआत का पुण्य उत्सव मकर संक्रांति मंगलवार को है। पुण्य की कामना और देव कृपा के लिए लोग सुबह में स्नान-ध्यान और दान में शामिल होंगे। मौसम और प्रकृति का यह उत्सव हर जगह मनाया जाएगा। राजधानी के आसपास की नदियों और तालाब में भी बड़ी संख्या में लोग स्नान कर परम्परा का निर्वाह करेंगे। जो नदियों में स्नान के लिए नहीं जा सकेंगे, वे घरों पर ही पानी में गंगाजल मिला कर पुण्य की कामना करेंगे। शहर के प्रमुख मंदिरों श्री जगन्नाथ मंदिर, पहाड़ी मंदिर, काली मंदिर, संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर, साईं दरबार, पुंदाग साईं मंदिर, श्री लक्ष्मीपति वेंकटेश्वर मंदिर में श्रद्धालु विशेष पूजा अनुष्ठान में शामिल होंगे। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धा से दान करेंगे और जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएंगे। दही-चूड़ा के साथ तिलकुट और तिल से बने व्यंजनों के अलावा खिचड़ी खायी जाएगी और फिर दिनभर लोग कुनकुनी धूप का आनंद लेंगे।

एसएस मेमोरियल कॉलेज में युवा दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। एसएस मेमोरियल कॉलेज में युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विषय प्रवेश व युवा दिवस मनाने का उद्देश्य पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ समर सिंह ने स्वामी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं स्वामी जी के कई प्रेरणा दायक बातों को स्मरण कराते हुए कहा कि एक गुरु के सानिध्य में ही नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद बने यानी सदा, नीर और विवेक शील विवेकानंद बने। इस लिए प्रत्येक युवा भी अपने आदर्श गुरु के सानिध्य में आगे बढ़ें। वहीं मुख्यवक्ता के तौर पर परमार जी ने सनातन संस्कृति के वाहक, अध्यात्म के प्रणेता, युवाओं के प्रेरणा पुंज स्वामी विवेकानंद जी

के विचारों को विस्तार से बताए। उन्होंने कहा कि आज हम युवा दिवस पर तीन शब्द को समझें व जाने पहला राष्ट्र, दूसरा युवा व तीसरा विवेकानंद। प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा कि अध्यात्म व युवाओं के प्रेरणा श्रोत रहे स्वामी विवेकानंद जी के ज्ञान,कर्म,व्यवहार,संस्कार व आदर्श को आज के युवाओं को अपनाना चाहिए।

आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पवित्रम सेवा परिवार के तत्वाधान में आयोजित 6 दिवसीय पूर्ण आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन धनबाद में हुआ। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि झारखंड में पहली बार आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर का शुभारंभ 7 जनवरी को हुआ था। इस शिविर में देश के विभिन्न स्थानों से कई प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों तथा चिकित्सकों की टीम ने 60 महिलाओं एवं पुरुषों का उपचार किया। शिविर का मुख्य मार्गदर्शन पुण्य तीर्थ आंवल खेड़ा,मथुरा गायत्री परिवार के देख- रेख मे हुआ। इस 6 दिवसीय आवासीय उपचार शिविर का उद्देश्य आहार,

जीवन शैली को ठीक करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा शैलियों के माध्यम से शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ करना तथा प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का उपचार किया गया। शिविर में प्रतिदिन निःशुल्क ओपीडी की भी व्यवस्था की थी। तथा लोगों को प्रतिदिन निःशुल्क बीपी, शुगर, तथा अन्य जांच की गई। शिविर के प्रेरणा के मुख्य स्रोत संस्था के संयोजक अजय भरतिया थे। शिविर में धनबाद, बोकारो, रांची, जमशेदपुर, झारखंड के अन्य जिलों के अलावे कोलकाता, आसनसोल दुगार्पुर, चंडीगढ़ से उपचार के लिए आये लोगों ने 6 दिनों तक प्राकृतिक उपचार होने के बाद लोग बहुत संतुष्ट हुए तथा इस उपचार को बेहद लाभदायक बताया। सभी को घरों में निरंतर अपने से उपचार करने हेतु उपकरणों का एक किट का सेट दिया गया। संजय सर्राफ ने बताया कि इस तरह के शिविर से लोगों मे आरोग्य के प्रति जागरूकता पैदा करेगा, पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई महीनो से अपने आरोग्य अभियान के माध्यम से स्कूलों व कालेजों मे भी बच्चों को खान- पान एवं दिनचर्या को ठीक करते आरोग्य के प्रति जागरूक कर रहा है। आने वाले दिनों इस तरह की शिविर झारखंड के अन्य शहरों में भी कराने की योजना है।

शिविर का उद्घाटन सांसद ढुल्लू महतो ने किया था तथा समापन के मुख्य अतिथि विधायक राज सिन्हा थे। शिविर में कई विशिष्ट लोग बीसीसीएल के डायरेक्टर संजय सिंह, डॉ.ओम प्रकाश अग्रवाल, अजय भरतिया, अशोक दुबे, किरण सिन्हा, सीमा मित्तल, आलोक डोकानियां, बिंदेश्वरी प्रसाद, पवित्रम मातृशक्ति की बहनों के अलावा कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

लंबित वेतन भुगतान को लेकर बाह्य स्रोत कर्मियों ने निदेशक कार्यालय का किया घेराव

निदेशक ने जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। लंबित वेतन के भुगतान की मांग को लेकर सन फैसिलिटी द्वारा नियुक्त कई बाह्य स्रोत कर्मियों ने निदेशक कार्यालय का घेराव किया। रिम्स निदेशक के सख्त आदेश के बावजूद इस तरह की समस्याओं के उत्पन्न होने पर निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने नाराजगी जताई। शनिवार को उनके समक्ष संबंधित फाइल प्रस्तुत की गयी थी जिस पर उन्होंने त्वरित भुगतान करने के निर्देश देते हुए विलम्ब के कारणों की जांच के आदेश दिए हैं। जांच कमेटी 10 दिन में रिपोर्ट समर्पित करेगी। गौरतलब है कि कार्यालय के सुगम संचालन एवं संचिका के त्वरित गति से निष्पादन हेतु संचिकाओं का वर्गीकरण कर मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। साथ ही निदेशक ने डॉ. पंकज बोदरा की अध्यक्षता में एक कमेटी का भी गठन किया है जो बाह्य स्रोत कर्मियों की फाइलों में अनियमितताओं और देरी की जांच करेगी ताकि पारदर्शिता से सभी को ससमय भुगतान किया जा सके। ज्ञात हो कि रिम्स द्वारा सन फैसिलिटी को अक्टूबर 2024 तक के बिल का भुगतान किया जा चुका है एवं उनके द्वारा नवंबर 2024 का बिल पिछले हफ्ते प्रस्तुत किया गया है। जबकि सन फैसिलिटी द्वारा अपने कर्मियों का पिछले 5 महीने से वेतन लंबित रखा गया है।

प्रो राजकुमार ने कहा है कि, हमारे संज्ञान में यह भी आया है कि ठेकेदार मासिक तौर पर बिल जमा नहीं कर रहे हैं, देर से या 2-3 महीने का बिल एक साथ जमा करते हैं। ठेकेदारों को इस समझ के साथ आउटसोर्स कार्यों के लिए सूचीबद्ध किया जाता है कि वह अपने कर्मचारियों को मासिक वेतन समय पर प्रदान करेंगे, न कि बिलों को जमा कर के एक साथ प्रसंस्करण के लिए भेजें पर ऐसा नहीं किया जा रहा है।

वन उत्पादकता संस्थान में चार दिनी वनरक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

रांची। नगड़ी के लालगुटवा स्थित वन उत्पादकता संस्थान में सोमवार को चार दिनी झारखंड राज्य वन विभाग के वनरक्षियों का शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडेय और अन्य सह अतिथियों ने दीप जलाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रशिक्षण के पहले दिन संस्थान के डॉ योगेश्वर मिश्र ने अपने स्वागत भाषण में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जलवायु संरक्षण के लिए संस्थान से प्रशिक्षित होकर काम करने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडेय ने वनरक्षियों द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

लायंस समर्पण ने ग्रामीणों के साथ मनाई मकर संक्रांति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ समर्पण कि ओर से कांके रोड स्थित पतरा गोंदा गांव में ग्रामीणों के बीच मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों के बीच तिल, चूड़ा, बिस्किट, लड्डू और गुड़ का वितरण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ समर्पण के सदस्यों ने सभी को मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। साथ ही सुख - शांति व समृद्धि की कामना की। सभी ने कहा कि हमारे देश के विभिन्न हिस्सों में मकर संक्रांति त्योहार को फसलों का त्योहार,पोंगल और बिहू का त्योहार मनाई जाती है। यह सांस्कृतिक पर्व सर्दियों के अंत और लम्बे दिनों की शुरूआत का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ समर्पण कि अध्यक्ष सीमा सिंह, उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, फाउंडर सुमिता बेदी शिवप्रिया सिंह आदि मौजूद थे।

योगाचार्य महेश पाल को मिला अवार्ड

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय योग महासंघ द्वारा नई दिल्ली में स्वामी विवेकानंद की 162 वी जयंती मनाई गई। वहीं राष्ट्रीय स्वामी विवेकानंद योग यूथ आइकॉन अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज ऋषि वेदमूर्तिआचार्य थे। मौके पर योगाचार्य महेश पाल को राष्ट्रीय सम्मान 2025 का स्वामी विवेकानंद योग यूथ आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। योगाचार्य महेश पाल द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 562 सूर्य नमस्कार लगाकर स्वामी विवेकानंद जी को समर्पित किए। इससे पहले भी योगाचार्य 21000 सूर्य नमस्कार पूर्ण कर चुके हैं। योगाचार्य बच्चों युवाओं व समाज में योग सूर्य नमस्कार व स्वास्थ के प्रति लोगों में जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। योग शिविरों के माध्यम से, योग विषय पर लेखन कार्य से, योगासन प्रतियोगिता में नेशनल स्तर पर जज के रूप में कार्य से, उच्च विचार व उनको उच्च संस्कारों से अवगत कराकर उन्हे स्वास्थ के लिए जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

कोहरा और बादलों के छाए रहने की संभावना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में ठंड का सितम जारी है। हालांकि, राजधानी रांची में सोमवार सुबह कोहरे के धुंध के साथ बादलों की लुका-छिपी की स्थिति रही। फिलहाल, 13 से 18 जनवरी तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया

गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

आज / कल

सीसीएल का 'ड्राफ्टिंग ऑफ चार्जशीट' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

आरोप पत्र न्यायपूर्ण और पारदर्शी निर्णय लेने की प्रक्रिया है : पंकज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सतर्कता विभाग द्वारा सोमवार को 'ड्राफ्टिंग ऑफ चार्जशीट' विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीसीएल, सीएमपीडीआई और एनसीएल के सतर्कता अधिकारियों के कौशल को उन्नत करना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एलएन मिश्रा, पूर्व निदेशक (कार्मिक), एमसीएल ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। श्री मिश्रा ने विषय से संबंधित व्यावहारिक

अनुभवों और प्रक्रियाओं को साझा किया, जिससे अधिकारियों को आरोप पत्र तैयार करने की प्रक्रिया को गहराई से समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में सीसीएल, सीएमपीडीआई और एनसीएल के सतर्कता विभागों से कुल 37 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को आरोप पत्र तैयार करने में उपयोग होने वाले विधिक प्रावधानों, प्रक्रियाओं और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आरोप पत्र न केवल अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह न्यायपूर्ण और पारदर्शी निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार भी है। सतर्कता अधिकारियों को इस विषय में दक्षता प्राप्त करने से संस्थान की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने प्रशिक्षक के साथ संवादात्मक सत्रों में भाग लिया और अपने अनुभवों और मुद्दों को साझा किया। श्री मिश्रा ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके संदेहों को दूर किया और इस महत्वपूर्ण विषय पर उनके ज्ञान को और समृद्ध किया। सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक साबित हुआ। कार्यक्रम ने उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन करने में अधिक पारदर्शिता और कुशलता सुनिश्चित करने का मार्गदर्शन प्रदान किया।

न्यूज बॉक्स

हरिकनक क्लब ने मेल्विन जॉन्स का जन्म दिवस मनाया

रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर द्वारा,लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जॉन्स का जन्मदिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रथम चरण में बच्चों के बीच टॉफी,बिस्किट,पाठ्य सामग्री एवं दूसरे चरण मे स्वेटर, टोपी इत्यादि गर्म वस्त्र जरूरतमंद लोगों के बीच का वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिकनक क्लब के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया, सचिव लायन अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष लायन अंकित सराफ , प्रशासक सह रीजन चेयरपर्सन लायन प्रेम शंकर मिश्रा, मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा,लायन प्रशांत कुमार,लायन साकेत अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

एसजीएम कॉलेज में मनी विवेकानंद जयंती

रांची। संजय गांधी मेमोरियल महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट 2 और 3 के तत्वाधान में सोमवार को विवेकानंद की जयंती मनाई गई। स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर पुष्पार्घ और द्वीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पम्पा सेन विश्वास ने कहा कि 'उतिष्टत जाग्रत प्राप्य बरान निबोध' उद्घोष के साथ कहा तब तक आगे बढ़ते रहो जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लो। स्वामी विवेकानंद युवाओं के कर्णधार है। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने कहा की स्वामी विवेकानंद कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे। वे कहा करते थे कि अगर देश के नौजवानों को सुशिक्षित, संस्कारी, ज्ञानी, विद्वान बनाएं तो देश अपने आप ही आगे बढ़ेगा। डॉ सुखदेव साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के नाम में ही संपूर्ण विश्व का ज्ञान छुपा हुआ है। साथ ही एक नागपुरी गीत भी प्रस्तुत किया । धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी अरुण सौमित्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद नवयुवकों के आइकॉन रहे उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने से समाज बहुत आगे बढ़ेगा।

पौष पूर्णिमा में श्रीमन्नारायण की पूजा करने से कामनाएं पूर्ण होती है

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में स्नान- दान व्रत की पौषी पूर्णिमा तिथि में सौभाग्य की वृद्धि और मंगल प्राप्ति के लिए भगवान श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर को सर्वौषधियुक्त जल से स्नान कराया। पश्चात नूतन वस्त्र, दिव्य आभूषण, यज्ञोपवित, किरीट आदि धारण कराकर , मांगलिक द्रव्यों से युक्त गंगाजल, तुलसी, पुष्प, कुमकुम आदि से भगवान का षोडषोपचार पूजन हुआ। फिर नमस्कार करके गंध आदि उपचारों द्वारा उनकी बारंबार पूजा की गयी। लक्ष्मीजी की प्रीति बढ़ाने वाले और दरिद्रता का नाश करने वाले इस व्रत को करके मनुष्य इहलोक और परलोक में आनंद भोगता है । इसलिए लक्ष्मी जी की प्रीति के लिए कनकधारा स्तोत्र, श्रीसूक्त का पारायण, श्रीस्तुति, भूस्तुति, गोदास्तुति आदि अनेक स्तोत्रों से लक्ष्मी जी का स्तवन किया गया। फिर भगवान श्रीवेंकटेश सहित लक्ष्मीजी की क्रमबद्ध तरीके से भांति- भांति प्रकार से पूजा- अर्चना निवेदन कर नैवेद्य निवेदन हुआ, महाआरती और पुनः पूजोपचार के बाद वैदिक ऋचाएँ और देशिक स्तोत्राणि से स्तवन हुआ। आज के एक समय का भोग प्रदीप - सुनीता मोदी की ओर से निवेदित की गयी।

तसर रेशम उत्पादन पर जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ एनबी चौधरी

रांची। ओडिशा के सुकिंदा जाजपुर में तसर रेशम उत्पादन पर मेगा जागरूकता कार्यक्रम एवं जीआई कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें केरेबो केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने भाग लिया एवं तसर प्रौद्योगिकी पर चर्चा किया। संस्थान ने इस जागरूकता कार्यक्रम में तसर भौगोलिक संकेत (जीआई) कार्यशाला में उपस्थित होकर तसर प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया । अपर निदेशक (रेशम) सूर्य नारायण पटनायक ने स्वागत भाषण दिया । कार्यशाला के मुख्य अतिथि ओडिशा के सहकारी, हथकरघा व हस्तशिल्प मंत्री प्रदीप बाल सामंता थे। उन्होंने सुकिंदा क्लस्टर की विशेषता और तसर रेशमउत्पादन के विकास के लिए अपेक्षित पहलुओं पर प्रकाश डाला। केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशक्षिण संस्थान रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ तसर विकास के लिए अपेक्षित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। वहीं तसर रेशम उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र का विकास एवं पारिस्थितिक लाभ पर प्रकाश डाला।

विकसित भारत के प्रति युवाओं के विचार विषय पर भाषण प्रतियोगिता

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की एनएसएस यूनिट, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स, स्नेहकुल पब्लिक हाई स्कूल, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग, संतोष इंटर कॉलेज एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय थाः विकसित भारत के प्रति युवाओं के विचार। विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि युवा देश को सही दिशा दे सकते हैं। कौशल एवं संसाधन युक्त युवा राष्ट्र का निर्माता है। कला, विज्ञान, शोध, नवाचार, उद्यमशीलता आदि क्षेत्रों में युवाओं के द्वारा सराहनीय कार्य करके राष्ट्र को विकसित बनाया जा सकता है। प्रथम स्थान नर्सिंग के छात्र स्वर्णिम प्रभात एवं द्वितीय स्थान बीएड की छात्रा शिवानी को प्राप्त हुआ।

मकर संक्रांति पर सजा तिलकुट का बाजार

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
मकर संक्रांति त्योहार को लेकर खलारी कोयलांचल में तिलकुट का बाजार सज गया है। इस वर्ष 14 जनवरी मंगलवार को ही यह त्योहार मनाया जा रहा है। खलारी के कई दुकानों में पिछले 15 दिनों से बाहर से आए कारीगर तिलकुट बना रहे हैं। चौक चौराहों व फुटपाथ पर सजी दुकानों के अलावा क्षेत्र के होटल व राशन दुकानों में भी तिलकुट की कई किस्मों की बिक्री की जा रही है। स्थानीय स्तर तिलकुट बन ही रहा है, गया से भी मंगवाकर तिलकुट बेचा जा रहा है। खलारी शहीद चौक स्थित तिलकुट निमार्ता व विक्रेता राजेश केशरी पूरे साल तिलकुट बनाते व बेचते हैं। ये खुदरा के अलावा थोक विक्रेता भी हैं। बताया कि उनके पास गया से आए कारीगर तिलकुट बना रहे हैं। राजेश ने बताया कि वे सबसे महंगा खोवा युक्त तिलकुट 400 रूपए किलो बेच रहे है। इसके अलावा चीनी व गुड़ का तिलकुट 200 से 300 रूपए किलो तक बिक रहा है। खलारी थाना चौक स्थित साधु तिलकुट भंडार के संचालक विष्णुशंकर गुप्ता ने बताया कि वे तिलकुट 300 से 600 रुपए किलो, तिल लड्डू 400 रुपए, मटका दही 200 रुपए, गजक 400 रुपए किलो बेच रहे हैं। वहीं अन्य दुकानों में 260 से लेकर 400 के बीच के भाव का तिलकुट उपलब्ध है। एक आंकड़ा के अनुसार खलारी में लगभग 14 क्विंटल तिल का तिलकुट बनाया गया है। इसके अलावा रांची व गया से तिलकुट मंगाकर बेचा जा रहा है। राशन दुकानदार लोकनाथ अग्रवाल ने बताया कि इस मकर संक्रांति में चीनी 45 रूपए किलो, गुड़ 50 रूपए, चुड़ा 40 रूपए से लेकर 75 रूपए किलो तक बिक्री किया जा रहा है।

युवाओं के लिए प्रेरक थे स्वामी विवेकानंद, करकट्टा में मनी जयंती

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। शुरूआत डीपीएस रांची से आए गौरी गणेश व प्रधानाचार्य शालीग्राम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। उसके बाद उपस्थित लोगों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्र-छात्राओं ने समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद के बारे में अपना-अपना विचार प्रस्तुत किया। कहा कि वास्तव में स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरक थे। उनकी बातें आज हम युवाओं को आगे बढ़ने में मदद कर रही हैं। वरिष्ठ शिक्षक पुरुषोत्तम सिंह एवं वरिष्ठ शिक्षिका पूनम ने स्वामी जी के बारे में विस्तृत रूप से अपना विचार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर विद्यालय के आचार्य संजीव सिंह, उमेश कुमार, गोविंद चौहान, विक्रम पांडेय, दिलीप शर्मा, पूनम पाठक, नूतन सिंह, बसंती कुमारी, अश्विनी सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

न्यूज | बॉक्स

एनसीसी कैडेट्स ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

मांडर। मांडर महाविद्यालय के एन सी सी कैडेट्स के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोसई के बीआरखो दह में पुनित सागर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर मांडर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कुमार आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव के द्वारा स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कैडेट्स से आहवान किया कि वे अपने अंदर की प्रतिभा पहचानें और स्वामी विवेकानंद्र के पदचिन्हों पर चलते हुए अपने जीवन में आगे बढ़े। उसके बाद कैडेट्स बीआरखोह के दह के चारों ओर साफ- सफाई किया। मौके पर एन सी सी अधिकारी डॉ. अनसेलम मिन, डॉ. बुद्ध उरांव, डॉ० के० पी. शाही, डॉ० भारती खारखा, प्रोः सोमरा उरांव, अजीत एक्का ,निखिल सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

चार एकड़ में लगे अफीम की खेती को सिल्ली थाना पुलिस ने किया नष्ट

सिल्ली । वरिय पुलिस उपाध्यक्ष अनुज उरांव के आदेशानुसार सिल्ली थाना प्रभारी के नेतृत्व में बसंतपुर गांव राढू नदी के समीप चार एकड़ जमीन पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि गुप्त सूचना के अनुसार चार एकड़ में अफीम की खेती की जा रही थी। सिल्ली थाना दलबल के साथ बसंतपुर गांव राढू नदी के समीप पहुंची और अफीम की खेती को ट्रैक्टर चला कर उसे नष्ट किया गया। इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है।

जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबलों का वितरण

चान्हो। चान्हों पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने रविवार और सोमवार को चान्हों क्षेत्र गांव में 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। आदिल अजीम ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया कंबल पर्याप्त नही होता है। इसलिए अपने स्तर से जहां भी जरूरत होती है कंबल उपलब्ध कराते है। सरकारी योजनाओं का लाभ बेरोजगार युवकों को मिलना चाहिए। विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित होना जरूरी है। आदिल अजीम ने कहा कि जिन्हें वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है। मेरा एक ही उद्देश्य है हमारे क्षेत्र के किसी को भी कोई तकलीफ न हो।

उप प्रमुख अमानत अंसारी ने कंबल का किया वितरण

मांडर। सोमवार को उप प्रमुख अमानत अंसारी ने मुड़मा पंचायत के ग्राम करकरा में बढ़ते ठंड के प्रकोप से बचने के लिए गरीबों, असहायों, वृद्धों व जरूरतमंदो के बिच कंबल का वितरण किया ताकि, ठंड से अपनी बचाव कर पाएं। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशियां देखी गई और सभी लोगों ने उप प्रमुख अमानत अंसारी का आभार व्यक्त किया। मौके पर उन्होंने ने कहा कि गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है। और सभी गरीबों, असहायों, वृद्धों व जरूरतमंदो को अस्वस्त किया कि आगे भी इसी तरह का मदद करते रहेंगे। कुहासा और तेज हवा चलने के बाद ठंड का प्रकोप और अधिक बढ़ गया है। तेज ठंडी हवा से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। शाम होते ही लोग अपनेझअपने घरों में दुबक जाते हैं। इस सर्दी में गरीबों की मदद बहुत जरूरी है।

एसीसी उच्च विद्यालय में शौक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को मिला कंबल

खलारी। खलारी सीमेंट लिमिटेड के सौजन्य से एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अतिथि जिला कांग्रेस महामंत्री राजेशसिंह मिंटू द्वारा एसीसी उच्च विद्यालय व एसीसी पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं व गैर शिक्षण कर्मचारियों को कंबल प्रदान किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व गैर शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे।

उर्दू पत्रकार खुर्शीद परवेज की याद में शोक सभा का आयोजन

इटकी। इटकी गुलजार रोड स्थित अहयान मंजिल में अलहाज सफदर इमाम वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय खुर्शीद प्रवेज सिद्दीकी की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर डॉक्टर मजहर इमाम ने की। उन्होंने उनका जीवन परिचय देते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके बलिदानों का जिक्र किया। श्री इमाम ने कहा कि वह 64 वर्षों तक लगातार और जिंदगी की आखिरी सांस तक पत्रकारिता की सेवा सच्चे भाव से करते रहे और झारखंड में उर्दू पत्रकारिता को नई बुलंदी तक पहुंचा। उन्होंने अलहाज सफदर इमाम वेलफेयर सोसाइटी का परिचय देते हुए बताया कि सोसाइटी का उद्देश्य शिक्षा, चिकित्सा और गरीबी उन्मूलन सहित अन्य क्षेत्र में कार्य किया जाना है। मौके पर मौलाना मंजूर अहमद कासमी, हाजी मुस्ताक अहमद, अंजुम जमाल, हाजी अली हसन समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके जीवन और संघर्ष के विषय में जानकारी दिए। कार्यक्रम का संचालन शहाब हमजा ने किया जबकि मंजूर कासमी द्वारा दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर इम्तियाज अहमद, खुर्शीद आलम, जुबेर अहमद, महताब आलम, इश्तियाक अंसारी, अयूब काशमी, जीशान अल्तमश समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने कराया भव्य पुनर्निर्माण

आस्था का केंद्र है प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
खलारी का प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था का बड़ा केंद्र है। पहाड़ी मंदिर में विराजमान बजरंग बली की महिमा तो अपरंपार है ही, इस मंदिर का वर्तमान स्वरूप भी लोगों को आकर्षित करता है। पहाड़ी मंदिर में बजरंग बली के अलावा शिव परिवार व मां दुर्गा की प्रतिमा भी स्थापित है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने अपने अथक मेहनत, लगन और खलारी के लोगों के सहयोग से इस मंदिर को यह भव्य रूप प्रदान किया है। मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण का इस वर्ष तेइसवां वर्षगांठ है। करीब आठ दशक पूर्व खलारी स्थित एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के कामगारों ने कंपनी के सहयोग से इस मंदिर का आरंभिक निर्माण कराया था। 40 के दशक में मंदिर निर्माण को लेकर एक कहानी प्रचलित है। कहा जाता है कि सीमेंट कारखाना के चूना पत्थर खदान तक रेल लाइन बिछाने के क्रम में जमीन के अंदर से एक बड़े पत्थर पर बजरंग बली का आकृति मिली थी। मंदिर में आज बजरंग बली की उसी आकृति की पूजा होती है। पहाड़ी मंदिर खलारी की खास बात यह है कि जो कोई इस मंदिर में आया, यहां के बजरंगबली का मुरीद हो गया। खलारी में रह चुके अनेक लोग आज देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों में बसे हुए हैं। बजरंगबली के भक्त देश-दुनिया किसी भी कोने से मन्नत मांग लेते हैं। लेकिन मन्नत पूरी होने पर खलारी आकर बजरंग बली को नारियल चढ़ाना नहीं भूलते।

खलारी पहाड़ी मंदिर पुनर्निर्माण के तेइसवीं वर्षगांठ पर खिचड़ी भंडारा आज

खलारी।मंगलवार को खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के पुनर्निर्माण का तेइसवी वर्षगांठ मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित खिचड़ी भंडारा की तैयारी पूरी हो गई है। मंदिर को विद्युत लड़ियों से सजाया गया है। शनिवार सुबह से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू हो गया है जिसका समापन रविवार सुबह होगा। भगवान को भोग लगाने के पश्चात सुबह 10.30 बजे से भंडारा शुरू हो जाएगा। दिन में 11 बजे से भक्ति जागरण होगा। इस बड़ी तैयारी के लिए चावल, दाल व हरी सब्जियों की खेप आ चुकी है। एक दर्जन से अधिक चुल्हे बनाए गए हैं। पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने लोगों से अपील किया है कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए 14 जनवरी को मंदिर परिसर में प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करें, साथ ही मंदिर परिसर की साफ सफाई का ख्याल रखें।

पंचायत भवन में विशेष कृषि कैंप का आयोजन

चान्हो। प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में सोमवार को विशेष कृषि कैंप का आयोजन किया गया। यह कैम्प कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निदेर्शानुसार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चान्हों एवं अंचल अधिकारी, चान्हों के संयुक्त आदेशानुसार सभी पंचायतों में आयोजित किया गया। इस विशेष कृषि कैंप का मुख्य उद्देश्य कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए चल रही सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ साथ, धान अधिप्राप्ति केंद्रों में किसानों का निबंधन करना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, योग्य इच्छुक लाभुकों को के सी सी ऋण की सुविधा उपलब्ध काराना, कृषि ऋण माफी, कृषि यंत्रों के वितरण, पीएम किसान का ई के वाय सी इत्यादि सभी विभागीय योजनाओं के लिए आवेदन संग्रह करना रहा। इस कैंप के माध्यम से किसानों को 18 जनवरी को कृषि मंत्री की उपस्थिति में आयोजित आगामी प्रमण्डल स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी, सिलांगाई, चान्हों में अपने फसलों सहित किसानों को आमंत्रित किया गया। इस कैंप से किसानों को काफी लाभ पहुंचने की संभावनाएं हैं। इस कैंप में किसी अपनी खेती किस तरह से करें की पैदावार और ज्यादा बढ़े और कैसे लाभ उठायेंगे।

रेलवे की बैठक में सांसद प्रतिनिधि ने उठाया यात्री सुविधाओं का मुद्दा

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
रांची रेल मंडल और चक्रधरपुर मंडल के सांसदों की मंडलीय समिति की संयुक्त बैठक जमशेदपुर हाइवे स्थित होटल में संपन्न हुई। इसमें झारखंड व ओडिशा के नौ सांसद और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए।जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो की अध्यक्षता एवं रेल जीएम एके मिश्रा के नेतृत्व में शुरू बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि विनय महतो धीरज ने यात्री सुविधा का मुद्दा उठाया। इस दौरान सिल्ली में रांची धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव, मुरी जंक्शन से बिसरिया गांव तक के लिए सड़क निर्माण संबंधी अधतन रिपोर्ट, मुरी में न?ई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव , गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास चतरा बोंग?ईबेड़ा रोड पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण, नामकोम जोरार बस्ती के पास एक्स आर्मी कालोनी जाने वाली सड़क को यथावत रखने, ट्रेनों के कोच में मोटिवेशनल पंक्ति लिखने समेत यात्रियों के सुविधा संबंधी सुझाव दक्षिण पूर्व जोन के रेल जीएम एके मिश्रा समेत रांची मंडल के डीआरएम के समक्ष रखा।

काशीनाथ महतो स्मृति मेला 21 जनवरी को

मुरी/सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला आगामी 21 जनवरी को भेलवा टुंगरी में आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारी को लेकर रविवार को आसपास के विभिन्न गांव के सैकड़ो ग्रामीणों के साथ बासारुली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की मेले का मुख्य आकर्षण टुसू प्रदर्शनी,पाता नाच, महिला फुटबॉल खेल, पुरुष फुटबॉल खेल, क्रिकेट खेल, मुर्गा लड़ाई रहेगा।

श्री लक्ष्मी विष्णुपाद मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सिल्ली। सोमवार को अगहन संक्रांति के अवसर पर सिल्ली प्रखंड के पतराहातू स्थित श्री लक्ष्मी विष्णुपाद मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर मंदिर संचालन समिति द्वारा भक्तों के लिए महाआरती का आयोजन किया गया था। पूर्णिमा के अवसर पर कारेयाडीह निवासी ज्योति प्रसाद महतो द्वारा भक्तों के लिए महा भोग प्रसाद का वितरण किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर राढू नदी के तट पर अवस्थित इस मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है । श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई तरह की व्यवस्था की गई है। आगामी दिनांक 24 जनवरी 2025 को श्री लक्ष्मी विष्णुपाद मंदिर के स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर गया,बिहार के पुजारियों द्वारा मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की जायेगी । इस अवसर पर 151 कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं को पहुंचने की उम्मी की जा रही है।

सिल्ली की तीरंदाज सुकृति सिंह ने मिक्स टीम में कांस्य पदक जीता

सिल्ली। 6 वीं पारा सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक जयपुर राजस्थान किया गया जिसमें मिक्स टीम में सुकृति सिंह और विजय सुंडी की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।पदक जीतने पर राँची जिला तीरंदाजी संघ सह बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य, अंतर्राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम और शिशिर महतो ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

मंच ने पारिवारिक वनभोज का किया आयोजन

रांची। मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा ने नव वर्ष पर पारिवारिक वनभोज (फैमिली पिकनिक) का आयोजन किया गया। रांची से मैकलुस्कीगंज के राणा कॉटेज में मंच के सदस्यों ने वनभोज का आनंद लिया। वनभोज में सभी सदस्यों ने अलग- अलग कई मनोरंजक कार्यक्रम जैसे अंताक्षरि एवं हौजी मे भाग लिया एवं उसका सपरिवार आनंद लिया। कार्यक्रम के संयोजक युवा प्रवीण शर्मा एवं युवा निकुंज पोद्दार ने बहुत ही कुशलता से विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों से सुसजित किया। कार्यक्रम मे 130 वयस्कों एवं 60 बच्चों ने भाग लिया।

झारखंड जिम्नास्टिक टीम ने दो रजत पदक जीते

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड जिम्नास्टिक के लिए यह दोहरी खुशी का अवसर है। राज्य की जिम्नास्टिक टीम ने राष्ट्रीय एरोबिक्स जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप 2024-25 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक जीते हैं। ये पदक सीनियर कैटेगरी में जीते गए हैं। इसके अतिरिक्त, ऐरोबिक ग्रुप डांस इवेंट में चौथा स्थान प्राप्त कर टीम ने आगामी 38वें राष्ट्रीय खेल में भाग लेने की पात्रता भी हासिल की है।

झारखंड के लिए गर्व का क्षण : झारखंड जिम्नास्टिक टीम की इस उपलब्धि ने राज्य का मान बढ़ाया है। टीम की इस सफलता पर झारखंड ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे सहित झारखंड जिम्नास्टिक संघ के प्रमुख सदस्य तूलिका श्रीवास्तव, गोविंद झा, राजीव रंजन, रंजीता रंजन, मुक्तिलता खेस, शशि भूषण पाण्डेय, राकेश कुमार, और खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक खेल संदीप कुमार, एवं जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार ने विजेताओं को बधाई दी है।

कोचिंग टीम का विशेष योगदान : टीम की सफलता में कोच तूलिका श्रीवास्तव,विकास गोप,दीपक साहु,का विशेष योगदान रहा है।

झारखंड की यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों के लिए बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। सभी विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

जिप सदस्य ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

चान्हो। जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने रोल पंचायत के गुटुवा गांव में दर्जनों बुजुर्ग महिला-पुरुषों के बीच अपने कोष से कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि अभी भी प्रखंड के कई ऐसे सुदूरवर्ती गांव हैं जहां कई लोग सरकार द्वारा कंबल पाने से वंचित हैं। ठंड अभी चरम पर है। बच्चों और बुजुर्गों को इससे उचित बचाव की जरूरत है। मौके पर सजाद अंसारी धनराज पहन रामचंद्र मुंडा बसंत दुबे हेमंत दुबे अमांत दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

उप मुखिया ने किया कंबल का वितरण

चान्हो। बढ़ते ठंढ को लेकर बेयासी पंचायत के उप मुखिया धनंजय महतो ने गरीब व अहसाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य रुकसाना खातून, रंजीत सिंह, हसन अंसारी, मिथुन साही, सामु महली व एतो उरांव सहित अन्य शामिल थे।

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का तीसरा दिन

तमिलनाडु की टीम का रहा शानदार प्रदर्शन, पांच पदक जीते

नवीन मेल संवाददाता। रांची
68वीं रष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स के तीसरे दिन तमिलनाडु के एथलीट्स का दबदबा रहा। तमिलनाडु के खिलाड़ियों ने पांच पदक अपने नाम किये। बालिका वर्ग 80 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की वार्शिका को स्वर्ण पदक मिला, साथ ही बालिका वर्ग हाई जंप मुकाबले में भी तमिलनाडु की धन्या को स्वर्ण पदक और निवेथा को रजत पदक प्राप्त हुआ है। बालिका वर्ग हाई जंप में केरल की नायसा को कांस्य पदक मिला है। बालक वर्ग 1 केजी डिस्कस थ्रो में विद्याभारती के अभिराज कुमार को स्वर्ण पदक, तमिलनाडु के थरनेश को रजत पदक और आंध्रप्रदेश के गुलेली चंद्र को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 1 केजी डिस्कस थ्रो में राजस्थान की मोनिका बिश्नोई को स्वर्ण पदक, पंजाब की जुवेल सिंह को रजत पदक और उत्तराखंड की भूमिका जलाल को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश के मो. समीर खा को स्वर्ण पदक, तमिलनाडु के इन्बा तमिलन को रजत पदक और हरियाणा के सूर्या को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में राजस्थान की देविका को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के जाह्नवी को रजत पदक और केंद्रीय विद्यालय की एस क्रिथिका को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। बालक वर्ग 80 मीटर दौड़ में बिहार के आकाश राज को स्वर्ण पदक, बिहार के ही सूरज यादव को रजत पदक और आंध्र प्रदेश के मुनथला को कांस्य पदक मिला है।

एक नजर

15 जनवरी को होगा प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला

बरही। जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देशानुसार आगामी 15 जनवरी को प्रखंड कार्यालय की ओर से रबी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा. कार्यशाला पूर्वाह्न 11:30 से प्रारंभ होंगे जिसमें प्रखंड के कृषि पदाधिकारी, बीसीओ, बीटीएम, एटीएम, कृषक मित्र आदि सहित कई किसान उपस्थित रहेंगे. उक्त जानकारी बीडीओ जयपाल महतो ने प्रेस बयान जारी कर दिया है. कार्यशाला को लेकर बीडीओ ने स्थानीय सांसद, विधायक आदि सहित सभी जनप्रतिनिधियों को भी सूचित करते हुए उपस्थिति का अनुरोध किया है. कार्यशाला में रबी फसल, केसीसी आदि से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चाएं होगी.

10 फरवरी को शहर में मनेगा सालाना उर्स

रामगढ़। हजरत दाता जलालुद्दीन शाह रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स शहर में 10 फरवरी को मनाया जाएगा। इसे लेकर मदरसा हॉल सौदागर मोहल्ला में अंजुमन कमेटी का अहम बैठक हुआ। इस दौरान अंजुमन कमेटी सदर लाल मोहम्मद मोदी, सेक्रेटरी मुमताज मंसूरी की मौजूदगी में सर्वसम्मति से मजार कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें सदर रिंकल खान, सेक्रेटरी गोल्डन इमाम, नईब सदर मोहम्मद इमरान खान, नईब सेक्रेटरी मोहम्मद शाहबाज, खजांची मोहम्मद अकरम बनाए गए। सदर रिंकल खान ने बताया कि इस वर्ष भी कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न होगा। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। शहर में 10 फरवरी को निर्धारित रास्ता से चादर निकलेगा। मौके पर मजार कमेटी के मेंबर मोहम्मद वकार, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद शाहनवाज मोहम्मद गोपाल उर्फ वसीम, मोहम्मद मुकीम शाह मोनू शाह मौजूद थे।

गोला में स्वामी विवेकानंद जयंति पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

गोला। गोला के तिरला स्थित मैदान में रविवार को स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर अग्रगति संस्था ने फिजिकल अकादमी के सहयोग से युवतियों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत ने स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को नशे व अन्य सामाजिक बुराईयों से दूर ले जाने का काम किया। उसी काम को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। ताकि स्वामी विवेकानंद के समृद्ध व सामाजिक बुराई मुक्त भारत के स्वप्न को पूरा किया जा सके। इन्हीं सामाजिक बुराईयों में सबसे बड़ी बुराई बाल विवाह है, इस बुराई की खात्मे के लिए समाज के हर तबके के लोगों आगे आना होगा।

जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे की संभागीय समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद

हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के रेलवे विकास से जुड़े कई मांगों को रेलवे के पदाधिकारियों के समक्ष रखा

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सदस्यों की संभागीय समिति की बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। बैठक में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के रेलवे विकास से जुड़े कई मांगों को रेलवे के पदाधिकारियों के समक्ष रखा। जिसमें रांची-कोडरमा वाया हजारीबाग टाउन रेलवे लाइन का दोहरीकरण, रांची से दिल्ली की ओर चलनी वाली ट्रेनों को बरकाकाना/ हजारीबाग टाउन/ बरही/ कोडरमा के रास्ते चलाए जाने। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक गतिविधियों को और सुविधाजनक बनाने के लिए हुंडुर रेलवे स्टेशन पर साइडिंग की व्यवस्था कराने, रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्स्प्रेस ट्रेन को बरकाकाना/ हजारीबाग टाउन/ बरही/कोडरमा के रास्ते चलाने की व्यवस्था कराने। रेलवे के सभी अंडर पास को जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में साकारात्मक कार्य करने। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोला रोड रेलवे स्टेशन पर एक्स्प्रेस ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था कराने, रामगढ़ कैन्ट, माइल, बरकी पोना, गोला रोड, हारुबेरा, बरलंगा जैसे महत्त्वपूर्ण स्टेशनों पर बेहतर लाइटिंग और पार्किंग की व्यवस्था कराने, गोला रोड और बरलंगा स्टेशनो पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराने, सोनडिबरा हॉल्ट को टिकट काउन्टर, पेयजल व्यवस्था, टॉयलेट, प्रतीक्षा हॉल, पहुंच पथ जैसे रेलवे की आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने, रेलवे की साइडिंग पर कोयला चोरी और मिक्सिंग जैसे व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने सहित अन्य मांग किया। जिसे रेलवे अधिकारियों ने गंभीरता से संज्ञान में लिया ।

सदर विधायक एक्शन मोड में नजर आए

झील परिसर और शहर की समस्याओं पर गंभीरता से लिया संज्ञान

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सोमवार को शहर के ऐतिहासिक झील परिसर पहुंचे और क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने झील की सफाई के लिए करोड़ों की लागत से खरीदी गई मशीनों की स्थिति का जायजा लिया। यह पाया गया कि मशीनें लंबे समय से खराब पड़ी थीं, जिससे झील में जलकुंभी और गंदगी की समस्या बढ़ रही थी। विधायक ने नगर निगम के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद को बुलाया और मशीनों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित कराई। मशीनों के ठीक होने के बाद झील से जलकुंभी और गंदगी हटाने का कार्य शुरू हुआ। श्री प्रसाद ने इस पर कहा की झील हमारी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर है। इसे साफ और सुंदर बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। मैंने इस समस्या को पहले भी दिशा की बैठक में उठाया था, और आज इसका समाधान शुरू होते देखना संतोषजनक है ।

न्यूज बॉक्स

गरीबों के बीच किया गया कंबलों का वितरण

बरकट्ठा। प्रखंड के ग्राम सलैया मोड़ स्थित यशोदा रामकृष्ण पब्लिक स्कूल परिसर में शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक स्व रामकृष्ण मेहता की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, स्व0 मेहता की धर्म पत्नी यशोदा मसोमात, निदेशक अरुण कुमार मेहता, प्राचार्य आनंद कुमार ने स्व रामकृष्ण मेहता के चित्र पर पुष्प चढ़ाते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। अतिथियों ने कहा कि बरकट्ठा में पहला हाई स्कूल की स्थापना कर शिक्षा का अलख जगाने वाले स्व मेहता लोगों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे। मौके पर स्व मेहता के पुत्र अरूण मेहता के द्वारा विभिन्न गांवों से पहुंचे गरीब, असहाय व जरूरत मंद एक सौ लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका नीलम चौधरी, सेवानिवृत्त शिक्षक हरीहर चौधरी, सुनील चौधरी, सुनिता देवी, प्रेमलता देवी, सुदामा प्रसाद, छोटी प्रसाद, गिरधारी साव, उगेश्वर प्रसाद, झब्बु प्रसाद, रामेश्वर महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

गायत्री परिवार का बरकट्ठा में प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

पदाधिकारियों का हुआ पुर्नचयन

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के डाकडीह स्थित शिव मंदिर परिसर में प्रखंड स्तरीय गायत्री परिवार के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड समन्वयक का चयन किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से शिवशंकर मोदी को प्रखंड समन्वयक और छोटीलाल प्रसाद बरवां निवासी को उप समन्वयक चुना गया। इसके अलावे कई अन्य पदों पर भी लोग चयनित किये गए जिनमें बबीता देवी को महिला प्रखंड समन्वयक रूबी देवी को उप समन्वयक, बीरेंद्र प्रसाद कल्हाबाद को युवा समन्वयक, रामचंद्र साव को युवा उप समन्वयक, गोपेश्वर प्रसाद को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समन्वयक और बासुदेव प्रसाद गैपहाड़ी को उप समन्वयक चुना गया।वहीं बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पुराण जी और गजाधर साव, जिला ट्रस्टी ने अपने संबोधन में गायत्री परिवार के उद्देश्यों और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने विचार साझा किए और नए पदाधिकारियों को बधाई दी। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर गायत्री परिवार के लिए काम करने का संकल्प लिया।

एग्रीकल्चर मार्केटिंग विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

प्रशिक्षण से ही किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं : कुलाधिपति

किसानों द्वारा लिए गए प्रशिक्षण किसान अपने कृषि कार्यों को एक नया आयाम शुरू कर सकते हैं

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एस आर शिक्षण समिति वाराणसी और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 13 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। जिसका विषय 'एग्रीकल्चर मार्केटिंग' है। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। सभी सम्मानित अतिथियों को एनसीसी कैडेट्स एवं विश्वविद्यालय के छात्रों ने झारखंड के सांस्कृति पर आधारित नृत्य कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीण किसानों को हार्दिक अभिननंदन एवं स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में किसान परिवार आत्मनिर्भर बन सकते हैं। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विपिन कुमार पाठक, पन्नालाल मुर्मू एवं रामगढ़ महिला कॉलेज के व्याख्याता डॉ संजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन डॉ पूजा कुमारी जायसवाल ने किया। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर पदों के लिए भर्ती की अधिसूचना जारी की

रामगढ़। भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण 27 जनवरी, 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट अग्निपथवायु. सीडीएसी. इन पर किया जा सकेगा। उम्मीदवार अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए 7 जनवरी 2025 सुबह 11 बजे से 27 जनवरी 2025 रात 11:00 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस भर्ती में 1 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्में अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। साथ ही इच्छुक अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की वेबसाइट से ले सकते हैं।

उपायुक्त ने संचालित योजनाओं की समीक्षा की

प्रखंड के सभी बीडीओ को ससमय कार्यपूर्ण करने का दिया निर्देश

डोभा निर्माण में कार्य निपष्क्ष रूप से कार्य करने का निर्देश दिया

उन्होंने सभी बीडीओ को पोटो हो खेल विकास योजना पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर काम करने और इस योजना को शीघ्र पूर्ण करने और डोभा निर्माण में सत्यापन करते हुए योजना का कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कटकमदाग बीडीओ को पीढ़ी जेनरेशन में सुधार करने और डाडी बीडीओ को टारगेट के एचीव करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सभी बीडीओ को काम के प्रति सजग करने को कहा।

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा, आंगनबाड़ी योजना की प्रगति, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना, पीड़ी जेनरेसन, जिओ टैगिंग, जनमन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस की स्तिथि, जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति में औसत से कम प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों पर अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने निम्न प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों के बीडीओ को कार्य की प्रगति में सुधार करने और क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने चलकुशा बीडीओ व बीपीओ को अपने प्रखंड में बिरसा कूप संवर्धन योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैठक में सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि वैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र जंहा सड़क कनेक्टिविटी की दिक्कत हो और सड़क बनाने में वन विभाग की समस्या आ रही है तो वंहा पर वन विभाग को सूचित करते हुए मिट्टी मोरम का कार्य कर सकते हैं।

सरस्वती विद्या मंदिर में संगोष्ठी का आयोजन

पूर्व छात्र विद्या भारती के धरोहर है : आशीष झा

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ सीसीएल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में पूर्व छात्र गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विवेकानंद के विचारों और जीवन मूल्यों के बारे में चर्चा की। गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष आशीष झा, प्रभारी एवं मिथिलेश कुमार खन्ना द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित और पुष्पांजलि अर्पित करके किया। गोष्ठी में आशीष झा ने अपने संबोधन में भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व छात्र विद्या भारती के धरोहर हैं। इस धरोहर को बनाए रखने के लिए विद्या भारती ने प्रत्येक वर्ष ऐसे सम्मेलन का आयोजन करता है। विद्या भारती विश्व में सबसे बड़ी शैक्षणिक संगठन के रूप में उभर चुका है। इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्रों ने विद्या भारती के संदेश को फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्या भारती विद्यालयों में प्रत्येक वर्ष पूर्व छात्र गोष्ठी व सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। पूर्व छात्रों से यह अपेक्षा होती है कि वे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाए और अपनी क्षमताओं व योग्यताओं का परिचय दें।

जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में दो आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका चयनित

बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत झुरझुरी पंचायत के ग्राम सकरेज हरिजनटोला और चटनियांसिंघा आंगनबाड़ी केंद्र में प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, मुखिया सुमन कुमार की मौजूदगी में आम सभा आयोजित की गई. बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अध्यक्ष नीलू रानी की अध्यक्षता में सहायिका का चयन किया गया। जिसमें सकरेज आंगनबाड़ी केंद्र में सुमन रवि पति प्रमोद रविदास वहीं चटनियांसिंघा आंगनबाड़ी केंद्र में सावित्री देवी पति संतोष मुर्मू का चयन सहायिका में की गई है। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका संयोजक रंजीता कुमारी, बिस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, एनएम पूनम कुमारी, सांख्यिकी सहायक रमेश रंजन, प्रधानाध्यापक स्वामी रामतीर्थ सिंह, राजेश्वर प्रसाद, प्रभु मुर्मू, बिनोद प्रसाद, अनिल दास, मोतीलाल टुड्डू, जीतू मांझी, सेविका सावित्री देवी, रेशमी देवी, सुरेश दास, राजकुमार दास, नारायण दास, अरुण दास, लखन दास, कौलेश्वर दास, राजू दास, सीबन दास, गीता देवी, वैजंती देवी, बबून मांझी सहित सैकड़ों ग्रामीण पुरूष, महिला मौजूद थे।

टुसू परब कुरमी/कुड़मी आदिवासी का सांस्कृतिक धरोहर है : डॉ कश्यप

मकर संक्रांति के दिन टुसू परब के बाद एक महत्वपूर्ण दिन आता है उसे अखंड यात्रा कहा जाता है

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ टुसू परब में गीतों के माध्यम से आस्था और श्रद्धा व्यक्त की जाती है जैसे गाय और बछड़ा का घर के द्वार पर आते हैं वैसे ही टुसू के रूप में समृद्धि और धान के प्रतीक हमारे घर में प्रवेश करते हैं । उक्त बातें सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्राधानाध्यापक एवं जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कही। उन्होंने कहा कि टुसू परब पर गाई जाने वाली गीत हमें यह बताती है कि गोबर और चावल से टुसू को शुद्ध किया जाता है और किस प्रकार श्रद्धा से उसकी स्थापना की जाती है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के दिन टुसू परब के बाद एक महत्वपूर्ण दिन आता है उसे अखंड यात्रा कहा जाता है। वास्तव में टुसू मुख्य रूप से एक कृषि उत्सव है इसलिए इस क्षेत्र में टुसू परब पुष माह के अंतिम दिन यानी मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले महीना भर के निरंतर चलने वाला परब है। टुसू परब पर कुमारी कन्याओं द्वारा एक महीना जागरण गीत के माध्यम से टुसू की संध्या वटी कार्यक्रम किसी एक स्थापित जगह पर होती है। डॉ कश्यप ने कहा कि इसके पश्चात दामोदर स्वर्णरेखा जैसे नदियों किनारे अथवा जल स्त्रोतों के समीप पूरे माघ महीना जगह-जगह मेला का आयोजन होता है। मेला लगने के स्थान पर कुंवारे लड़के और लड़कियां गीत में भाव विभोर हो जाते हैं और गीत के माध्यम से एक दूसरे को प्रश्न करते हैं और उसका उत्तर गीत के माध्यम से ही देते हैं। इस तरह से युवक - युवती एक दूसरे पर गीतों की बौछार करते हैं और आनंदित होते रहते हैं। डॉ सुनील कश्यप ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों में टुसू पर मनाने का सिलसिला एक महीना पहले से होता है लेकिन मकर संक्रांति के दिन इसकी खास तौर पर पूजा की जाती है और 15 दिसंबर के बाद से ही कुंवारी कन्याएं शाम के वक्त टुसू की पूजा करती हैं।

युवा देश का भविष्य है और आगे इसे देश का बागडोर संभालना होगा : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग जी.एम. महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस सह भारत के महान दार्शनिक, आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गईं। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के एन.एस.एस. इकाई के द्वारा आयोजित किया गया। जी.एम. महाविद्यालय की राष्ट्रीय युवा। कार्यक्रम का शुभ आरम्भ जी.एम. ग्रुप के निदेशक विनय कुमार तथा प्राचार्य शंभू कुमार ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि कर किया। स्वामी जी के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए जी.एम. ग्रुप के निदेशक विनय कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के जीवन को बेहतर करने एवं देश की प्रगति में योगदान देने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे हैं। जी.एम. ग्रुप के प्राचार्य शंभू कुमार ने कहा कि स्वामी जी का कहना था कि युवा देश का भविष्य है और आगे चलकर इसे देश का बागडोर संभालना होगा। युवा अगर उनके विचारों को समाहित कर ले तो संपूर्ण युवाओं में बड़ी क्रांति आ सकती है। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार ने कहा कि स्वामी जी ने अंतराष्ट्रीय मंच पर भारत के सनातन धर्म को अग्रणी बना दिया और युवाओं को भारत के विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया है।

इंडिया गठबंधन की समीक्षा बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन

चुनाव हारा जरूर हूं पर क्षेत्र नहीं : पूर्व मंत्री

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन हित में लगातार काम करने की बात कहते हुए नव वर्ष की बधाई दी

नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़ यमुनिया डैम में इंडिया गठबन्धन की समीक्षा बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अन्सारी ने की तथा संचालन झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने किया। वनभोज में विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों से आये इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा को लेकर अपने अपने विचार रखे। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने हार की समीक्षा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से एक समाज के इतने प्रत्याशी आज तक खड़े नहीं हुए, इसी में मतों का बिखराव हुआ। पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि राज्य में सरकार इंडिया गठबंधन की बनी है सारा काम होगा। मैं चुनाव हारा जरूर हुं पर क्षेत्र नहीं, हमेशा जनता के बीच रहूंगा आमजनों को लेकर रात दिन तैयार हूं जब कभी जरूरत पड़े आप आये आपका काम जरूर होगा। उन्होंने कहा कि रात दिन जनता का काम किया हूं आगे भी करूंगा। पूर्व मंत्री ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं से आम चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा कि माण्डू विधानसभा क्षेत्र में एक वर्ष के अंदर पुनः चुनाव होगा। आप तैयार रहे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन हित में लगातार काम करने की बात कहते हुए नव वर्ष की बधाई दी। मौके पर झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष शम्भू लाल यादव,टेकोचन्द महतो, जानकी शर्मा, सुरेंद्र मिश्र,देवकी महतो, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, संजय प्रजापति, मुखिया उत्तम कुमार महतो, अनिल कुमार राय, नन्हकू महतो,रामचंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता है।

ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण

नवीन मेल सवांददाता

बानो। प्रखंड कार्यालय सभागार मे ग्राम पंचायत सहज़कर्ता दलो का सोमवार को ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे प्रखंड बानो के पंचायत-कोनसोदे, सोय, डुमरिया, उकोली, साहूबेड़ा, बानो, कनारोवां एवं रायकेरा के गठित पहला बैच के दल के सदस्य शामिल हुए प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर-अगापति लुगुण, फिया फाउडेशन के बीसी मंतोष कुमार पंचायतीराज के समन्वयक अरमान सोरेंग एवं बीपीओ चारु मांझी के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सहजकर्ता दल को बताया गया की ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत सतत विकास लक्ष्य 2030 को हासिल करने के लिए पंचायती राज संस्थानों ने नौ विषयों को अपनाया है जिसमें गरीबी मुक्त,आजीविका बढ़ाने वाला गांव,स्वस्थ गांव,बाल हितैषी गांव,पर्याप्त जल उपलब्धता वाला गांव,स्वच्छ और हरा-भरा गांव,गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा,सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव,सुशासन वाला गांव में विकसित विकास प्रशिक्षण के दौरान बताया गया की ग्राम पंचायत विकास योजना एक ऐसी योजना है जिसे ग्राम पंचायत द्वारा गांव के विकास के लिए तैयार किया जाता है।यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को पहचानने और उनके समाधान के लिए प्राथमिकताएँ तय करने में मदद करती है।ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने के लिए निम्नलिखित चरणों का पालन किया जा सकता है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क,जल,बिजली, स्वच्छता,आदि में मौजूदा समस्याओं की पहचान करें। ग्रामवासियों से फीडबैक लें और उनकी प्राथमिकताएं जानें।आवश्यकताओं का मूल्यांकन करें,प्रत्येक क्षेत्र में विकास की जरूरतों का मूल्यांकन करें। जैसे,कितने स्कूल,अस्पताल,सड़कों की आवश्यकता है आदि। गांव के संसाधनों और बजट का आकलन करें। लक्ष्य तय करें।

उपायुक्त ने समाहरणालय में आपूर्ति विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक, कहा

उचित दरों पर ससमय खाद्यान्न वितरण करना सुनिश्चित कराएं

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में मुख्य रूप से खाद्यान आपूर्ति, जन वितरण प्रणाली दूकान से संबंधित मामले, धान अधिप्राप्ति, चावल दिवस, धोती-साड़ी योजना, ग्रीन राशन कार्ड, पीभीटीजी डाकिया योजना समेत आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित अन्य सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण को लेकर उपायुक्त ने एलआरडीसी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को उचित दरों पर उचित मात्रा में ससमय खाद्यान्न वितरण करना सुनिश्चित करायें। साथ ही खाद्यान्न वितरण योजना को सुचारू रूप से एवं पारदर्शिता के साथ चलाने हेतु पीडीएस डीलरों को निर्देशित करने की बात कहीं।

तथा समीक्षा के क्रम पाया कि सिमडेगा जिले में चावल, दाल, नमक एवं चीनी वितरण काफी पीछे है, जिस पर उपायुक्त ने दिनांक 14 जनवरी 2025 को दाल-चीनी वितरण दिवस का आयोजन कर शत् लाभुकों के बीच वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा चावल दिवस को लेकर उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक माह के 15-16 एवं 25-26 तारीख को चावल दिवस के रूप में मनाते हुए कार्डधारी लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही राशन कार्ड में लाभुकों की ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों की समीक्षा की, उन्होंने जिले के शत् प्रतिशत लाभुकों समय पर ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने शत प्रतिशत लाभुकों के बीच धोती साड़ी योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

डीसी ने आम जनो की समस्याओं को लेकर लगाया जनता दरबार

सिमडेगा। आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर सोमवार को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाने, कब्ज़ा जमीन को छुड़वाने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

न्यूज बॉक्स

नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

सिमडेगा। नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता प्रखंड बांसजोर के कुरकुरा खेल मैदान में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बांसजोर समाजसेवी महेश मांझी ने फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में बांसजोर प्रखंड के खिलाड़ियों ने 2, कबड्डी, दौड़, रस्सीकुद, एवं लंबी कूद में भाग लिया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका पौलूस कीड़ों और महेश मांझी के द्वारा किया गया। बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्वामी विवेकानंद युवा पंडरीपानी पाहनटोली एवं द्वितीय स्थान स्वामी विवेकानंद युवा क्लब कुरकुरा पाहरटोली टीम रहा। बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम आत्मनिर्भर कबड्डी टीम बांसजोर एवं द्वितीय कुरकुरा पहरटोली ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग 400 मीटर दौड़ में प्रथम कारण नायक, द्वितीय प्रसाद प्रधान और तृतीय कलिंदर बैघवार रहा। बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में प्रथम नीतिका सोरेंग, द्वितीय आयशा कुमारी एवं तृतीय प्रतिमा मांझी ने प्राप्त किया। रस्सी कूद प्रथम दिलो प्रधान, द्वितीय सबनम प्रधान एवं तृतीय नीतिका सोरेंग रहा। बालक वर्ग लंबी कूद में प्रथम राहुल मांझी, द्वितीय कारण नायक एवं तृतीय महेंद्र महतो ने प्राप्त किया। मंच संचालन पूर्व स्वयंसेवक पौलूस कीड़ों ने किया। सभी विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व स्वयंसेवक सेवक पौलूस कीड़ों और संजय पान के देखरेख में किया गया।

सिमडेगा पुलिस की अनोखी पहल, बैंकों में साइबर फ्रॉड को लेकर दी जा रही जागरूकता

सिमडेगा। जिलान्तर्गत बढ़ते साईबर फ्रॉड के बढ़ते मामले के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश में सिमडेगा पुलिस के द्वारा बैंक के सहयोग से सोमवार से बैंक ऑफ इंडिया के कोलेबिरा लगरागढ़ शाखा में साईबर फ्रॉड से संबंधित ऑडियो प्रसारित करने की पहल की गई है। ऑडियो क्लिप के माध्यम से विभिन्न प्रकार के साईबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दिया जा रहा है साथ ही उससे बचने के उपाय के बारे में बतलाया जा रहा है।इसी प्रकार से जिले के सभी बैंकों में साईबर फ्रॉड से संबंधित ऑडियो क्लिप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा, इस संबंध में बैंक संचालकों के साथ पूर्व में ही बैठक कर विचार विमर्श किया गया है और अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।एसपी ने कहा कि जिले में बढ़ती साइबर क्राइम को लेकर लगातार लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि लोग जागरुक हो और ऐसे साइबर तो से सतर्क होकर अपनी बैंकों में जमा राशि को सुरक्षित रख सके।

असहाय लोगों के बीच किया गया गर्म कपड़ों का वितरण

सिमडेगा। विप्र फाउंडेशन जोन-6 शाखा सिमडेगा द्वारा पाकर टांड़ प्रखंड के कोबांग बस्ती में गरीब असहाय लोगों के बीच गर्म कपड़ा साड़ी पैंट शर्ट स्वेटर जैकेट और खानें के तिलकुट पांव रोटी बिस्कुट वितरण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का संचालन विश्व हिन्दू परिषद के दिलीप बडाईक ने किया। कार्यक्रम में संजय शर्मा ने सभी गांव वासियों का स्वागत किया एवं विप्र फाउंडेशन के काम के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि सिमडेगा बाह्यमन भाईयों के सहयोग से हर साल कार्यकरम रखा जाता है।फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि समाज के बीच अनेकों कार्यक्रम किया जा रहा है अभी श्मशान घाट घोडबहार में बैठने के लिए 16 कुर्सी लगवाईं गई है और वहां लगवाईं जाएगी। गर्म कपड़ा वितरण कार्यक्रम अगला सप्ताह फिर रखा गया है। कार्यक्रम में सुरेश शर्मा, बजरंग शर्मा, सीए अंकित शर्मा दिनेश साहू, महिला समिति की अध्यक्ष अरुण शर्मा की अगवाई में महिलाएं भी बढ चढकर हिस्सा ली। कार्यक्रम में कुशूम शर्मा, सुशीला शर्मा, गायत्री देवी,किरन शर्मा ,अनिता शर्मा, स्वेता शर्मा , मोनिका सेन, उपस्तिथि रही। धन्यवाद ज्ञापन बजरंग शर्मा ने किया।

महाबुवांग कॉफी के नए प्रभारी के रूप में अमरनाथ कुमार सोनी ने दिया योगदान

बानो। बानो सर्किल के महाबुवांग थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी महाबुवांग थाना में योगदान दिए । पूर्व थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने नए थाना प्रभारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया व पद भार सौपा। थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने सभी सकर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि हमें मिलकर महाबुवांग थाना क्षेत्र को शांतिमय बनाना है। इसके लिए सभी कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ेगी । महाबुवांग थाना क्षेत्र प्रत्येक गांव में शांति व्यवस्था बनाने की पहल होगी।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और 20 हजार रूपए का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने हत्या के एक अभियुक्त को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। बताया गया कि गत 20 मई 2022 को पाकरटांड़ थाना क्षेत्र के डूमरडीह गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में गांव के ही राम मलार को आरोपी बनाते हुए पाकरटांड़ में काण्ड संख्या 06/22 एवं भादवि की धारा 302 के तहत राम मलार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी। इधर पीडीजे की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त राम मलार को आजीवन कारावास और बीस हजार रू जुर्माना से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं उत्कृष्ट अभियोजन के फलस्वरूप सभी गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराया गया। जिसके फलस्वरूप न्यायालय के द्वारा उक्त सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक अमर कुमार चौधरी के द्वारा पैरवी की गयी।

बिना हाजरी भरे मनमाने तरीके से गायब रहते हैं बांसजोर प्रखंड के कर्मी

कार्यालय में अनुपस्थिति पर होगी कारवाई : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

बांसजोर। सोमवार को बांसजोर प्रखंड में एक साथ कई कर्मी अनुपस्थित पाए गए। 4.30 बजे तक 7 कर्मियों ने उपस्थिति पंजी ने अपना उपस्थिति दर्ज नहीं किया था। कई कर्मियों ने तो लगातार दो से तीन दिन तक उपस्थिति पंजी में हजारी ही नहीं बनाया है।

कार्यालय में उपस्थित बड़ा बाबू मोहित कुमार महतो से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि सोमवार को बीएफटी प्रदीप बरवा, कोम्बाकेरा पंचायत के रोजगार सेवक रवि नायक, तरगा पंचायत के रोजगार सेवक रामकुमार प्रधान, बीपीओ विक्रम सिंह,

कोम्बाकेरा पंचायत सचिव नुमेश्वर ओहदार, जेई अनुज कुमार, तरगा और उरते पंचायत सचिव ज्योति लाल स्वांसी ने अपना हजारी ही नहीं बनाया था।

वहीं 3 कर्मी आरती बड़ाइक, समीरा केरकेट्टा और जितेन्द्र नाथविद सीएल पर थे। बता दें कि बांसजोर प्रखंड कार्यालय में कुल 21 कर्मी है, क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या को लेकर ऑफलाइन हाजरी बनकर रिकॉर्ड रखा जाता है। इसके बावजूद भी कर्मी हाजरी नहीं बना रहे हैं और मनमाने तरीके से गायब रहते हैं।मामले पर बीडीओ इमैनुएल जयबिरस लकड़ा से बात करने पर उन्होंने कहा कि वे जिला स्तरीय बैठक में गए थे। अनधिकृत रूप से छूटी पर रहने वाले कर्मियों पर कारवाई होगी।

झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का मिलन समारोह 18 जनवरी को

गुमला। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा जिला समिति गुमला की एक महत्वपूर्ण बैठक रायडीह प्रखंड परिसर में अध्यक्ष अशोक कुमार भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 18 जनवरी 2025 को रायडीह प्रखंड अंतर्गत शंख मोड़ सामुदायिक गतिविधि केंद्र बैरियर बगीचा मंझाटोली में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का मिलन समारोह सह चिंतन शिविर कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार सह परिवहन मंत्री दीपक विरुआ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया।

अबुआ आवास एवं मनरेगा योजनाओं को लेकर हुई बैठक

कोलेबिरा। प्रखंड कार्यालय कोलेबिरा में अबुआ आवास एवं मनरेगा योजनाओं कि समीक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया गया। उनके द्वारा अबुआ आवास / प्रधानमंत्री आवास एवं अम्बेडकर आवास योजना अन्तर्गत समीक्षा के क्रम में पंचायतवार लक्ष्य के विरुद्ध प्रथम किस्त का भुगतान एवं नियमानुसार सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश सभी जनसेवक को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी रोजगार सेवको को पंचायत में योजनाओं का अभिलेख एवं 7th रजिस्टर का संधारण नियमानुसार अद्यतन करने का निर्देश दिया एवं लापरवाही बरतने वाले कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई करने की कड़ी चेतावनी दी गई। बैठक में सभी पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

मकर संक्रांति के मौके पर भैरव बाबा पहाड़ी में धार्मिक अनुष्ठान,मेला आज

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। मकर संक्रांति पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है। संक्रांति के मौके पर जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर सिमडेगा-रांची मार्ग पर स्थित भैरव धाम मंदिर फूलवाटाँगर को सजाया संवारा गया है। मकर संक्रांति पर सोमवार को कार्यक्रम हुआ एवं आज लगने वाले मेले में हजारों लोग जुटेंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। अखंड हरिकीर्तन में भी कई समितियां शामिल हुई बताया बताया गया की 13 जनवरी को यहां पर 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हुआ जो की 14 जनवरी तक । पहाड़ के बीच चट्टानों से बनी। भैरव बाबा की मुखाकृति को भी संवारा गया हैं। गांव के दो नौजवान अपनी जान हथेली पर रखकर रस्सियों के सहारे लटकते हुए पहाड़ पर बनी भैरव बाबा की मुखाकृति को



रंग भरा है। बाबा के चेहरे का आकार इतना विशाल है कि रंग करने के क्रम में दोनों कलाकार उनके होठों पर खड़े होकर रंग भरते नजर आए। भैरव बाबा मंदिर की समिति 2003 में गठित हुई थी तथा समिति में जाति-धर्म का भेद नहीं रखते हुए सभी धर्मों के लोगों को पदधारी बनाया जाता रहा है। धाम में भगवान महादेव, भगवान गणेश, बजरंग बली, मां वैष्णव देवी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। गुफाओं के भीतर काफी स्थान है और गुफाओं में एक साथ सौ श्रद्धालु बैठ सकते हैं। समिति के घनश्याम सिंह ने बताया कि भैरव बाबा मंदिर तक पहुंच पथ पक्का नहीं होने तथा सामुदायिक भवन नहीं बनने को लेकर स्थानीय ग्रामीण को नाराजगी है। लोगों की मांग है कि पथ के अलावा डीप बोरिंग, शौचालय, सोलर लाइटिंग और रसोई का निर्माण यहां कराया जाना चाहिए। हालांकि पूर्व विधायक विमला प्रधान द्वारा यहाँ कीर्तन शेड एवं फिलहाल में कुछ दूर तक पीसीसी पथ बनाया गया वही वहां पर बिजली पानी आदि सभी प्रकार की सुविधा समिति की ओर से आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है।

डीएवी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ जिला स्तरीय प्रतियोगिता

सिमडेगा। राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में डीएवी सिमडेगा के छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किये। जिसमें ग्रुप नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः सूरज कुमार को प्रथम अंजली कुमारी को द्वितीय और रिहान रशीद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में संस्कृति प्रधान को द्वितीय एवं पश कुमार को तृतीय स्थान हासिल हुआ। वही निबंध प्रतियोगिता में आकृति साहू तृतीय स्थान प्राप्त किये। प्राचार्य श्री सूजय कुमार मिश्रा ने बच्चों को प्रेरणादायी संदेश देकर उनका उत्साह वर्धन किया और कहा कि इतने कम समय में आपने बहुत कुछ करके दिखा दिया जो प्रशंसनीय है। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

ऊर्जा संरक्षण व जल संरक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बानो। प्रखण्ड कार्यालय बानो के सभागार में कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण व जल संरक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार सिंह व गायत्री कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर अजय कुमार सिंह ने कहा वर्तमान समय में ऊर्जा व जल संरक्षण अति आवश्यक है। कृषि के क्षेत्र से भी बेहतर कार्य किया जा सकता है।कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल व ऊर्जा संरक्षण कैसे करें बिषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर मेमर्स एस्प्रेन इंजीकोम प्राइवेट लिमिटेड रांची के मधु कुमारी, प्रियंका कुमारी, गायत्री कुमारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी को ऊर्जा संरक्षण से सम्बंधित मोमेंटो देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में बड़काडुइल ,बानो आदि पंचायत के किसान उपस्थित थे।

भरनो के कानारोवा स्कूल में कृषि पदाधिकारी ने बच्चों को पढ़ाया

गुमला। भरनो प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कानारोवा में सोमवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकृष्ण ओहदार ने स्कूली बच्चों को पढ़ाया और मार्गदर्शन दिया। यह पहल उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की महत्वाकांक्षी योजना 'शिक्षा कर भेंट' के तहत आयोजित की गई। कार्यक्रम में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत जैसे विषय पढ़ाए गए।

समय से पहले बच्चों को छूटी देकर घर भाग गए शिक्षक

जांच के बाद करेंगे कारवाई : डीईओ

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। जलडेगा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय टीनगिना में सरकारी आदेशों को दरकिनार कर समय से पहले बच्चों को छुट्टी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक मुक्ति प्रकाश सोरेंग से बात करने पर उन्होंने बताया कि सोमवार को 9वीं और 10वीं के कुल 18 छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सभी शिक्षक घर चले जाने के कारण बच्चों को 2:20 बजे ही छुट्टी कर दिया गया जिसके बाद खुद भी घर चले गए।

जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा जांच के बाद करेंगे कारवाई

मामले पर जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा बात करने पर उन्होंने कहा कि समय से पहले बच्चों को छूटी देकर घर भाग जाना गलत है। इसकी जांच कर के कारवाई करेंगे।

शिक्षकों को उपस्थित रहने के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी किया था आदेश

झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सं०सं-2 वि01-03/2024/शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में दिनांक- 07.01.2025 से दिनांक-13.01.2025 तक के लिए वर्ग-केजी से वर्ग-08 तक की कक्षायें बंद रखने के लिए आदेश जारी किया था।

हालाकि इस दौरान जारी आदेश में वर्ग-9 से वर्ग-12 तक की कक्षायें एवं सभी प्रकार के आवासीय विद्यालय पूर्ववत संचालित करने को कहा गया था। उपरोक्त अवधि में सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों (माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों सहित) को निदेश भी दिया गया था कि वे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होकर यू-डाइज+ 2024-25, बच्चों के अपार आईडी जनरेशन एवं हाउसहोल्ड सर्वे आदि से संबंधित कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

रामगढ़। परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के गोल एनएच 23 पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर०सी० बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, रविवार को जांच के दौरान कुल 15 से 20 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 3 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 104300 रुपया जुर्माना वसूल किया गया।

पुलिस ने दो नक्सलियों को किया गिरफ्तार

इस मामले में गठित टीम द्वारा झारखंड और बिहार के अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर बिहार के बटिया थाना क्षेत्र के बुढ़ियालापर निवासी अनवर अंसारी एवं बुद्धन मुर्मू को गिरफ्तार किया।

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह जिले के भेलवाघाटी प्रखंड के गुनियाथर पंचायत के मुखिया पति सफदर अली अहमद के घर पर नक्सल पर्चा छोड़ने वाले एवं उसे कॉल पर धमकी देने वाले दो नक्सलियों को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को झारखंड एवं बिहार के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर गिरिडीह पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को मुखिया के पति के घर पर नक्सल पर्चा छोड़ा गया था। इसके साथ ही अगले दिन उसे फोन पर भी धमकी देते हुए लेवी की मांग की गई थी। मामले में आवेदक के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एसपी के निर्देश के बाद एक टीम का गठन किया गया था। जिसमें अभियान एएसपी, खोरीमहुआ एसडीपीओ, भेलवाघाटी थाना प्रभारी एवं गुनियाथर ओपी प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस मामले में गठित टीम द्वारा झारखंड और बिहार के अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर बिहार के बटिया थाना क्षेत्र के बुढ़ियालापर निवासी अनवर अंसारी एवं बुद्धन मुर्मू को गिरफ्तार किया। इस दौरान धमकी देने के लिए प्रयोग के लिए मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों गिरफ्तार नक्सल बिहार के सिद्ध कोड़ा के दस्ते के सदस्य थे और उनके विरुद्ध चरकापत्थर थाना में पहले भी कई मामले दर्ज है और पूर्व में भी जेल जा चुके है। इसके साथ ही उनके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत भी प्राथमिकी दर्ज है।

1 से 3 फरवरी तक रेनबो ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। बरही आगमी 1 से 3 फरवरी तक रेनबो विद्यालय के खेल मैदान में तीन दिवसीय नॉक आउट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है. उक्त जानकारी मैच व्यवस्थापक रेनबो विद्यालय के निदेशक ने दी. मैच का आयोजन शिवपुर (गड़लाही) के ग्रामीण और रेनबो विद्यालय संयुक्त रूप से करेगा, जिसका व्यवस्था रेनबो स्कूल करेगा. टूर्नामेंट के सभी मैच टेनिस बॉल से खेले जायेंगे, जिसमें कुल 32 टीमें शामिल किए जाएंगे. इसके लिए इच्छुक टीम 1100 रुपए प्रवेश शुल्क देकर विद्यालय के काउंटर से पंजीकरण करवा सकते है, पंजीकरण प्रारंभ है. आयोजन समिति ने इस मैच में मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सीरीज के अलावा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार निर्धारित किए है. जिसके तहत मैच ऑफ द सीरीज के 1500 रु व ट्रॉफी, बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज को 1000 रु व ट्रॉफी, बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज को 1000 रु व ट्रॉफी, विजेता टीम को 5000 रु व कप, उपविजेता टीम को 3000 रु व कप से पुरस्कृत किया जाएगा. इसके साथ ही लगातार 6 छक्के लगाने या 6 विकेट लेनेवाले खिलाड़ी को 500 रु, लगातार 6 चौके लगाने वाले खिलाड़ी को 400 रु, लगातार 3 छक्के लगाने वाले या 3 विकेट लेने वाले या दो कैच पकड़ने वाले खिलाड़ी को 250 रु, लगातार 3 चौके मारने पर 150 रु और दर्शकों द्वारा सिंगल हैंड कैच पकड़ने पर 250 रुपए नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा. व्यवस्थापक समिति के सदस्य सह विद्यालय के निदेशक सिकंदर कुमार कुशवाहा ने बताया कि टूनार्मेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को उभारना है. मैच से संबंधित विशेष जानकारी के लिए चार हेल्पलाइन नंबर 6203994369, 9631359245, 9006936436, 9113757210 के अलावा रेनबो स्कूल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है.

पार्क में नशेड़ियों और जुआरियों का जमावड़ा सुरक्षा की गुहार

बरही । दर्जनों लोगों के हस्ताक्षरित आवेदन को अब्दुल कलाम आजाद पार्क के केयर टेकर बसंत माली ने बरही पुलिस को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है. आवेदन में आरोप लगाया है कि बरही के एकमात्र पार्क में दिनभर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है. यह मनचले पार्क में ड्रग्स, हेरोइन, शराब, सुलेशन आदि नशीले पदार्थ का सेवन करते है. इसके साथ ही दिन भर जुआरियों का अड्डा जमा लगा रहता है. इतना ही नहीं पार्क में आने वाले महिलाओ या लड़कियों के साथ बदसलूकी करते हुए छेड़खानी करते हैं. जिससे महिलाए और सभ्य लोग पार्क में आने से कतराते हैं. इतना ही नहीं पार्क में रखे सामानों को भी तोड़ फोड़ करते है, मना करने पर मार पीट करने पर उतारू हो जाते है. जिससे जान माल का भय बना रहता है. केयरटेकर ने स्थानीय थाना से पार्क की सुरक्षा की गुहार लगाई है. आवेदन में सीताराम केसरी, रवि कुमार, बदरून केसरी, जीतू मधेशिया, आर पी प्रसाद, गणेश प्रसाद, मनोज कुमार, महावीर यादव आदि दर्जनों लोगो के हस्ताक्षर हैं.

लंगटा बाबा समाधि स्थल पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह जिले के खरगडीहा स्थित प्रसिद्ध लंगटा बाबा समाधि स्थल पर सोमवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। परंपरा के अनुसार सुबह 3 बजे जमुआ थाना के थानेदार मणिकांत कुमार ने चादर चढ़ा कर मेले की शुरूआत की। उसके बाद भक्तों द्वारा चादरपोशी का सिलसिला शुरू हो गया। उक्त अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर उपस्थित एसडीएम अमिनेश रंजन एवं एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद तथा जमुआ बीडीओ अमलजी, अंचलाधिकारी संजय पाण्डेय, इस्पेक्टर रोहित कुमार महतो एवं थाना तथा प्रखंड के कई पदाधिकारियों ने भी बाबा के समाधि पर चादरपोशी कर क्षेत्र का अमन चैन की मन्नत मांगी।इधर प्रशासन की मुस्तैदी से श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हुई। मौके पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि प्रशासन की सक्रियता एवं चुस्त व्यवस्था से हमलोगों को चादर पोशी में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। लंगटा बाबा के समाधि पर झारखंड,बिहार, बंगला, उड़ीसा, सहित अन्य प्रदेश के लोगों के द्वारा चादर चढ़ाया गया। प्रत्येक साल करीबन दो लाख श्रद्धालु बाबा को चादर चढ़ा कर कई तरह की मन्नते और दुआ मांगते है। इस वर्ष भी लाखों श्रद्धालु पहुंचने की अनुमान लगाया जा रहा है।

प्रो डॉ वर्णवाल का निधन महाविद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति : प्राचार्य

बरही। सोमवार को रामनारायण यादव महाविद्यालय में शोक सभा आयोजित किया गया. शोकसभा महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो डॉ संजय कुमार वर्णवाल की असामयिक निधन को लेकर आयोजित की गई थी. जिनका निधन हृदयाघात के कारण बीते 11 जनवरी को उनके आवास पर हुई थी. शोक सभा में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित कई शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी व छात्र-छात्राएं शामिल थे. सबों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की साहस प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया. शोक सभा में बोलते हुए प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने कहा कि स्व प्रो डॉ वर्णवाल महाविद्यालय में विभागाध्यक्ष के साथ परीक्षा नियंत्रक और शासी निकाय के शिक्षक प्रतिनिधि भी थे. इनकी असामयिक निधन से महाविद्यालय को अपूरणीय क्षति क्षति हुई है.

पोर्टल खुलने पर नया आवेदन लिया जाएगा और त्रुटियों को भी सुधारा जाएगा : बीडीओ

गांडेय / गिरिडीह। गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार गांडेय प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को गांडेय बिडीओ निशात अंजुम ने मईया सम्मान योजना को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। कहा कि मईयां सम्मान योजना में गांडेय प्रखंड में कुल 38433 और प्रखंड के द्वारा स्विकृती 34220 हुई है। जिसमें 4213 आवेदनों का मईयां सम्मान योजना के फार्म में त्रुटी के कारण पैन्डीग है। कहा कि मईयां सम्मान योजना का पोर्टल खुलने के बाद प्रखंड मुख्यालय में सोमवार व बुधवार को शिविर लगाकर नये आवेदन के साथ साथ पैडींग आवेदनों का त्रुटियां को सुधार कि जायेगी। इधर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद गांडेय अंचलाधिकारी मो हुसैन ने कहा कि मियां सम्मान योजना का लाभ जो रहे हैं, उसमें अगर कोई सरकारी पैशन का लाभ, सरकारी नौकरी, कोई भी जनप्रतिनिधि,इनकम टैक्स रिटर्न के परिजन ऐसे महिला व युवती को लाभ नहीं दी जायेगी और अगर किसी ऐसे लोगों का लाभ मिल रहा है तो उन सबों का भौतिक सत्यापन के जांचोपरांत के बाद लाभ बंद कर दिया जायेगा।

जमीन विवाद में भिड़े दो परिवार, 5 घायल

तिसरी। तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत दोमहन गांव में रविवार की रात जमीन विवाद को लेकर दो चचेरे भाई और उनके परिवार आपस में भीड़ गए.जिसमें दोनों पक्षों से 5 लोग घायल हो गए हैं. जानकारी के अनुसार दोमहन के सुरेंद्र यादव और उसके चचेरे भाई महेश यादव ने एक दूसरे पर जमीनी विवाद और गाली गलौज को लेकर मारपीट का आरोप लगाते हुए तिसरी थाने में आवेदन दिया है. आवेदन में महेश यादव ने सुरेंद्र यादव और उसके परिवार पर मारपीट का आरोप लगाया है तो वहीं सुरेंद्र यादव ने भी महेश यादव और उसके परिवार पर मारपीट का आरोप लगाया है. इस मामले में तिसरी पुलिस ने कांड संख्या 2/25 और 3/25 दर्ज कर एक पक्ष से महेश यादव और दूसरे पक्ष से सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर कोविड मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर गिरिडीह जेल भेज दिया है.साथ ही तलवार भी जब्त किया है.

19 जनवरी को आयोजित सोहराय सम्मेलन में मंत्रियों का होगा आगमन : राम जी बेसरा

बरकट्ठा। आगामी 19 जनवरी को सोहराय सम्मेलन बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय में भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्य और आदिवासियों के द्वारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में इसकी तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया।वहीं भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा और प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने कहा कि सोहराय सम्मेलन में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा का आगमन होगा। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी राजाराम मुर्मू, झारखंड आंदोलनकारी महेश मांझी, समाजसेवी सुनील मुर्मू, बिरजू हसदा, मोहन बास्के, रामधनी टुडू के अलावा कई लोग मौजूद थे।

अंकित तिग्गा का पंजाब एफसी में हुआ चयन

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा संचालित आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु अंकित तिग्गा का चयन पंजाब एफ सी में पंद्रह वर्ष आयु वर्ग में हुआ है। इस अपार हर्ष के अवसर पर गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा अंकित की विदाई समारोह आयोजित की गई, विदाई समारोह के अवसर पर जिले के उप विकास आयुक्त के द्वारा फुटबॉल किट और जर्सी से कर अंकित को विदा किया गया। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि अब अंकित तिग्गा पंजाब एफ सी की ओर से विभिन्न राष्ट्रीय स्तर में आयोजित होने वाली अंडर झ15 आई लीग भागीदारी करेंगे। जिले के उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त समेत सभी वरीय अधिकारियों के अंकित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

स्वामी विवेकानंद की जयंती सह पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित

स्वामी जी के आदर्शों को आत्मसात करने का करें प्रयास : प्रधानाचार्य

नवीन मेल संवाददाता। बरही सोमवार को गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद की जयंती सह पूर्व छात्र गोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसकी शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित साहू और प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. विषय प्रवेश करवाते हुए प्रधानाचार्य ने पूर्व छात्राओं को उपलब्धियों का वर्णन किया. उन्होंने वर्तमान के भैया/बहनो को कल के भविष्य बताते हुए विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद की भांति लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की बात कही. इसके साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद के संक्षिप्त जीवनी बताते हुए विद्यार्थियों से उनके उपदेशों को आत्मसात करने की बात कही. अध्यक्षने स्वामी जी के चर्चित उपदेश ₹उठो, जागो और तब तक जागते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती है₹ पर चर्चा किया. साथ ही भैया/बहनों को एकाग्रचित होकर अध्ययन करने को कहा जिससे स्मरण शक्ति तीव्र होती है. कार्यक्रम आचार्य मनीष सिन्हा के देख रेख में सम्पन्न हुए जिसका समापन आचार्य प्रिंस रवि शंकर प्रियदर्शी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ.

मृतक प्रकाश मंडल के परिजनों से मिले विधायक, हर संभव मदद का दिया भरोसा

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मासीपीड़ी निवासी मृतक प्रकाश मंडल 26 वर्ष, के शोकाकुल परिजनों से विधायक अमित कुमार यादव ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे शोकाकुल परिवार के साथ हैं और आगे भी हर संभव मदद करेंगे। मालूम हो कि मृतक प्रकाश मंडल, पिता सोबरन महतो की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल हजारीबाग में हो गई थी । साथ ही उक्त व्यक्ति इसके पूर्व रांची स्थित रिम्स अस्पताल राँची में भर्ती थे। तब विधायक ने अस्पताल प्रबंधक से बात कर उचित इलाज करने को कहा था। साथ ही खर्च के लिए चंदा भी जमा करवाया गया था लेकिन भगवान अन्ततः भगवान अपने शरण में लें गये। पुनः पीड़ित के घर पहूंच करके विधायक ने संवेदना प्रकट करते हुए सहयोग राशि दी और चावल उपलब्ध कराया।

हजारीबाग यूथ विंग की पहल गौ माता की सुरक्षा के लिए रेडियम बेल्ट अभियान

गौ माता की सुरक्षा हमारी संस्कृति का हिस्सा है : चंद्र प्रकाश जैन

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग हजारीबाग यूथ विंग ने एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल करते हुए गौ माता की सुरक्षा के लिए शहर में देर रात तक अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर के विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर रेडियम युक्त बेल्ट गौ माता को बांधे गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य रात्रि के समय सड़क पर तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से गायों को बचाना है। रात के समय सड़क पर गौ माता अक्सर तेज गति से चलने वाले वाहनों की चपेट में आ जाती हैं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो जाती हैं या अपनी जान गंवा देती हैं। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए हजारीबाग यूथ विंग ने यह पहल शुरू की। रेडियम युक्त बेल्ट की मदद से वाहनों के चालक दूर से ही गायों को देख सकते हैं और समय रहते अपने वाहन की गति को नियंत्रित कर सकते हैं। अभियान के पहले चरण में 20 से अधिक गायों को रेडियम युक्त बेल्ट पहनाए गए। यह कार्य न केवल हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों की मेहनत और समर्पण को दशार्ता है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी उजागर करता है। इस अभियान को स्थानीय नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों से सराहना मिली है। कई सामाजिक संगठनों और नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की प्रशंसा की और इसे एक उदाहरणीय कार्य बताया। हजारीबाग यूथ विंग ने घोषणा की है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संगठन का लक्ष्य है कि शहर की सभी गौ माताओं को रेडियम युक्त बेल्ट पहनाए जाएं और उन्हें हर प्रकार की दीर्घकालिक पहल के रूप में स्थापित करने की योजना बनाई है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(कृषि प्रभाग)

पत्रांक– 10/लेखा विविध–13/2016 रांची, दिनांक–

विज्ञापन

विशेष सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची हेतु 01 (एक) अदद Tablet क्रय किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

1. iPad Pro M4 Chip - 01 अदद
(Wifi, Storage-12/256 GB, Display-13inch)
- दिनांक–24.12.2024 प्रकाशित विज्ञापन (A.PR. NO.-342654) को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।
- iPad के Authorize Dealer को प्राथमिकता दी जाएगी।
- आपूर्तिकर्ता अपने कोटेशन के लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से एजेंसी का नाम, पता एवं मोबाईल नम्बर दर्ज करेंगे।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता अपना–अपना कोटेशन नोटिस प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के अंदर सीलबन्द लिफाफा में अवर सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के पदनाम से लेखा शाखा में जमा कर सकते हैं।

ह0/– (शिव किशोर मिश्र)
सरकार के अवर सचिव

PR 344189 Agriculture (24-25)_D

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची।

(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
अति अल्पकालीन निविदा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) 2025 के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, राँची में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राँची की झांकी के निर्माण (झांकी का थीम– झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना) के लिए अनुभवी संस्थानों/फर्मों से दिनांक 21.01.2025 के पूर्वाह्न 12:30 बजे तक टर्न की आधार पर सालवेज वैल्यू सहित मुहरबंद निविदा जिला सामाजिक सुरक्षा कार्यालय, राँची कमरा संख्या–316, तृतीय तल, ब्लॉक–ए, समाहरणालय, राँची के नाम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी।

निविदा की शर्तें:–
1. निविदा के साथ 25,000/– (पच्चीस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट ASST. DIRECTOR SOCIAL SECURITY RANCHI के पदनाम से भुगतेय संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा दो लिफाफे में देना होगा, एक में तकनीकी तथा दूसरे में वित्तीय बीड होगा।
3. झांकी का निर्माण दिनांक 25.01.2025 को अपराह्न 03:00 बजे मोरहाबादी मैदान, राँची के निर्देशित स्थल पर पूर्णरूपेण तैयार करना अनिवार्य होगा। थीम के अनुरूप झांकी प्रदर्शन में किसी प्रकार की कमी रह जाने की स्थिति में निविदादाता को भुगतेय राशि में तदनुसार कटौती करने का अधिकार अधोहस्तक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
4. झांकी मॉडल को ट्रेलर में बड़े रूप में निकालना होगा।
5. तकनीकी निविदा के अन्तर्गत निविदादाता को सरकारी क्षेत्र में समान प्रकृति के कार्य हेतु कम से कम 3 वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
6. तकनीकी बीड में जी०एस०टी० (GST) निबंधन प्रमाण–पत्र, अद्यतन GST रिटर्न, पैन कार्ड, अद्यतन ITR की प्रति, "फर्म को किसी भी संस्थान द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो" उसका शपथ पत्र संलग्न करना होगा एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा।
7. थीम का आलेख "झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" होगा। झांकी का डिजाईन/मॉडल एवं write up की प्रति भी देना होगा।
8. तकनीकी बीड का चयन "झांकी का थीम एवं 3D मॉडल की कलात्मक एवं गुणवत्ता के आधार" पर किया जाएगा।
9. वित्तीय बीड में सभी कर एवं सभी प्रकार के व्यय सहित दर अंकित करना होगा।
10. झांकी के आगे नृत्य करते कलाकार एवं जीवंत चरित्र करने वाले कलाकार रखना होगा। इसके लिए अलग से कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगा।
11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रदद् करने का अधिकार अधोहस्तक्षरी को सुरक्षित होगा।
12. झांकी से संबंधित किसी भी बिन्दु की पृच्छा हेतु सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, राँची से उनके कार्यालय कक्ष में अथवा मोबाईल संख्या–8340698871 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा, राँची।

PR 344228 District(24-25)D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(समाज कल्याण शाखा)
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
Email Id –dcpsramgarh@gmail.com

–: आवश्यक सूचना :–
बाल कल्याण समिति, रामगढ के पत्रांक 16/बा0क0स0, रामगढ़ दिनांक 11.01.2025 के पत्र के आलोक में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक गुमशुदा बालक, उम्र – 15 वर्ष (लगभग), पिता – अज्ञात, माता – अज्ञात, पता – अज्ञात, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, दिनांक 10.09.2024 को चाइल्ड हेल्प लाइन, रामगढ़ द्वारा बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जो वर्त्तमान में बाल कल्याण समिति के आदेश से वात्सल्यधाम बालगृह, रामगढ़ में आश्रय प्राप्त कर रहा है। बालक की पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार से है :–

नाम	–	अज्ञात,
उम्र	–	15 वर्ष लगभग
पिता	–	अज्ञात,
माता	–	अज्ञात,
पता	–	अज्ञात
रंग	–	सावला।
ऊँचाई	–	5 फिट
लिंग	–	पुरूष
वजन	–	43 कि0ग्रा0

उक्त बालक के जैविक माता–पिता, अभिभावक, अगर इस बच्चें को पहचानते है या जानते है तो उचित प्रमाण पत्र के साथ निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते है।
सम्पर्क करने हेतु पता –
1. बाल कल्याण समिति, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, पिन – 825101 , दूरभाष संख्या – 9504331523।
2. जिला बाल संरक्षण इकाई,समाज कल्याण, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, पिन – 825101 दूरभाष संख्या – 8340458591

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़

PR 344136 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager,Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com

e-Tender Notice

E-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

Sl. No.	NIT No.	Description of Work	Estimated Cost including of GST & Labour Cess (Rs.)	Earnest Money Deposit(Rs.)	Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.)
01	321/PR/JUSNL /2024 – 25	Work for construction of continuous electric welding in bracing members at every angle joint points required in different tower types in 220KV D/C Itkhori – Pakribarwadih Transmission Line under Jurisdiction of Transmission Sub Division, Itkhori (Total 44 nos. of Towers.	Rs.23,24,791.00	Rs.46,500.00/ -	Rs.5000+18%GST = Rs. 5900/-
Availability of T ender Documents on website			From 15/01/2025 at 10.00 AM to 05/02/2025 upto 2:00PM		
Last Date & Time for uploading of e-Tender			05/02/2025 upto 2:00PM		
BID Opening date for Technical (Part – I)			06/02/2025 at 04.00 PM		
BID Opening date for Financial (Part – II)			Will be communicated later on.		
Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents			G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH		

1) e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (**06546-270375**) during office hours. NIC helpline no.- **0651-2400178**.
2) Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3) The bids will be received through electronic tendering mode only.
4) No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR 344194 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

संपादकीय

महाकुंभ जाति वर्ग धर्म से ऊपर संगम

विश्व के प्राचीनतम सनातन धर्म संस्कृति पर विश्व के अधिकांश शक्तियां हमलावर हैं और एक्स या अन्य सोशल मीडिया पर तो दुष्प्रचार का अभियान ही चल रहा है पर विदेशों तक के भक्त इसका बिना बोले जवाब दे रहे हैं।वैदिक सनातन धर्म के सर्वाधिक प्रतिष्ठित कुंभ पर्व का आरंभ प्रयाग में हो रहा है। जिस प्रकार सनातन धर्म के आरंभ को कोई नहीं जानता, वैसे ही कुंभ के उद्गम और उसके विकास को भी कोई नहीं जानता। यह एक पारंपरिक धार्मिक व सांस्कृतिक प्रक्रिया है, जो निश्चित कालावधि में संपन्न होती है। कुछ विद्वान इसकी उत्पत्ति वेदों से मानते हैं। धर्मशास्त्रकारों का कहना है कि यह सुर-असुरों द्वारा किए गए समुद्र मंथन से शुरू हुआ। वहीं, संत साहित्य के विद्वानों के अनुसार, शांकर संप्रदाय के संन्यासियों और रामानंद संप्रदाय के बैरागी साधुओं ने आध्यात्मिक ऊर्जा देकर इसके बृहत स्वरूप को विकसित किया। पर आम लोग इसे धार्मिक मेले से अधिक नहीं मानते। आचार्यों, साधु-संतों और विद्वानों को समझाना होगा कि कुंभ केवल मेला नहीं, बल्कि मानव कल्याण के लिए धर्म का उदात्त प्रयोग है, जिसमें ज्ञान-विज्ञान के माध्यम से अमृत की खोज करनी है। यह अमृत समाज को अमरता दे सकता है। मानव को देवता बना सकता है। इसी अमृत की लालसा लिए असंख्य श्रद्धालु कुंभ में तीर्थस्नान कर स्वात्म-धन्यता का बोध करते हैं। कुंभ शब्द पुराना है, जिसका अर्थ है कलश या घट। स्पष्ट है कि कुंभ का संबंध अमृत कलश से है, जिसे देवों व दानवों ने समुद्र को मथकर निकाला था। पुराणों में यही अमृत कलश लेकर भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। इस कलश को पाने के लिए हुई छीना-झपटी में अमृत की कुछ बूंदें चार स्थानों पर छलक पड़ी थीं। उन स्थानों में से एक प्रयाग है। महाभारत में इसी अमृत कलश को कश्यपनंदन गरुड़ अपनी माता विनता को दासत्व से मुक्त करवाने के लिए स्वर्ग से लाए थे। तभी अमृत कुंभ से निःसृत अमृत कण प्रयाग आदि स्थानों पर गिरे थे। यह अमृत गंगा और यमुना के उन जलकणों में है, जिन्हें पाने के लिए असंख्य लोग अपनी सुख-सुविधा छोड़कर संगम किनारे पहुंचते हैं। यह अलौकिक हो जाने का ऐसा शास्त्रीय भाव है, जिसमें आस्था और परंपरा के साथ जातिमुक्त सामाजिक संगम होता है। कुंभ के आयोजन की पुण्यभूमि प्रयाग की महिमा अकथनीय है। गंगा-यमुना के संगम का पुरातनतम निर्देश ऋग्वेद (10/75) में है - सितासिते सरिते यत्र संगते पत्राप्लुतासो दिवमुत्पतन्ति। ये वै विसृजन्ति धीरास्ते जनासो अमृतत्वं भजन्ते।। - जो लोग श्वेत यानी गंगा और कृष्ण यानी यमुना, इन दो नदियों के मिलन-स्थल संगम पर स्नान करते हैं, वे अमृत (मोक्ष) प्राप्त कर लेते हैं। जगत्कर्ता ब्रह्मा ने यहां यज्ञ किया था, इसी से यह क्षेत्र 'प्रयाग' कहलाया। संगम का पुरातन वर्णन वाल्मीकि-रामायण में है। भगवान श्रीराम ने माता सीता और अनुज लक्ष्मण को प्रयाग की महिमा बताई थी। पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा प्रशंसित होने पर पुण्यभूमि प्रयाग को 'तीर्थराज' की उपाधि मिली। प्रयाग में गंगा, यमुना एवं सरस्वती नदियों के मिलन से यह 'त्रिवेणी' हो गया। ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश्वर प्रयाग में सदा विराजते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस में लिखा है - को कहि सकइ प्रयाग प्रभाऊ, यानी प्रयाग का प्रभाव (महत्ता) कौन कह सकता है !कुंभ ज्ञान और उपासना का केंद्र है। इसमें केवल अगाध जलराशि का ही संगम नहीं होता, बल्कि बहुविध विचारों का संगम भी होता है। इसमें ज्ञान, वैराग्य व भक्ति के वाहक साधु-संतों की अद्भुत त्रिवेणी सृजित होती है।

महाकुंभ 2025: जहां परंपरा और परिवर्तन आत्मसात होते हैं

आज की बात



अमिताभ कांत
नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी

कुंभ मेला, विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक है और यह आस्था, एकता और मानवता के ईश्वर से शाश्वत संबंध का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं में निहित, यह चार पवित्र स्थलों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक- पर अमरता का अमृत छलकने का स्मरण दिलाता है। सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रहों की एक विशिष्ट ब्रह्मांडीय स्थिति के दौरान आकाशीय संरेखण द्वारा इसका निर्धारण होता है। कुंभ मेले में शुद्धि और मोक्ष की अभिलाषा के साथ प्रत?येक 12 वर्ष में लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए एकत्रित होते हैं। समय बीतने के साथ-साथ कुंभ मेला विकसित हुआ और इसमें प्राचीन परंपराओं को आधुनिक नवाचारों के साथ जोड़ा गया। 4 फरवरी, 2019 का कुंभ मेला, मानवता के अब तक के सबसे व?यापक और शांतिपूर्ण समागम का साक्षी बना। आध्यात्मिकता में पूर्ण रूप से निहित यह विशिष्ट आयोजन आस्था, समुदाय और वाणिज्य का उत्सव है। मेलों, शैक्षिक कार्यक्रमों, संत प्रवचनों, भिक्षुओं के सामूहिक समारोहों और विविध मनोरंजन के साथ कुंभ मेला भारतीय समाज के जीवंत लोकाचार का उदाहरण है। प्रयागराज में वर्ष 2019 का संस्करण विशेष रूप से उल्लेखनीय था, जिसमें 50 दिनों के दौरान अनुमानित 24 करोड़ आगंतुकों ने भागीदारी की। इनमें से 4 फरवरी को ही 3 करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसिद्ध गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर आयोजित किए गए कुंभ की तैयारियों में 3,200 हेक्टेयर में फैले विशाल टेंट क्षेत्र के साथ 440 किलोमीटर की अस्थायी सड़कें, 22 पंटून पुल, लगभग 50,000 एलईडी स्ट्रीटलाइट और व्यापक स्वच्छता बुनियादी ढांचा शामिल था। प्रधानमंत्री मोदी का वर्ष 2019 में कुंभ मेले का दौरा आयोजकों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का एक भाव था, जिन्होंने इस आयोजन को वैश्विक स्तर पर सफल बनाया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को सम्मानित किया, सम्मान के प्रतीक के रूप में उनके चरण धोए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की भावना को पुष्ट बनाते हुए कहा कर्मठ स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करते हुए... मैं स्वच्छ भारत की दिशा में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अभिवादन करता हूं। वर्ष 2019 के कुंभ ने स्वच्छता और सार्वजनिक स्वच्छता के लिए नए मानक स्थापित किए। वर्ष 2013 में सिर्फ. 5,000 सामुदायिक शौचालयों की तुलना में, वर्ष 2019 के आयोजन में 122,500 शौचालय निर्मित किए गए, साथ ही 20,000 डस्टबिन और 160 कचरा उठाने वाली गाड़ियों की व्यवस्था की गई। साफ-सफाई के लिए वाटर जेट स्प्रे मशीन जैसे अभिनव उपायों ने पानी की बबार्दी को काफी हद तक कम किया और स्वच्छता कार्य को आसान बनाया। शौचालयों को सुगमता के लिए रणनीतिक रूप से रखा गया था और इसमें लिंग-विशिष्ट और दिव्यांगता-अनुकूल डिजाइन शामिल थे। महिलाकर्मियों की सेवा के माध्यम से महिलाओं के लिए पिंक शौचालय जबकि बुजुर्गों के अनुकूल शौचालय संचालित किए गए। सीवेज टैंकों की शुरूआत के साथ इनके उपयोग ने नदी में होने वाले प्रदूषण के जोखिम को समाप्त कर दिया। इन शौचालयों की दुर्गंध को दूर करने के लिए एक नवीन तकनीक अपनाई गई थी जिसका पहली बार वर्ष 2018 माघ मेले के दौरान परीक्षण किया गया था और फिर कुंभ 2019 में इसको उपयोग में लाया गया। इसके लिए छात्र शोधकर्ता मेला स्थल पर ही प्रतिदिन लगभग 65,000 लीटर दुर्गंधनाशक द्रव्य तैयार कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, स्वच्छाग्रहियों (स्वच्छता स्वयंसेवकों) ने स्वच्छता बनाए रखने और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईओटी-सक्षम मोबाइल ऐप से लैस, इन स्वयंसेवकों ने विशाल मैदान में 60,000 शौचालयों की निगरानी की, जिससे वास्तविक समय में ही समस्या का समाधान सुनिश्चित किया गया। इस पहल ने न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाया बल्कि स्वयंसेवकों को सशक्त भी बनाया, जिनमें से कई युवा और महिलाएं शामिल थीं। वर्ष 2017 में, यूनेस्को ने कुंभ मेले को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया। वर्ष 2019 का संस्करण इस सम्मान पर खरा उतरा, जिसमें भारत की अद्वितीय व?यापकता और महत्व के आयोजनों की क्षमता का प्रदर्शन किया गया था। वर्ष 2025 प्रयागराज में महाकुंभ मेले में दुनिया भर से 30 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की आशा है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अत्यंत व्यापक स्तर पर की गई तैयारियां अभूतपूर्व हैं। महाकुंभ की पवित्रता को बनाए रखने के साथ-साथ इसके वैश्विक स्वरूप को बढ़ाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटूट है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की नियमित समीक्षा से लेकर तीर्थयात्रियों के कल्याण को सुनिश्चित करने तक का उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण, दोषरहित निष्पादन के प्रति उनके समर्पण को दशार्ता है। मुख्यमंत्री का विजन सामुदायिक भागीदारी पर भी जोर देता है। वर्ष 2019 के अभूतपूर्व मेले की सफलताओं से प्रेरणा लेते हुए आगामी संस्करण में भक्ति, प्रौद्योगिकी और स्थिरता का एक सहज मिश्रण किए जाने का वादा किया गया है और यह नए वैश्विक मानक भी स्थापित करेगा। ध्यान देने योग्य विषयों में एक प्रमुख व्यवस्था स्थल और पहुंच का विस्तार करने से भी जुड़ी है। वर्ष 2025 का महाकुंभ मेला एक आध्यात्मिक और उत्कृष्ट प्रबंधन व्यवस्था के दिव्य स्वरूप के साथ तैयार है और यह अभूतपूर्व स्तर पर आस्था, नवाचार और स्थिरता को एक आयोजन में समाहित करेगा। यह भारत की अपनी प्राचीन परंपराओं का सम्मान करने की क्षमता को दशार्ता है, साथ ही आधुनिक प्रगति को अपनाते हुए विश्व के लाखों लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करता है।

(लेखक भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं, इस लेख में व्यक्त किए गए उनके विचार व्यक्तिगत हैं।)

देश की बात

भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

ललित गर्ग

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फैलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं। अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अलग बात

मकर संक्रांति : भारतीय संस्कृति का उज्ज्वल पर्व

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

भारत अपनी सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं के रंगीन ताने-बाने के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां के त्योहार मात्र धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को आपस में जोड़ने वाले सेतु और समरसता का अनुपम संदेश हैं। इन्हीं उत्सवों की श्रेणी में मकर संक्रांति एक अद्वितीय स्थान रखता है। यह पर्व प्रतिवर्ष जनवरी माह में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मकर संक्रांति का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और खगोलीय आयामों में भी गहन है। यह पर्व प्रकृति के बदलाव, नवजीवन के संचार और नई फसल के आगमन का प्रतीक है। इसके माध्यम से मानव जीवन में ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का प्रवाह होता है। मकर संक्रांति का खगोलीय महत्व इसे अद्वितीय बनाता है। इस शुभ दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन की ओर अपने पथ को परिवर्तित करता है, अर्थात वह पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध की ओर अग्रसर होने लगता है। यह महापरिवर्तन दिन और रात की लंबाई में होने वाले परिवर्तन का संकेत देता है, जो प्रकृति के चक्र में एक नई ऊर्जा का संचार करता है। सूर्य का उत्तरायण होना ठिठुरती सर्दियों के अंत और गर्मी की दस्तक का प्रतीक है। यह घटना भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह फसलों के पकने और उनकी कटाई के अनुकूल समय का प्रारंभ करती है। मकर संक्रांति प्रकृति और खगोल विज्ञान के इस गहन संबंध का उत्सव है, जो मानवता को सिखाता है कि प्रकृति के चक्र के साथ सामंजस्य बनाना ही सच्चा जीवन है।

धार्मिक दृष्टि से मकर संक्रांति एक दिव्य और पावन पर्व है, जो पवित्रता, दान और तपस्या के गहन आदर्शों से परिपूर्ण है। प्राचीन पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गंगा, यमुना, गोदावरी और कावेरी जैसी पवित्र नदियों में स्नान आत्मा की शुद्धि और पापों के क्षय का प्रतीक माना गया है। यह केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति और आध्यात्मिक जागरण का संदेश है। हिंदू धर्मग्रंथों में इस दिन भगवान सूर्य की उपासना को अत्यधिक फलदायी और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए शुभ बताया गया है। मकर संक्रांति महाभारत के महानायक दानवीर कर्ण की उदारता का स्मरण कराता है, जिन्होंने अपने सम्पूर्ण जीवन में निःस्वार्थ दान का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, भीष्म पितामह ने अपने जीवन की अंतिम यात्रा के लिए उत्तरायण का चयन किया, जिसे मोक्ष प्राप्ति के लिए सर्वोत्तम समय माना गया है। यह पर्व धार्मिक मान्यताओं और ऐतिहासिक घटनाओं का सम्मिलन है, जो इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का अद्वितीय प्रतीक है। यह पर्व देश के विभिन्न हिस्सों में भिन्न-भिन्न नामों, रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। पंजाब में इसे 'लोहड़ी' के रूप में मनाया जाता है, जहां नई फसल की खुशी में लोग अलाव के चारों ओर नाचते-गाते हैं और मूंगफली, रेवड़ी, व तिल से बनी मिठाइयों का आदान-प्रदान करते हैं। तमिलनाडु में यह 'पोंगल' के नाम से प्रसिद्ध है, जहां सूर्य देव की विशेष पूजा होती है और घर-घर में पोंगल नामक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किया जाता है। गुजरात में इसे 'उत्तरायण' के रूप में मनाया जाता है, जहां आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है। महाराष्ट्र में यह पर्व तिल-गुड़ की मिठास से सराबोर होता है, जहां लोग 'तिल गुड़ घ्या, गोड गोड बोला' कहकर परस्पर स्नेह और मधुरता का संदेश देते हैं। पश्चिम बंगाल में इसे 'पोष संक्रांति' कहा जाता है, जहां खिचड़ी और तिल के विशेष व्यंजन बनाए जाते हैं, और गंगा-सागर में स्नान को अत्यंत पवित्र माना जाता है।

मकर संक्रांति का सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दृष्टिकोण भी इसे अद्वितीय बनाता है। यह पर्व मेल-जोल, सामाजिक सौहार्द्र और समरसता का संदेशवाहक है। इस दिन दान का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अन्न, वस्त्र, धन और तिल का दान करना पुण्य का असीम स्रोत माना गया है। जरूरतमंदों की सहायता कर हम न केवल उनकी जरूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि आत्मिक शांति और संतोष का अमूल्य अनुभव भी प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही, तिल और गुड़ का सेवन सर्दियों में शरीर को गर्म रखने और रोगों से बचाने का प्राचीन उपाय है। हमारे पूर्वजों ने इस पर्व के माध्यम से स्वास्थ्य, कृषि और प्राकृतिक संतुलन को बढ़ावा देने की अद्भुत परंपरा स्थापित की थी।

मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की परंपरा केवल खेल नहीं, बल्कि यह मानव की स्वतंत्रता, ऊंचाइयों को छूने की आकांक्षा और आकाश जितने विस्तृत सपनों का प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

फेसबुक वॉल से

X से



आज का दोहा

जीवन भर पाया बहुत, फिर भी रहा उदास।
तुम्हें देखकर यूँ लगा, ज्यों निधिवन के पास।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आपकी बात

अखबारों की सुर्खी नहीं बना प्रवासी सम्मेलन

अशोक मधुप

आठ से दस जनवरी तक चला 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन अखबारों की सुखियां भी नही बन सका। उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन की कामयाबी पर न लेख लिखे गए न संपादकीय। ये सम्मेलन एक रूटिन का कार्यक्रम ही बन कर रह गया। सरकार ये वह भी नही बताया कि देश की विकास याजनाओं में बाधक देश में फैले भ्रष्टाचर को रोकने की उसकी क्या योजनाएं हैं? प्रवासी भारतीयों के भारत के विकास में योगदान के लिए आने वाले प्रोजेक्ट की अनुमति आदि की मानिटरिंग के लिए उच्च स्तर पर इसकी देखरेख करने के लिए क्या करने का इरादा हैं? उच्च स्तर पर ये भी देखा जाए कि प्रोजेक्ट की अनुमति में अनावश्यक विलंब तो नहीं किया जा रहा? रिश्वत की चाहत में उद्योगपति को परेशान तो नहीं किया जा रहा? इस बार के प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का विषय- 'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान' जरूर रहा किंतु इसमें न कोई निर्णय हुए न कोई विशेष प्रस्ताव। प्रवासियों को भारत के चुनाव में मत देने का अधिकार है, किंतु न वे वोट बनवाने में रूचि रखते हैं, न वोट डालने में। उनसे वोट बनवाने और देश के विकास के लिए अपनी सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील की जा सकती थी किंतु वह भी नहीं की गई। 2003 से मनाना शुरू हुई प्रवासी सम्मेलन अभी तक एक औपचारिकता ही लगा। भुवनेश्वर में इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरूआत बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के उदबोधन से हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से 'विकसित भारत' के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। ओडिशा को असीमित अवसरों की भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों से राज्य की विकास यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया।

इस प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए सीएम माझी ने कहा, ओडिशा सिर्फ अपने गौरवशाली अतीत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं जाना जाता, यह भविष्य के लिए असीम अवसरों की भूमि है। ओडिशा के निवेशक-अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अब भारत में निवेश के लिए सबसे स्वागत योग्य स्थलों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आप सभी से इन अवसरों का लाभ उठाने और अपनी मातृभूमि के विकास और समृद्धि में योगदान देने का आग्रह करता हूं। वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य के रूप में, आप दुनिया के लिए हमारे राजदूत हैं। मैं आपको ओडिशा और भारत के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में हमारे साथ हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता हूं। हम सब मिलकर 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नौ को जनवरी,

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व भारत की बात सुनता है, तथा देश अपनी विरासत के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह बताने में सक्षम है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी भी दिखाई। यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेसेज तक जाएगी। विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए 70 देशों से तीन हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओडिशा पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को सम्मेलन में चार प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया, जिनमें भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और प्रवासी भारतीयों के योगदान को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस, भारत और उसके प्रवासियों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने वाली एक संस्था बन चुकी है। पीएम मोदी ने उल्लेख किया कि हम सब मिलकर भारत, भारतीयता, अपनी संस्कृति और प्रगति का उत्सव मनाते हैं और साथ ही अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 10 जनवरी के समापन सत्र में प्रवासी भारतीयों को संबाधित किया। और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। दुनिया भर से आए सैकड़ों प्रवासी भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के जनता मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत और इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ओडिशा की सराहना की। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि यह आयोजन राज्य की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। पचास वर्षों से स्लोवेनिया में रहने वाली एक प्रवासी भारतीय कोकी वेबर ने इस आयोजन में शामिल होने को लेकर खुशी जाहिर की। वह नमस्ते नाम का एक कारोबार चलाती हैं, जिसमें भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा, मैं भारतीय हस्तशिल्प से बने चमड़े के सामान, रेशमी स्कार्फ, अगरबत्तियां और इनर गारमेंट्स बेचती हूं, जो सभी भारत में बने होते हैं। कोकी ने ओडिशा को भारत का एक छिपा हुआ रत्न बताया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



पहले स्नान पर्व पर मुस्तैद नजर आई पुलिस, बनी मददगार, विनम्रता से जीता दिल

महाकुंभ नगर(आईएएनएस)। महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा देखने को मिली। करोड़ों की संख्या में लोग पुण्य स्नान के लिए संगम तट की ओर उमड़ पड़े। इस दौरान जो सबसे अनूठी चीज देखने को मिली, वह पुलिस का व्यवहार रहा।

यूं तो श्रद्धालुओं को राह दिखाने के लिए मेला प्रशासन की ओर से 800 के करीब साइनेजेस लगाए गए हैं, लेकिन राह दिखाने के लिए योगी सरकार की पुलिस पर लोगों ने ज्यादा भरोसा दिखाया। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते, तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए।

महाकुंभ को लेकर इस बार योगी सरकार के निर्देश पर बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग कराई गई है। परेड स्थित पुलिस लाइन में लगातार दो महीने तक पुलिसकर्मियों को बिहेवियर की ट्रेनिंग कराई गई है, जिसका असर सोमवार को पहले स्नान पर्व पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोग पुलिसकर्मियों से पांटून ब्रिज पर आने और जाने के विषय में जानकारी लेते रहे। इसी तरह, सेक्टर की जानकारी के लिए भी पुलिसकर्मी ही श्रद्धालुओं की पहली प्राथमिकता रहे। खास बात यह थी कि पुलिसकर्मियों ने भी कुशल व्यवहार का परिचय देते हुए पूरी विनम्रता से श्रद्धालुओं की मदद की। यही नहीं, पुलिसकर्मी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग लोगों की मदद करते भी नजर आए। पहले स्नान पर्व पर भारी भीड़ के अनुमान को देखते हुए घाटों पर भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया, जबकि पांटून ब्रिज पर भी एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स का डेप्लॉयमेंट नजर आया।

महाकुंभ में उमड़ी भीड़ में पीएम मोदी-सीएम योगी के कटआउट संग सेल्फी लेने का दिखा क्रेज

महाकुंभ नगर(आईएएनएस)। महाकुंभ के पहले पौष पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर सोमवार को संगम तट पर उमड़ी भीड़ में पीएम मोदी और सीएम योगी की तस्वीरों संग सेल्फी लेने और फोटो खिंचाने की होड़ दिखाई दी। नंदी द्वार पर लगे कटआउट के साथ तस्वीरें खिंचाने और सेल्फी लेने के लिए लोगों की भीड़ जमा दिखाई दी। भीड़ में महिलाओं और युवकों की भी संख्या सेल्फी और फोटो की होड़ में दिखी। मध्य प्रदेश के उज्जैन से आए ब्रजेश शर्मा ने कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ दोनों के प्रशंसक हैं। इस तस्वीर ने उन्हें आकर्षित किया। पूरे परिवार ने सेल्फी ली और फोटो खिंचवाई है। यहां महाकुंभ मेले में अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं।

स्टीव की पत्नी लॉरेन पॉवेल उर्फ कमला को काशी में छूने नहीं दिया गया शिवलिंग

कैलाशानंद गिरि ने कहा, परंपरा है हिंदुओं के अलावा अन्य कोई काशी विश्वनाथ को नहीं छू सकता

नवीन मेल संवाददाता

प्रयागराज। भारत के सभी राज्यों के साथ ही विश्व के तमाम देशों से श्रद्धालु व दर्शक महाकुंभ में आए हैं। इनमें एप्पल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल भी हैं। लॉरेन पॉवेल जॉब्स काशी भी गई थीं। वहां उन्होंने काशी विश्वनाथ का दूर से दर्शन किया। लेकिन, उन्हें काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग को छूने नहीं दिया गया। इसको लेकर विवाद शुरू हो गया है। इस बढ़ते विवाद के बीच लारेंस के आध्यात्मिक गुरु स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने इस मामले में जवाब दिया। मालूम हो कि पॉवेल जॉब्स प्रयाग में इन दिनों महाकुंभ मेले में कल्पवास कर रही हैं। उन्होंने 13 जनवरी को सुबह संगम में डुबकी लगा कल्पवास की शुरुआत की। वह कैलाशानंद गिरि महाराज के मार्गदर्शन में निरंजनी अखाड़े के शिविर में रह रही हैं और ध्यान, साधना, शाकाहारी भोजन व फलाहार करते हुए आत्मा,परमात्मा व भारतीय धर्म को जानने समझने की कोशिश कर रही हैं।

कैलाशानंद गिरि का उनके बारे में कहना है- पॉवेल जॉब्स धार्मिक व

आध्यात्मिक महिला हैं, वह हमारी परंपराओं के बारे में जानना चाहती हैं। वह मुझे एक पिता व गुरु के रूप में सम्मान देती हैं, और हर कोई उनसे सीख सकता है।

कैलाशानंद गिरि महाराज ने मंदिर के सख्त प्रोटोकॉल के बारे में बताया, पॉवेल जॉब्स के काशी विश्वनाथ मंदिर में आने को लेकर कोई विवाद नहीं है। मैं एक आचार्य हूं और परंपराओं व सिद्धांतों का पालन करना व आचरण को बनाए रखना मेरी जिम्मेदारी है। पॉवेल जॉब्स को प्रसाद व माला दी गई, लेकिन परंपरा यह है कि हिंदुओं के अलावा अन्य कोई भी व्यक्ति काशी विश्वनाथ को नहीं छू सकता। यदि मैं इस परंपरा को बरकरार नहीं रखूंगा, तो यह टूट जाएगी।

कैलाशानंद गिरि महाराज ने अपनी बात को और साफ करते हुए कहा कि काशी विश्वनाथ में भारतीय परंपरा के मुताबिक, हिंदुओं के अलावा कोई भी अन्य धर्म का व्यक्ति शिवलिंग को नहीं छू सकता, इसलिए पॉवेल जॉब्स को बाहर से ही शिवलिंग के दर्शन करने का मौका दिया गया। वह कुंभ में ही रहेंगी और गंगा में डुबकी भी लगाएंगी। पॉवेल जॉब्स ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया है।

कैलाशानंद गिरि महाराज ने पॉवेल जॉब्स को हिंदू नाम कमला दिया है। कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा है कि वह हमारे लिए बेटी की तरह हैं और वह दूसरी बार भारत आई हैं। मालूम हो कि महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होगा। महाकुंभ का मुख्य स्नान, जिसे अमृत स्नान (पहले शाही स्नान) कहा जाता है, वह 14 जनवरी को होगा। इसके अलावा, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन और 3 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन भी महाकुंभ में बड़े पैमाने पर लोग श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगाएंगे।

जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग का किया गया उद्घाटन

कश्मीर के विकास से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार : पीएम

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी का जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के मुश्किल दिनों को पीछे छोड़कर हमारा कश्मीर अब फिर से धरती का स्वर्ग होने का पहचान वापस पा रहा है। इसके विकास से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है। मैं चाहता हूं कि यह मुकुट और अधिक सुंदर और समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तब साकार होगा, जब इसका मुकुट कश्मीर प्रगति के रत्नों से सजेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जम्मू-कश्मीर में शांति और तरक्की का माहौल है। उसका फायदा हम टूरिज्म सेक्टर में देख रहे हैं। वर्ष 2024 में दो करोड़ से अधिक टूरिस्ट जम्मू-कश्मीर आए हैं। यहां सोनमर्ग में भी 10 साल में 6 गुना ज्यादा टूरिस्ट बढ़े हैं। इसका लाभ यहां की जनता को हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग का जिक्र किए बगैर कहा, आप निश्चिंत रहिए, ये मोदी है। अगर वह कोई वादा करता है, तो उसे निभाता भी है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम होने वाला है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग के तुरंत बाद आई है।

सोनमर्ग सुरंग को जम्मू-कश्मीर की पुरानी मांग बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सुरंग से सोनमर्ग के साथ-साथ कारगिल और लेह के लोगों का जीवन बहुत आसान होगा। केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद ही 2015 में सोनमर्ग सुरंग के वास्तविक निर्माण का काम शुरू हुआ था। मुझे खुशी है कि इस सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। मेरा हमेशा मंत्र रहा है कि जो भी हम शुरू करेंगे।

बोले प्रधानमंत्री

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट, यह और अधिक सुंदर बने सोनमर्ग सुरंग इस क्षेत्र में पर्यटन को नए पंख देगी

उमर अब्दुल्ला ने की पीएम मोदी की तारीफ

सोनमर्ग(आईएएनएस)। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग टनल के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि आपने अपनी बात रखी और 4 महीने के भीतर चुनाव हुए। आपने जम्मू के लोगों को अपनी सरकार चुनने का मौका दिया। उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''आपने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में अपने कार्यक्रम के दौरान तीन बहुत महत्वपूर्ण बातें कही थीं।

लाइन की कमी से मरीज की मौत, फिर सरकारी अस्पताल की अव्यवस्था पर उठे सवाल

रायगंज (उत्तर दिनाजपुर),(हि.स.)। मेदिनीपुर में प्रतिबंधित सलाइन के कारण एक प्रसूति की मौत को लेकर राज्य में हंगामा मचा हुआ है। इसी बीच रायगंज मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सोमवार को सलाइन की कमी के कारण एआ मरीज की मौत के बाद अस्पताल की अव्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, कालियागंज निवासी 51 वर्षीय हिरण्मय महंता को सांस लेने में तकलीफ के कारण रविवार देर रात कालियागंज अस्पताल से रायगंज मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था।

आज का राशिफल

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

वृष : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

मिथुन : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

कर्क : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

सिंह : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कन्या : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

तुला : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

वृश्चिक : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

धनु : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

मकर : मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

कुंभ : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

मीन : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

5 बांग्लादेशी बंगाल के सोनारपुर से गिरफ्तार

कोलकाता(हि.स.)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर इलाके से पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन पर अवैध तरीके से भारत में घुसने, अपनी पहचान छिपाने और स्थानीय कपड़ा मिल में काम करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपित करीब एक साल से सोनारपुर में एक किराए के मकान में रह रहे थे और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मिल में नौकरी हासिल की थी। गुप्त सूचना के आधार पर सोनारपुर थाने के अधिकारियों ने इनकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की। बताया गया है कि ये लोग अपने पड़ोसियों से अधिक संपर्क नहीं रखते थे, जिससे इन पर शक हुआ। एक अधिकारी ने कहा कि इन पांचों ने करीब एक साल पहले भारत में अवैध तरीके से प्रवेश किया था। फर्जी दस्तावेजों की मदद से इन्होंने कपड़ा मिल में नौकरी कर ली। हम इनके पड़ोसियों से बातचीत कर इनके अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। इन्हें आज दोपहर स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

रोड शो में हुई देरी, आज नामांकन करेंगी आतिशी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार को अपने विधानसभा में एक रोड शो के बाद नामांकन दाखिल करने जाने वाली थी, लेकिन रोड शो में हुई देरी के कारण आज उनका नामांकन स्थगित हो गया, अब मंगलवार को वह नामांकन दाखिल करेंगी। मुख्यमंत्री आतिशी का सोमवार को नामांकन दाखिल करने का कार्यक्रम था, लेकिन रोड शो में अधिक समय लगने का कारण इसे मंगलवार के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके पहले रैली शुरू करने से पहले आतिशी ने कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और अपने अभियान के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद उन्होंने "आप" नेता मनीष सिसोदिया के साथ गिरी नगर में गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद साहिब पहुंच कर मत्था टेका। आतिशी ने कहा कि आज मैं कालकाजी मंदिर में मां काली का आशीर्वाद लेने आई थी। मुझे विश्वास है कि मां कालका का आशीर्वाद हमेशा मुझ पर, आम आदमी पार्टी और कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों पर रहेगा।" आतिशी ने कहा, "मैंने पिछले पांच वर्षों से अपने निर्वाचन क्षेत्र में अथक परिश्रम किया है। कालकाजी के लोग मेरा परिवार हैं, वे मुझे अपनी बेटी और अपनी बहन के रूप में देखते हैं। मैं सिर्फ एक महिला नहीं हूं।" आतिशी ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटो पोस्ट करते हुए ये भी लिखा, "आज कालकाजी ने अपनी इस बेटी पर भरोसा जताते हुए नामांकन रैली में जो जबरदस्त समर्थन और आशीर्वाद दिया, वो मैं कभी नहीं भूल सकती। कालकाजी के मेरे परिवार ने साबित कर दिया है कि वह गाली-गलौच की गंदी राजनीति नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी की राजनीति के साथ खड़ी है।"

राजद की राजनीति परिवारवाद, झूठ और भ्रष्टाचार पर आधारित : दिलीप जायसवाल

पटना (आईएएनएस)। बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने सोमवार को विपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल केवल झूठ और नकारात्मक राजनीति की नींव पर टिके हुए हैं। बिहार की जनता ने इन दलों की विफलताओं को बार-बार नकारा है, लेकिन फिर भी ये जनता को गुमराह करने की कोशिश करते रहते हैं। जायसवाल ने कहा, "राजद और उसके सहयोगी दलों का एकमात्र एजेंडा विकास में बाधा डालना और बिहार को पीछे धकेलना है। जबकि, भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।" उन्होंने कहा कि राजद के नेताओं के पास न तो बिहार के विकास के लिए कोई दृष्टिकोण है और न ही अपने शासनकाल की विफलताओं का जवाब। ऐसे में भाजपा पर इस प्रकार के झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी हताशा और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है।

मोतिहारी पुलिस ने 2565 लीटर विदेशी शराब व करोड़ो के गांजा के साथ तीन तस्कर को किया गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण(हि.स.)। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर शराब व मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुआ है। पुलिस ने बीते 12 घंटे के दौरान दो अलग अलग थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए शराब की एक बड़ी खेप के साथ करीब 5 क्विंटल गांजा बरामद किया है। पहली कार्रवाई में छतौनी थाना पुलिस व डीआईयू की टीम ने नेपाल से तस्करी कर मध्य प्रदेश ले जा रहे एक टैंकर नंबर MP-13H0965 से 5 क्विंटल से अधिक गांजा जब्त किया है,साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है,सभी मध्यप्रदेश के रहने बताये जा रहे है। जब्त गांजा की कीमत करोड़ो में बतायी जा रही है।जबकि दूसरी कारवाई पकड़ीदयाल डीएसपी दुर्गा शक्ति के नेतृत्व में राजेपुर थाना पुलिस ने की है।जहां लावारिस हालत में खड़ी यूपी नंबर UP-12 BT-1852 की एक ट्रक से 389 कार्टन में रखे करीब 2565 लीटर विदेशी शराब जप्त किया है। जिसकी कीमत लाखो में बतायी जा रही है।

बिहार में शीतलहर का प्रकोप जारी, 31 जिलों में येलो अलर्ट

पटना(हि.स.)। बिहार में शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने राज्य के 31 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए हल्के से मध्यम कोहरे की चेतावनी दी है। राज्य के कई जिलों में सुबह के समय विजिबिलिटी बेहद कम (50 से 150 मीटर के बीच) दर्ज की जा रही है। कोहरे की घनी परत के कारण पटना, गया, पूर्णिया, भागलपुर, और मुजफ्फरपुर जैसे प्रमुख इलाकों में सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने राज्य के 31 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया, भागलपुर, बांका, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, नवादा, गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, बक्सर, भोजपुर, अरवल, पटना, जहानाबाद, नालंदा और बेगूसराय है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 12 जनवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। यह विक्षोभ 14 जनवरी की रात तक उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इस दौरान बिहार में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।

उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर चूड़ा-दही भोज में शामिल हुए राज्यपाल

पटना(हि.स.)। बिहार के राज्यपाल आरिफ मो. खान सोमवार को उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर आयोजित चूड़ा-दही भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिहारवासियों और देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। साथ ही चूड़ा-दही खाने के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर पहुंचे थे। राज्यपाल ने यहां उपस्थित पत्रकारों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि मकर संक्रांति हमारे देश का महत्वपूर्ण पर्व है। प्रार्थना है कि हमारे देश और प्रदेश के लिए आने वाला समय बहुत प्रगति लाए, उन्नति लाए, विकास लाए और खुशियां लाए। महाकुंभ में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं जा रहा हूं। बड़े संत ने मुझे महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया है। तीन दिनों के लिए वो कुंभ में जाएंगे। राज्यपाल ने विजय सिन्हा के आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रहे कलाकारों को राजभवन में भी आमंत्रित किया। इस भोज में मुख्यमंत्री नीतीश, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित एनडीए के तमाम नेता मौजूद रहे।

राम मंदिर के निर्माण के बाद व्यापार में हुई वृद्धि : व्यवसायी

अयोध्या (आईएएनएस)। राम की नगरी अयोध्या में पुनर्निर्माण और राम मंदिर के निर्माण के बाद व्यापारियों की बिक्री में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। स्थानीय व्यापारियों ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि अयोध्या के पुनर्निर्माण के बाद यहां का व्यापार 70 प्रतिशत तक बढ़ चुका है। हालांकि, इस पुनर्निर्माण के दौरान लोगों को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन अब इसका भरपूर फायदा मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या में बड़ा योगदान है, और उनके प्रयासों से हम पूरी तरह संतुष्ट हैं। व्यापारी वर्ग ने बताया कि रोज़ाना ढाई से तीन लाख श्रद्धालु अयोध्या आते हैं, और इसी कारण व्यापार भी बहुत अच्छे से चल रहा है। पहले कुछ दिक्कतें

थीं, लेकिन अब वही बदलाव व्यापारियों के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। चौड़ीकरण और अन्य सुधारों के बाद हर चीज के व्यापार में वृद्धि हुई है। राम मंदिर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को भी किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो रही और वे आराम से दर्शन और पूजा अर्चना कर रहे हैं।

व्यापारी पवन किशोर गुप्ता ने बताया, "अयोध्या का व्यापार पहले की तुलना में कम से कम 70 प्रतशित बढ़ चुका है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत बड़ा योगदान है, जिन्होंने अयोध्या को एक नई दिशा दी है। उनके प्रयासों से अयोध्या ने वह मुकाम हासिल किया है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी।" उन्होंने कहा, " व्यापारी वर्ग इस बदलाव से बहुत संतुष्ट है और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं कर रहा है। पहले जो कुछ समस्याएं थीं, वे अब सुलझ चुकी हैं और व्यापार बहुत अच्छे से चल रहा है। रोजाना कम से कम ढाई से तीन लाख श्रद्धालु अयोध्या आते हैं, दर्शन करते हैं, पूजा अर्चना करते हैं और इसके बाद हमारा व्यापार भी उसी के सहारे अच्छे से फल-फूल रहा है। अब हमें किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो रही। पहले जो चौड़ीकरण और अन्य बदलाव हुए थे, उनका असर अब सकारात्मक दिख रहा है और व्यापारी वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है।" उन्होंने कहा, "राम मंदिर के निर्माण के बाद, अयोध्या में परिवहन की स्थिति बेहतर हुई है और लाखों श्रद्धालु यहां आ रहे हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नॉर्टजे और एनगिडी की द. अफ्रीका टीम में वापसी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी जोड़ी एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगीडी ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वनडे टीम में वापसी की है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में है, जहां उनके साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें हैं। नॉर्टजे और एनगिडी ने चोटों के कारण पूरे घरेलू सीजन में कोई मैच नहीं खेला था। नॉर्टजे अपने बाएं पैर की उंगली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं, जबकि एनगिडी ग्रोइन की चोट से ठीक होकर मैदान पर लौटे हैं। 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा करेंगे। इस टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम का हिस्सा थे। टोनी डी जोरजी, रायन रिक्लटन, ट्रिस्टन स्टब्स और वियान मुल्डर को पहली बार किसी बड़े 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए चुना गया है। टीम कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, "हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की भरमार है, जिन्होंने दबाव भरे मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अनुभव ऐसे बड़े टूर्नामेंट में बेहद अहम होता है। हमने अपनी विश्व कप टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और कुछ नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया है। उन्होंने यह भी कहा, "आईसीसी टूर्नामेंट्स में हमारे हाल के प्रदर्शन यह दिखाते हैं कि हम ग्लोबल टूर्नामेंट्स के अंतिम दौर तक पहुंचने की क्षमता रखते हैं। इस बार हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतने का है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड (सीएसए) ने यह भी बताया कि इमरान खान, जो हाई-परफॉर्मेंस बैटिंग लीड हैं, इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी कोच के रूप में टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होंगे। रॉब वॉल्टर ने कहा, "हम इमरान का स्वागत करते हैं। उनका अनुभव हमारी बल्लेबाजी को और मजबूत करेगा और टीम को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

चोटिल पैट कमिंस कप्तान, मैथ्यू शॉर्ट और आरोन हार्डी जैसे नए चेहरे

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 खिलाड़ियों की शुरुआती टीम का ऐलान किया है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में शुरू होगा। ऑलराउंडर मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि हार्डी एक बढ़िया तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हैं। डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद, मैट शॉर्ट ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस, जो श्रीलंका दौरे के लिए टीम में नहीं थे, भी इस बार टीम में हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने भी अपनी जगह बरकरार रखी है। नाथन एलिस, जिन्होंने होबार्ट हरिकेंस को बीबीएल 14 के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, भी टीम में शामिल हैं। हालांकि, जैक फ्रेजर-मैकगर्क को खराब फॉर्म के चलते बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह शॉर्ट को ट्रेविस हेड के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया है। कप्तान पैट कमिंस इस टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे, लेकिन उनके टखने की चोट के चलते खेलना अभी तय नहीं है। कैमरन ग्रीन (पीठ की सर्जरी) और सीन एबॉट भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। चयनकर्ताओं ने टीम में ज्यादा ऑलराउंडरों को शामिल किया है, जिनमें मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और स्पिन ऑलराउंडर ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन शामिल हैं। एडम जाम्पा मुख्य स्पिनर होंगे, जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण में कमिंस, हेजलवुड और नाथन एलिस होंगे। चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, "यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है, जिसमें पिछले वनडे वर्ल्ड कप और अन्य बड़ी सीरीज का अनुभव है। यह टीम हर परिस्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम है। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसके मुकाबले अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से होंगे। ग्रुप के सभी मैच पाकिस्तान के लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे।

पैरा सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता

झारखंड पैरा तीरंदाजों ने जीते 11 पदक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजस्थान के जयपुर में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड पैरा तीरंदाजों ने - 08 सिल्वर एवं 03 बोंज के सहित कुल 11 पदक जीते। व्यक्तिगत स्पर्धा में झोंगो पाहन ने 50 मीटर में रजत पदक, जितुराम बेदिया ने 30 मीटर दूरी में रजत एवं 50 मीटर दूरी में कांस्य जीते। इंडियन राउंड में बालक टीम में जितुराम बेदिया और झोंगो पाहन ने सिल्वर मेडल जीते। वहीं इंडियन राउंड बालिका वर्ग में तुलसी कोरवा ने 50 मीटर दूरी और 30 मीटर दूरी में भी सिल्वर मेडल जीती। ओलंपिक राउंड में सिल्वर मेडल, इंडियन राउंड बालिका टीम ने तुलसी करोवा, गुरबारी केराई ने कांस्य पदक जीते। इंडियन राउंड मिक्स टीम में जितुराम बेदिया, तुलसी कोरवा ने रजत पदक जीता। रिकर्व स्पर्धा के रैंकिंग में विजय सुंडी सिल्वर मेडल व मिक्स टीम के सुकृति सिंह और विजय सुंडी ने ब्रोंज मेडल जीता। पदक विजेता खिलाड़ियों ने राज्य को गौरवान्वित किया है। जिसके लिये सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, टीम झारखंड और प्रशिक्षकों को झारखंड सरकार के खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, झारखंड तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, द्रोणाचार्य अवॉर्डी पद्मश्री पूर्णिमा महतो, सुमंत चंद मोहंती, हरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, बी एस राव समेत झारखंड के सभी प्रशिक्षकों एवं झारखंड तीरंदाजी संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

स्टार क्लब ने सात विकेट से जीता टूर्नामेंट

रांची। लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ईईएफ ग्राउंड टाटीसिलवे में इंस्पिरेशन सीए बनाम स्टार क्लब के बीच खेला गया। इंस्पिरेशन सीए ने 23.2 ओवर में 10 विकेट पर 159 रन बनाया। रुमन यादव ने 43 व कबीर अली ने 28 रन बनाया। गेंदबाजी में आयुष कुमार ने तीन विकेट लेकर 53, नीलभ कुमार ने तीन विकेट लेकर 13 रन व सूरज कुमार ने दो विकेट लेकर 19 रन दिया। स्टार क्लब टीम ने 17 ओवर में तीन विकेट पर 161 रन बनाया। बल्लेबाजी करने उतरे विवेक कुमार ने 41 व रोशन कुमार ने 39 रन बनाया। बबलू ने दो विकेट लेकर 31 रन दिया। स्टार क्लब ने 7 विकेट से जीत दर्ज किया।

खेल मंत्री से मिला झारखंड ओलंपिक संघ का प्रतिनिधिमंडल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार के साथ झारखंड ओलम्पिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक एवं झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सीडी सिंह की शिष्टाचार मुलाकात।

सिंधु 'नई जिंदगी', 'नए लक्ष्यों' के साथ सीजन के लिए तैयार

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत की दिग्गज शटलर और दो बार की मेडलिस्ट पीवी सिंधु अपनी शादी के बाद वापस प्रतिस्पर्धी खेल पर अपना फोकस कर रही हैं। उन्होंने नए सीजन के लिए 'नए लक्ष्य' निर्धारित किए हैं। सिंधु ने पिछले साल उदयपुर में हैदराबाद के बिजनेसमैन वेंकट दत्त साई के साथ शादी की है। वह मंगलवार से इंडिया ओपन, बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 में हिस्सा लेंगी, जो शादी के बाद उनका पहला टूर्नामेंट भी होगा। सिंधु ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईएएनएस को बताया, "नया साल है, तो नए लक्ष्य हैं, नई जिंदगी है और नया दौर है। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह मेरे लिए शादी के बाद और नए सीजन का पहला टूर्नामेंट है, और वो भी अपने देश में। मैंने पिछले साल चोट की वजह से यह टूर्नामेंट मिस कर दिया था। मैं इसे लेकर तैयार हूं और उम्मीद है कि अच्छा प्रदर्शन करूंगी। सिंधु ने 2017 में इंडिया ओपन जीता था और 2018 में वह उपविजेता रही थीं। इसके बाद 2019 और 2022 में वह सेमीफाइनल तक पहुंचीं, लेकिन 2023 में पहले दौर में बाहर हो गईं। चोट के कारण उन्होंने पिछले साल का सुपर 750 टूर्नामेंट भी नहीं खेला था।

स्थानीय प्रशंसकों के समर्थन को लेकर उन्होंने कहा, "यहां हमेशा दर्शकों का अच्छा समर्थन मिलता है। मुझे उम्मीद है कि यहां भी फैन्स मेरा साथ देंगे और उनके समर्थन से मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी।

अजित ने रेसिंग कार पर लगाया तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण का लोगो

चेन्नई । तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अभिनेता अजित कुमार को कार पर तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण का लोगो और उनकी टीम अजित कुमार रेसिंग द्वारा इस्तेमाल किए गए उपकरणों को प्रदर्शित करने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने प्रतिष्ठित 24एच दुबई 2025 रेसिंग इवेंट की 991 श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल करने पर अभिनेता और उनकी टीम को तहे दिल से बधाई दी। अपनी एक्स टाइमलाइन पर उदयनिधि ने लिखा, "मैं यह सुनकर रोमांचित हूं कि अजित कुमार सर और उनकी टीम ने 24एच दुबई 2025 में 991 श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल किया है।

रांची विवि की तीन खिलाड़ियों का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चयन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा 8 से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित उत्तर पूर्व विश्वविद्यालय जूडो चैंपियनशिप में रांची विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रांची विश्वविद्यालय की तीन खिलाड़ियों, निधि कुमारी, चांदनी कुमारी और सुषमा कुमारी ने अपनी उत्कृष्ट क्षमता और मेहनत के बल पर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालिफाई किया।

इन खिलाड़ियों की सफलता ने न केवल रांची विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है। झारखंड जूडो एसोसिएशन अध्यक्ष श्री के एन त्रिपाठी महासचिव श्री परीक्षित तिवारी,कोच रिचा कुमारी और अभिषेक कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर झारखंड जूडो एसोसिएशन के सचिव श्री परिक्षित तिवारी ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को सराहा और कोच के माध्यम से उन्हें शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के शानदार आयोजन में देशभर की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भाग लिया, जहां रांची विश्वविद्यालय की खिलाड़ियों ने अपने कौशल और संघर्षपूर्ण प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। कोच रिचा कुमारी ने कहा, "निधि, चांदनी और सुषमा की यह सफलता झारखंड के जूडो के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। झारखंड जूडो एसोसिएशन महासचिव परिक्षित तिवारी ने कहा, इन खिलाड़ियों की मेहनत और लगन ने झारखंड का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा देगी और राज्य में खेलों को प्रोत्साहन मिलेगा। अब ये तीनों खिलाड़ी अमृतसर में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में झारखंड और रांची विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

जस्टिस ब्लू ने 6 विकेट से जीत अपने नाम की

रांची। लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभात तारा ग्राउंड में साई ई बनाम जस्टिस ब्लू के बीच खेला गया। साई ई की टीम ने 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 65 रन बनाया। बल्लेबाजी करने उतरे चिराग ने सर्वाधित 14 रन बनाया। वहीं गेंदबाजी के दौरान आदित्य चौधरी ने चार विकेट लेकर 16 रन, विराट कुमार ने तीन विकेट लेकर 15 रन, समीर टोप्पो ने दो विकेट लेकर 15 रन व आबिद ने एक विकेट लेकर 18 रन दिया। जस्टिस ब्लू की टीम ने 8.4 ओवर में चार विकेट पर 68 रन दिया। अथर्व ने 22 व आर्यन ने 18 रन बनाया। गेंदबाजी मे सौरव ने दो विकेट लेकर 11 रन, चिराग ने एक विकेट लेकर 24 रन, अर्पित ने एक विकेट लेकर 13 रन दिया। जस्टिस ब्लू 6 विकेट से टूर्नामेंट जीता।

जस्टिस ग्रीन ने 50 रन से जीत अपने नाम की

रांची। सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टर्नामेंट गोलचक्कर मैदान में कुशमाही सीए बनाम जस्टिस ग्रीन के बीच खेला गया। जस्टिस ग्रीन टीम ने 34.2 ओवर में 10 विकेट पनर 171 रन बनाया। साद ने 46 व सफी ने 41 रन बनाया। गेंदबाजी करते हुए राजेश ने तीन विकेट लेकर 21रन, अंकित ने दो विकेट लेकर 29 रन व भास्कर ने दो विकेट लेकर 36 रन दिया। कुशमाही सीए की टीम ने 21 ओवर में 10 विकेट पर 121 रन बनाया। भास्कर ने 47, संतोष ने 21 व सुबोध ने 20 रन बनाए। आदर्श ने सात विकेट लेकर 40 रन व अरमान ने दो विकेट लेकर 22 रन दिया। जस्टिस ग्रीन ने 50 रन से जीत दर्ज की।

एसएसवीएम ने सात विकेट से टूर्नामेंट जीता

रांची। वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट डीएवी कपिलदेव बनाम एसएसवीएम के बीच नेहरू स्टेडियम में खेला गया। डीएवी कपिलदेव ने 25.4 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन बनाया। हर्ष ने 23 व सक्षम ने 22 रन बनाया। स्वास्तिक ने 5 विकेट लेकर 18, हेमंत ने 2 विकेट लेकर 1 व साहिल ने 2 विकेट लेकर 13 रन दिया। एसएसवीएम ने 13.2 ओवर में तीन विकेट पर 104 रन बनाया। शुभम ने 23, नैतिक ने 21 रन बनाया। प्रतियुष, लकी और सक्षम ने 1-1 विकेट लिए। एसएसवीएम ने 7 विकेट से टूर्नामेंट जीता।

व्यापार/लाइफ व साइंस

सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट, निवेशकों के डूबे 12 लाख करोड़ रुपये

मुंबई (आईएएनएस)

- कारोबार के अंत में रियलिटी पीएसयू बैंक, मेटल, ऑटो और फार्मा सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई
- रियलिटी सेक्टर 6 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ

भारतीय शेयर बाजार नकारात्मक संकेतों के बीच सोमवार को 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार पर मजबूत अमेरिकी रोजगार डेटा का प्रभाव भी रहा, जो 2025 में ब्याज दरों में कम कटौती का संकेत देता है। बाजार में गिरावट के दूसरे कारणों में क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें, रुपये में कमजोरी और विदेशी पूंजी आउटफ्लो शामिल हैं। बाजार में आई गिरावट से निवेशकों को करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कारोबार के अंत में रियलिटी, पीएसयू बैंक, मेटल, ऑटो और फार्मा सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। रियलिटी सेक्टर 6 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ।

सेंसेक्स 1,048.90 अंक या 1.36 फीसदी की गिरावट के साथ 76,330.01 पर बंद हुआ और निफ्टी 345.55 अंक या 1.47 फीसदी की गिरावट के साथ 23,085.95 पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई, जिससे घरेलू बाजारों में भी इसी तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली, क्योंकि मजबूत अमेरिकी पेरोल डेटा ने 2025 में कम दरों में कटौती का संकेत दिया। इससे डॉलर मजबूत हुआ, बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी हुई और उभरते बाजार कम आकर्षक हो गए। एलकेपी सिक्योरिटीज के रूपक दे ने कहा, "निफ्टी के महत्वपूर्ण स्तरों को पार करने के कारण बियर हावी रहे। डेली चार्ट पर सूचकांक अपने पिछले स्विंग लो से नीचे फिसल गया, जो बढ़ती मंदी का संकेत है। हालांकि, निफ्टी ने 23,000 अंक के स्तर को बनाए रखा, जो एक महत्वपूर्ण स्तर बना हुआ है।

अगर निफ्टी अगले कुछ दिनों में 23,000 से ऊपर बना रहता है, तो यह संभावित सुधार का संकेत दे सकता है। इसके विपरीत, इस स्तर से नीचे एक निर्णायक गिरावट एक गहरे सुधार को ट्रिगर कर सकती है। निफ्टी बैंक 692.90 अंक या 1.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,041.25 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2,195.35 अंक या 4.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,390.4 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 723.45 अंक या 4.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,922.10 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स रहे। जबकि, एक्सिस बैंक, टीसीएस, इंडसइंड बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड टॉप गेनर्स रहे। एफआईआई लगातार छठे दिन शुद्ध विक्रेता बने रहे, क्योंकि उन्होंने 10 जनवरी को 2,254.68 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, दूसरी ओर घरेलू संस्थागत ने 3,961.92 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

भारत की ग्रीन एनर्जी कैपेसिटी 2024 में 16% बढ़कर हुई 209 गीगावाट

नई दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारत की कुल रिन्यूबल एनर्जी इंस्टॉल्ड कैपेसिटी में दिसंबर 2024 तक 15.84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो दिसंबर 2023 में 180.80 गीगावाट से बढ़कर अब 209.44 गीगावाट हो गई है। बयान में कहा गया है कि 2024 के दौरान जोड़ी गई कुल कैपेसिटी 28.64 गीगावाट थी, जो 2023 में जोड़े गए 13.05 गीगावाट की तुलना में 119.46 प्रतिशत की सालाना वृद्धि को दर्शाती है। सोलर एनर्जी सेक्टर ने 24.54 गीगावाट की वृद्धि के साथ इस वृद्धि का नेतृत्व किया, जो इसकी क्यूमलेटिव इंस्टॉल्ड कैपेसिटी में 33.47 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो 2023 में 73.32 गीगावाट से बढ़कर 2024 में 97.86 गीगावाट हो गई है। विंड एनर्जी ने भी इस विस्तार में योगदान दिया, 2024 में एडिशनल 3.42 गीगावाट स्थापित होने से कुल विंड कैपेसिटी बढ़कर 48.16 गीगावाट हो गई, जो 2023 से 7.64 प्रतिशत की वृद्धि है। बायोएनर्जी ने भी शानदार वृद्धि दिखाई है, इसकी इंस्टॉल्ड कैपेसिटी दिसंबर 2023 में 10.84 गीगावाट से बढ़कर दिसंबर 2024 में 11.35 गीगावाट हो गई है।

आईपीओ लाने जा रही सीफूड कंपनी कैप्टन फ्रेश को वित्त वर्ष 24 में हुआ 229 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली (आईएएनएस)

आईपीओ लाने की तैयारी कर रही बी2बी सेगमेंट की सीफूड कंपनी कैप्टन फ्रेश को वित्त वर्ष 24 में 229 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कंपनी के नुकसान में सालाना आधार पर 340 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 23 में यह 52 करोड़ रुपये था। कंपनी का नुकसान बढ़ने की वजह कुल खर्च में बढ़ोतरी होना है। वित्त वर्ष 24 में यह सालाना आधार पर 44.8 प्रतिशत बढ़कर 1,648 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 1,138 करोड़ रुपये था। कंपनी के खर्च में सबसे बड़ी हिस्सेदारी 79.55 प्रतिशत सामग्री लागत की है। वित्त वर्ष 24 में यह 72.5 प्रतिशत बढ़कर 1,311 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी का वित्त वर्ष 24 में कर्मचारी खर्च सालाना आधार पर 32.45 प्रतिशत घटकर 81.6 करोड़ रुपये हो गया है। लीगल खर्च सालाना आधार पर 30.56 प्रतिशत बढ़कर 47 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी का ट्रांसपोर्टेशन खर्च सालाना आधार पर 24 प्रतिशत गिरकर 38 करोड़ रुपये हो गया है। अन्य खर्च 170.4 करोड़ रुपये पर स्थिर बने हुए हैं। वित्त वर्ष 24 में कैप्टन फ्रेश की परिचालन आय सालाना आधार पर 70.7 प्रतिशत बढ़कर 1,395 करोड़ रुपये रही है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 817 करोड़ रुपये थी। इसमें से 99.28 प्रतिशत या 1,385 करोड़ रुपये की आय उत्पादों की बिक्री से आई है। वहीं, सेवाओं की बिक्री से 1.3 करोड़ रुपये और अन्य मदों से 8.7 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है।

एनसीआर में 1 करोड़ से अधिक के घरों की बिक्री में 2024 में बंपर उछाल

नई दिल्ली । नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में 2024 में बेचे गए कुल घरों में एक करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाली प्रॉपर्टी की हिस्सेदारी बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये और 2 करोड़ से 5 करोड़ रुपये के वर्ग में सबसे अधिक गतिविधि देखी गई, जो दिखाता है कि घर खरीदारों द्वारा गुणवत्तापूर्ण रहने की जगह को प्राथमिकता दी जा रही है। 2024 में एनसीआर ने देश के शीर्ष आठ बाजारों में 2 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये की टिकट साइज कैटेगरी में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। डेटा के मुताबिक, 18,997 यूनिट की बिक्री के साथ एनसीआर, इस टिकट साइज सेगमेंट में बिक्री में शीर्ष पर रहा है और इस रीजन ने देश के आठ बाजारों में हुई कुल बिक्री में 38 प्रतिशत योगदान दिया है। 2024 में एनसीआर में 2 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये के सेगमेंट में भी घरों की बिक्री में 84 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है।

पुरानी योजनाओं को एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश

बारियातू। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में मनरेगा संबंधित सभी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पंचायत के सबंधित कर्मियों से पंचायत वार संचालित योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड में संचालित सभी छोटी व पुराने योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कर बंद करने का निर्देश दिया। वैसे योजनाएं जिसमें 75 प्रतिशत से अधिक राशि खर्च हो चुका है, वैसे योजनाओं में तेजी लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित पोटो को खेल मैदान निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही। एबीपीएस रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन में प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ केतन गुप्ता, एई सत्येंद्र उरांव, जेई आशीष गुप्ता, रोजगार सेवक, बीएफटी व कंप्यूटर आपरेटर, प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

अपार आईडी जेनरेशन का काम शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर सरकार द्वारा विद्यालय स्तर पर चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मियों को सजगता के साथ काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पोशाक, छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करने, विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों की

उपस्थिति के बारे में जानकारी लेने के बाद सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अपार आईडी जेनरेशन का कार्य निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत पूरा करने का भी उपायुक्त ने निर्देश दिया। विद्यालयों में विद्यार्थियों का आधार कार्ड बनवाना और इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी बीईईओ, बीपीओ को सभी तरह का डेटा शत प्रतिशत सही प्रविष्टि कर कार्यों में तेजी लाते हुए सुधारात्मक प्रगति,अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरंतर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला के प्रत्येक स्कूलों का संचालन सही तरीके से करते हुए स्कूलों में बच्चों का ड्रेस, पानी, शौचालय के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त मध्याहन भोजन की समीक्षा करते हुए जिला का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्याहन भोजन का संचालन करने व मध्याहन भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र-छात्राओं को दी जाती है, उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी करें। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, एडीपीओ, एपीओ, बीपीओ, बीईईओ उपस्थित थे।

संवेदक ने पलामू एसपी को ज्ञापन सौंपा, जांच की मांग

हुसैनाबाद। नगर पंचायत के संवेदक रोहन कुमार सिंह ने पलामू एसपी को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व नगर प्रबंधक राकेश कुमार सिंह व संवेदक के बीच निविदा को लेकर मारपीट हुई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। हुसैनाबाद थाना प्रभारी ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पलामू एसपी को दिए गए ज्ञापन में संवेदक रोहन सिंह ने कहा कि नगर प्रबंधक ने निविदा वापस करने के लिए बार-बार दबाव बनाया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी। घटना के दिन 10 जनवरी को दोपहर दो बजे नपं कर्मी उमेद्र ठाकुर के मोबाईल नंबर 8674961422 से कॉल कर मुझे सीटी मैनेजर ने खुद ऑफिस में बुलाया और कार्यपालक पदाधिकारी तरनिस हंस ने कार्यालय कक्ष में बुलाकर कहा कि निविदा संख्या 12 में कुल 14 काम निकाला गया है, जिसमें सभी कार्यो का प्रत्येक संवेदक को आवंटित कर दिया गया। एक मात्र यह काम में आप अपना पेपर लिखित रूप से वापस ले लीजिए। तब हमने कहा कि पेपर क्लियर करना तो आपका सक्षम अधिकार है तो मुझे जबरन क्यों बुलाया गया हैं। जिस पर प्रशासकीय पदाधिकारी ने कहा कि इस सबंध में आप मेरे सिटी मैनेजर से बात कर लीजिए, जिसके बाद सिटी मिशन मैनेजर राकेश सिंह ने मुझे अपने चैंबर में बुलाकर जबरन पेपर वापस लेने का दबाव बनाया और मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। उन्होंने बिंदुवार जानकारी देते हुए ज्ञापन में लिखा है कि सिटी मैनेजर निविदा समिति में सक्षम पदाधिकारी नही हैं, इसके बावजूद भी षड्यंत्र के तहत दबाव बनाया गया। उन्होंने बताया है कि नगर प्रबंधक द्वारा थाना को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मैं हथियार के साथ उनके कार्यालय में घुसकर मारपीट किया और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की बात सरासर बेबुनियाद है। क्योकि नगर प्रबंधक के साथ हुए विवाद का सीसीटीवी फुटेज नपं कार्यालय में लगे सीसीटीवी में उपलब्ध है जो जांच का विषय है।

मंईयां सम्मान योजना : बैंकों में उमड़ रही महिलाओं की भीड़, बैंक कर्मी हो रहे परेशान

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर (चतरा)। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि को लेकर सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया व झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में महिलाओं की भीड़ अचानक उमड़ पड़ी। महिलाओं को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। परंतु महिलाएं समझने को तैयार नहीं थी। वैसे में बैंक कर्मी काफी परेशान परेशान दिख रहे थे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि निकासी को लेकर महिलाओं की भीड़ सोमवार को उमड़ पड़ी। कई महिलाओं के

खाते में राशि नहीं आई वह सरकार को कोसते हुए बैरंग वापस लौट रहे थे। जिन महिलाओं को राशि मिल रही थी। उनके चेहरे पर अलग खुशी देखी जा रही थी। जिन महिलाओं को राशि नहीं मिली, वैसे में सरकार के दोहरी नीति को कोस रहे थे। बताया जाता है कि कई महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं पहुंच पाई है। दूसरी तरफ लाभुकों की सत्यापन का कार्य प्रखंड व अंचल कार्यालय द्वारा किया जा

अवैध बालू भंडारण मामले में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

मयूरहंड (चतरा)। थाना क्षेत्र के बडाकर नदी सोकी में बालू माफियाओं द्वारा भारी संख्या में अवैध बालू भंडारण के बाद बालू जब्त मामले में पुलिस ने 10 में दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि खनन विभाग ने रविवार को अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए जब्त बालू मामले 10 लोगों पर मयूरहंड थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। थाना प्रभारी अमित कुमार ने सोकी गांव के आरोपी बबूनी महतों के पुत्र गांगो महतो, टिको महतो के पुत्र सुभाष महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया। अन्य आरोपिओं की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी अभियान चला रही है।

डॉ खगेंद्र ठाकुर बौद्धिक विरासत थे उनकी कमी हमेशा खलेगी : अजय सिंह

रांची। भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार मे हिंदी साहित्य जगत के प्रख्यात आलोचक आजीवन कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य डॉ खगेन्द्र ठाकुर की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर पर उन्हें याद किया गया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कार्यालय सचिव सह जिला मंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ खगेन्द्र ठाकुर का जीवन एक खुली किताब था। उन्होंने अपने जीवन काल में कई पुस्तके लिखी जो देश में व्याप्त सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को दर्शाता है और भारतीय समाज मे व्यापत कुरीतियों को दर्शाता है। स्व. डॉ खगेन्द्र ठाकुर ने अपने जीवन काल मे कई पत्र, पत्रिकाओं और अखबारों में संपादकीय की भूमिका निभाई और कई नए लेखकों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से साहित्य जगत में खालीपन आया है। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के संयोजक सुनील सिंह ने कहा कि खगेन्द्र ठाकुर ने कई युवा पत्रकारों को लेखनी में सहयोग प्रदान किया और समाज के प्रति पत्रकारों के दायित्व के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया।

पेज एक के शेष

संगम की रेती...

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक श्रद्धालुओं का अपार उत्साह-उमंग दशार्ता है कि आगे आने वाले 45 दिनों में महाकुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुमान से भी ज्यादा भक्तों की भीड़ उमड़ सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। डीआईजी और एसएसपी खुद भ्रमण कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पौष पूर्णिमा के अवसर पर कल्पवासी संगम में स्नान कर कल्पवास के कठिन नियमों का महाकुंभ अवधि के दौरान पालन करते हुए पुण्य प्राप्ति, सद्गति, मोक्ष प्राप्ति और सकल विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। महाकुंभ के प्रारंभ होने के साथ ही सोमवार होने के कारण महादेव की उपासना के विशेष संयोग ने इस क्षण को और भी दुर्लभ बना दिया। महाकुंभ मेला क्षेत्र के सभी घाटों पर श्रद्धालु महादेव की उपासना में पवित्र जलधारा में डुबकी लगाकर संकल्प लेते दिखे। हर-हर महादेव, जय श्रीराम और जय बजरंग बली जैसे नारों से रह-रहकर संगम नोज समेत सभी घाट दिनभर गुंजायमान होते रहे।

विदेशी श्रद्धालु भी हुए महाकुंभ के मुरीद : संगम तट पर सोमवार को देश-विदेश के श्रद्धालुओं का तांता देखने को मिला। साउथ कोरिया से आए यू-ट्यूबर दल महाकुंभ के विभिन्न शॉट्स को अपने कैमरे में कैप्चर किया, तो जापान से आए पर्यटक महाकुंभ में अपार जनसैलाब को देखकर स्थानीय गाइडों से जानकारी लेते दिखे। रूस-अमेरिका समेत विभिन्न देशों से आए सनातनी श्रद्धालुओं ने सोमवार को आस्था और एकता के इस महापर्व का साक्षात्कार करने के साथ ही पुण्य की डुबकी लगाई। स्पेन से आई क्रिस्टीना भी इन्हीं में से एक थीं, जिन्होंने महाकुंभ की भव्यता को देखकर मुक्त कंठ से इस अद्भुत क्षण की प्रशंसा की।

झारखंड में खुलेंगे...

जल्द ही रिक्त पदों को योजनाबद्ध तरीके से भरने के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ममता देवी ने बालिका आवासीय विद्यालय में सीसीटीवी लगाने का सुझाव दिया, तो डीसी चंदन कुमार ने तत्काल इसकी पहल की। उन्होंने सभी बालिका आवासीय विद्यालय में मार्शल आर्ट के प्रशिक्षण शुरू करने को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं संगीत के क्षेत्र में भी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम में डीसी चंदन कुमार ने कहा कि रामगढ़ जिले के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें और बेहतर माहौल देने की आवश्यकता है। इसके लिए जिला प्रशासन कार्य कर रहा है। वर्तमान स्थिति के हिसाब से आने वाले अगले 15 साल महिलाओं के विकास के लिए बेहद खास है। इसलिए आप सभी मन लगाकर पढ़ें और अपना व देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विधायक ममता देवी, डीसी चंदन कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो और अन्य अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

रिम्स में नहीं...

किस तरह के डाक्टरों की कमी है, कितने और किस तरह के मेडिकल उपकरणों की आवश्यकता है। लेकिन, जब डाटाबेस ही नहीं है, तो रिम्स में बेहतर आधुनिक इलाज की क्या उम्मीद रखी जाए। यह भी हो रहा है कि मरीजों को इलाज के दौरान सभी दवाएं नहीं मिलती हैं। मरीजों को अधिकांश दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ती हैं। सारी महंगी दवाएं अपने पैसे से खरीदनी पड़े, तो सरकारी अस्पताल किस बात का। अगर डाटाबेस होता है, तो आकलन हो सकता था कि रिम्स को क्या जरूरत है और क्या कमी है। अभी यह हाल है कि अंदाज से दवाओं की खेप मंगाई जाती है। सवाल उठता है कि जितनी दवाएं मंगाई जाती हैं, क्या वे उपयोगी होती हैं। अक्सर देखा जाता है कि यदाकदा एक्सपायरी दवाएं बड़ी मात्रा में फेंकी हुई पाई जाती हैं। मरीजों के डाटाबेस के संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन से सवाल पूछे, तो उन्होंने कहा कि रिम्स आने वाले मरीजों की बीमारी की कैटेगरी के अनुसार अभी कोई डाटाबेस नहीं उपलब्ध है। मतलब स्पष्ट तौर पर प्रबंधन यह नहीं बता सकता है कि पिछले दो महीनों में किस तरह के और कितने मरीज रिम्स में इलाज कराने के लिए आए हैं।

दक्षिण-पश्चिमी जापान...

अक्सर भूकंप की चपेट में रहता है। पिछली बार वर्ष 2011 में जापान में भूकंप के बाद सुनामी ने कोहराम मचाया था। तब सुनामी में तोहोकू तटरेखा के साथ-साथ कई नगर पालिकाओं और कई प्रान्तों में रहने वाले समुदायों को तबाह कर दिया था। इसमें 15 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

झामुमो नेता के...

कार्रवाई तेज कर दी है। पूरे क्षेत्र में पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही है। इधर, झामुमो नेता कारू यादव घटना के बाद से फरार चल रहा है। पुलिस कारू यादव की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापे मार रही है। कारू यादव के मार्केट में लगे सीसीटीवी डीवीआर को भी पुलिस ने जब्त किया है।

वर्ष 2025 में...

ज्ञात हो कि बीते माह राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में रिजिजू ने बताया था कि वर्ष 2025 के लिए कोटा का वितरण पहले जैसा ही रहेगा, जिसमें 70 प्रतिशत कोटा हज कमेटी ऑफ इंडिया और 30 प्रतिशत कोटा हज ग्रुप ऑगेर्नाइजेशन को आवंटित किया गया है। रिजिजू ने यह भी बताया कि बीते पांच वर्षों में हज कोटे का वितरण 70:30 से लेकर 80:20 के बीच रहा है।

मां महा मैत्रायणी योगिनी का मनाया महानिर्वाण दिवस

विश्रामपुर। श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में सोमवार को मां महा मैत्रायनी योगनी जी का महानिर्वाण दिवस पूरे विधि विधान के साथ सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजाअर्चना की गई।श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता रश्मि राय व संचालन संजीत कुमार मिश्रा ने किया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि रंजित सिंह ने सर्वेश्वरी समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि जीवन के आदर्शों से अवगत कराने के लिये,भूले भटके लोगों को सिखाने व आदर्श जीवन की प्रेरणा देने के लिये ही सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की गयी है। बच्चों के बीच में अच्छे संस्कार देना व नशा मुक्ति अभियान पर भी जोर दिया। समूह द्वारा चलाये जा रहे 19 सूत्रीय कार्यक्रम पर भी उन्होंने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इसके बाद समूह द्वारा तोलरा दुसाध टोला स्थित स्कूल परिसर में गर्म वस्त्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। वहां परमपूज्य गुरुदेव गुरुपद संभव बाबा जी,परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी व अघोराचार्य बाबा किना राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। यहां भी विशेष पूजा आरती हुई। इसके बाद वस्त्र वितरण समारोह का विधिवत उद्घाटन रश्मि राय,रंजित सिंह व मुखिया रोहित तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप जला कर किया गया।

किसान का बेटा जेएनयू से पीएचडी कर गांव लौटा, स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। प्रखंड की अरंगी पंचायत में सोमवार गांव के अत्यंत गरीब किसान परिवार के बेटे डॉ. दुदुन मेहता (सहायक प्राध्यापक, जंतु विज्ञान, उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग) ने देश के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनके गांव आगमन पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के लोगों ने गाजे-बाजे और फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। डॉ. दुदुन मेहता की

उपलब्धि ने युवा पीढ़ी को प्रेरणा दी है।

तीन आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। पुलिस ने थाना में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। बजे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि न्यायालय गढ़वा से निर्गत वारंटी थाना क्षेत्र के छतैलिया गांव

निवासी भागवत यादव पिता केश्वर यादव, सिगसिगा कला गांव निवासी महेंद्र यादव पिता गणेश यादव,चफला गांव निवासी कमलेश भुइयां पिता अयोध्या भुइयां को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में चिकित्सीय जांच के बाद जेल भेज दिया गया है। तीनों विभिन्न धाराओं के नामजद अभियुक्त थे, जिनके उपर गढ़वा न्यायालय से वारंट निर्गत था। छापेमारी अभियान में एएसआई नवीन कुमार राणा, कृष्णा साह, सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

महाकुंभ स्नान के लिए राजी से 45 जत्था प्रयागराज रवाना

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी (गढ़वा)। राजी पंचायत से 45 सदस्यीय जत्था महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुआ। जत्थे को पंचायत के मुखिया पति संतोष कुमार सिंह ने शुभकामनाओं के साथ विदा किया। उन्होंने कहा कि 144 वर्षों बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ऐसा महाकुंभ आयोजित हो रहा है, जो बहुत ही विशेष और दुर्लभ अवसर है। पंचायत से विशेष रूप से रिजर्व बस का इंतजाम कर जत्थे को भेजा गया। राजी बस्ती निवासी लालदेव पासवान ने बताया कि जत्था सबसे पहले विंध्याचल मंदिर में दर्शन करेगा। इसके बाद रात्रि में प्रयागराज पहुंचेगा। वहां सर्वप्रथम संगम में स्नान होगा। इसके बाद काशी विश्वनाथ मंदिर और बनारस कॉरिडोर का दर्शन और भ्रमण कर जत्था वापस लौटेगा। इस यात्रा में लालदेव पासवान, शशि पासवान, अमर प्रताप मेहता, कैलाश प्रसाद साह, अशोक पटेल, लाल बिहारी चौधरी, कामेश्वर पासवान, दुलर चौधरी, हरिवंश पासवान, नागेंद्र पासवान, लालू मेहता, विष्णु राम, रमेश चौधरी, अनिल पासवान, मोहन प्रसाद, सत्यनारायण चौधरी, सुनील चौधरी, ध्रुव पटेल, पवन साह, गंगा चौधरी, विनोद राम, शिवनाथ चौधरी, रघुनंदन चौधरी, सुरेश साह, कमलेश मेहता, श्याम पासवान, दिनेश चौधरी, सुभाष चौधरी, राजेश पटेल, कन्हैया चौधरी, नवीन पासवान, महेश चौधरी, शिवचरण साह, नारायण चौधरी, घनश्याम साह, प्रकाश पटेल सहित अन्य शामिल हैं।

यातायात जागरूकता रथ को थाना प्रभारी ने रवाना किया

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र में सड़क दुघर्टना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी रंजनी रंजन के नेतृत्व में यातायात जागरूकता व नशामुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता रथ रवाना किया गया। जागरूकता रथ भवनाथपुर बाजार के साथ साथ भीड़ वाले जगहों के साथ पंचायत में भी लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। रथ के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ शराब पीकर मोटरसाइकिल नहीं चलाने, हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाने के अलावा नशा मुक्ति पर जागरूक करने का काम कर रहा है। थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि आए दिन लापरवाही के कारण सड़क दुघर्टना होती है और लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ती है। इतना ही नहीं आज के युवा बगैर हेलमेट के व शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं। उन्होंने लोगों को शराब नहीं पीने व सुरक्षा के साथ गाड़ी चलाने का आग्रह किया है।

महाब्राह्मणों का महाकुंभ 13 व 14 अप्रैल को

नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम राजोगाड़ी में 13 और 14 अप्रैल को दो दिवसीय महाब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर महा ब्राह्मण समाज का दौर शुरू हो गया है। रविवार को राजोगाड़ी में दीप जला कर दौरा की शुरूआत की गई। साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने पहले दिन भदुमा के लिए रवाना हुए। राजोगाड़ी में महाब्राह्मण संघ के केंद्रीय संरक्षक किशोरी मोहन पांडेय ने कहा कि 12 वर्ष बाद पुनः यहां महाब्राह्मण का महाकुंभ लगने जा रहा है। जिसमें पूरे झारखंड से 5 हजार से अधिक समाज के लोग शामिल होंगे।

आमजनों को नशे की लत से निजात दिलाना हेल्थ प्रोफेशनल का दायित्व : सिविल सर्जन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हेल्थ प्रोफेशनल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थापित कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर को प्रशिक्षित किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि भारत तंबाकू आधारित उत्पादों का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक है। तंबाकू का सेवन, बहुत सारे रोगों जैसे- कैंसर, फेफड़ों की बीमारियों

और हृदय रोग सहित स्वास्थ्यगत बीमारियों के मुख्य कारकों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल सबसे बड़े तंबाकू उत्पादक देशों में से एक है, बल्कि विश्व में तंबाकू के सेवन से होने वाली मौतों के 1/6वें हिस्से का जिम्मेदार भी है। उन्होंने हेल्थ प्रोफेशनल से कहा कि उनका दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक कर सकें। आम जनों को नशे की लत से निजात दिलाने में सहायक सिद्ध हो, तभी हम एक स्वस्थ समाज की कल्पना कर सकते हैं।

जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. सीमा गुप्ता ने कोटपा एक्ट अधिनियम 2003 के बारे में बताया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल रांची एवं रिम्स डेंटल कॉलेज में तंबाकू सीजन सेंटर स्थापित की गई है, जहां पर तंबाकू एवं तंबाकू संबंध पदार्थ की लत से निजात दिलाया जाता है। साथ ही इस लत को छुड़ाने के लिए मुफ्त में गम और पैचेस डॉक्टर की सलाह पर मरीज को दी जाती है। इसका प्रभाव यह देखा गया है कि लोग तंबाकू का सेवन करना धीरे-धीरे छोड़ रहे हैं। मौके पर जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ आसिफ कुमार मांझी, डॉ एआर मुस्ताफी, सुशांत कुमार, तारा पद कोयरी, संजय तिवारी, फाइनेंशियल एंड लॉजिस्टिक कंसलटेंट एनसीडी सरोज कुमार चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

हुसैनाबाद प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चुने गए नरेश

हुसैनाबाद। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मुखिया कक्ष में हुसैनाबाद के सभी मुखिया की बैठक हुई। सर्वसम्मति से प्रखंड मुखिया संघ का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष पद का चुनाव गुप्त मतदान से कराया गया। मतदान में 18 मुखिया ने भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए श्रवण राम व नरेश पासवान ने दावेदारी पेश की। गुप्त मतदान में नरेश पासवान निर्वाचित हुए। नरेश राम को 11मत मिलें, जबकि श्रवण राम को 7 मत प्राप्त हुए। मुखिया संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर सभी मुखिया ने नरेश पासवान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष नरेश पासवान के नेतृत्व में मुखिया की समस्याओं का समाधान होगा।

छत्तीसगढ़ के हसदेव नदी के किनारे मिला 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म

हेरिटेज साइट के रूप में विकसित किया जाएगा : सीएम विष्णु देव साय

रायपुर (हि.स.)

छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिला अब इतिहास, पुरातत्व और प्रकृति प्रेमियों के लिए नया आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। यहां हसदेव नदी के किनारे 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिला है। छत्तीसगढ़ सरकार इसे एक मैरिन फॉसिल्स पार्क के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही है। यह पार्क न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे एशिया का गौरव बनने वाला है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोमवार को इस बारे में जानकारी साझा की है। सरकार ने इस विषय पर गहरी रुचि दिखाते हुए इसे नए सिरे से आगे बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया है। जीवाश्मों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित करने और मनेंद्रगढ़ को एक प्रमुख वैज्ञानिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को कहा कि मनेंद्रगढ़ में 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिलना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। यह न केवल वैज्ञानिक शोध का केंद्र बनेगा, बल्कि पर्यटन से जुड़े रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। राज्य सरकार अपनी प्राकृतिक धरोहरों को सहेजने और उनका विकास करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैरिन फॉसिल्स पार्क के रूप में विकसित होने के बाद यह क्षेत्र एक बायोडायवर्सिटी हेरिटेज साइट के रूप में पर्यटकों और वैज्ञानिकों के लिए खुल जाएगा। यहां आने वाले सैलानी करोड़ों साल पुराने जीवों की उत्पत्ति और उनके विकास की कहानी को देख और समझ सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार इस परियोजना को विशेष महत्व दे रही है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया कोलकाता और बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट लखनऊ की टीमों ने इस क्षेत्र का अध्ययन कर इसकी संभावनाओं का जायजा लिया है।

पुरातत्व विभाग के नोडल अधिकारी डॉ विनय कुमार पांडेय ने सोमवार को बताया कि यह एशिया का सबसे बड़ा जीवाश्म है। देश-विदेश से वैज्ञानिक पुरातत्ववेत्ता यहां अध्ययन करने आएंगे। कार्बन डेटिंग से पता चला कि यह 28 करोड़ साल पुराना है। पहले 1954 में इसकी खोज डॉ एसके घोष ने की। फिर ईएसआई व लखनऊ बीरबल की टीम ने लगातार इस पर सर्वे किया। वैज्ञानिकों के अनुसार 28 करोड़ वर्ष पूर्व वर्तमान हसदेव नदी के स्थान पर एक ग्लेशियर था। जो बाद में श्टाथिसश नामक पतली पट्टी के रूप में समुद्र में समा गया, जिससे होकर समुद्री जीव-जंतु मनेंद्रगढ़ की वर्तमान हसदेव नदी में प्रवेश कर गए। वे धीरे-धीरे विलुप्त हो गए, लेकिन उनके जीवाश्म आज भी उक्त स्थल पर देखे जा सकते हैं। वर्ष 2015 में बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियो साइंसेज लखनऊ के वैज्ञानिकों ने भी इसकी पुष्टि की थी।

पृथ्वी के प्राचीन इतिहास को समझने का महत्वपूर्ण स्रोत है जीवाश्म क्षेत्र

पर्यटकों और वैज्ञानिकों दोनों के लिए होगा उपयोगी

जीवाश्मों के अवशेषों से यह प्रमाण मिलता है कि करोड़ों साल पहले इस क्षेत्र में समुद्र था, जो बाद में प्राकृतिक परिवर्तन के कारण हटा और इन जीवों के अवशेष पत्थरों में दबकर जीवाश्म के रूप में संरक्षित हो गए। यह एक महत्वपूर्ण खोज है, जो पृथ्वी के इतिहास और परिवर्तन के बारे में हमें जानकारी प्रदान करती है। यह जीवाश्म क्षेत्र वास्तव में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और वैज्ञानिक धरोहर है, जो पृथ्वी के प्राचीन इतिहास को समझने का महत्वपूर्ण स्रोत है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा वर्ष 1982 से इस क्षेत्र को नेशनल जियोलॉजिकल मोनुमेंट्स के रूप में संरक्षित किया गया है, जो इसके महत्व को दर्शाता है।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में किया वार्षिक प्रेस कांफ्रेंस, बोले

उत्तरी सीमाओं पर स्थिति संवेदनशील, लेकिन स्थिर

नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को मानेकशॉ सेंटर में वार्षिक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मणिपुर की स्थिति, भारत-म्यांमार सीमा, कश्मीर घाटी में सीमा पार से आतंकी घुसपैठ, चीन सीमा पर डेप्सांग और डेमचोक में पेट्रोलिंग शुरू होने, बांग्लादेश की स्थिति के मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि डेप्सांग और डेमचोक के दोनों क्षेत्रों में पारंपरिक चराई शुरू हो गई है। साथ ही, मणिपुर के बारे में उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों के समन्वित प्रयासों और सक्रिय सरकारी पहलों ने स्थिति को नियंत्रण में ला दिया है। भारत-म्यांमार सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि सीमा पर अभी तक हो रही अशांति के फैलाव से बचा जा सके। जनरल द्विवेदी ने कहा कि देश की उत्तरी सीमाओं पर स्थिति संवेदनशील, लेकिन स्थिर है।

सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की विभिन्न सीमाओं के बारे में खुलकर सवालों के जवाब दिए। उन्होंने मणिपुर के बारे में कहा कि आज मणिपुर में जनजातीय समुदाय मजबूत रुख अपना रहा है, लेकिन हमें पूरे देश के साथ सुलह करने के लिए काम करना होगा। मुझे वहां तैनात किए नए राज्यपाल से भी बहुत उम्मीद है कि वे इस दिशा में कदम उठाएंगे। आपसी तालमेल के सवाल पर सेना प्रमुख ने भरोसा दिलाया कि समन्वय की बिल्कुल भी कमी नहीं है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि कौन सा पक्ष कहां है। जब मई 2023 में यह समस्या आई, तो डीजीपी ने आदेश जारी किया कि आप जिस भी समुदाय से हैं, उसके निकटतम पुलिस स्टेशन जाएं, लेकिन बाहरी ताकतों के सवालों को खारिज नहीं किया जा सकता।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में कुल मिलाकर स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है। मणिपुर में सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों और सक्रिय सरकारी पहलों ने स्थिति को नियंत्रण में ला दिया है। हालांकि, हिंसा की चक्रीय घटनाएं जारी हैं। हम इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। विभिन्न गैर सरकारी संगठन और हमारे दिग्गज समुदाय के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं, ताकि एक तरह का सामंजस्य स्थापित किया जा सके। भारत-म्यांमार सीमा पर बढ़ी हुई निगरानी और वर्चस्व की व्यवस्था की गई है, ताकि म्यांमार में अभी तक हो रही अशांति के फैलाव से बचा जा सके। मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए हमने अपने क्यूआरटी और क्यूआर मेडिकल टीमों को अपग्रेड करने के लिए विशेष रूप से 17 करोड़ रुपये चिह्नित किए हैं।

भारतीय सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कश्मीर घाटी के संबंध में कहा कि पिछले साल मारे गए आतंकवादियों में से 60 फीसदी आतंकी पाकिस्तानी मूल के थे। आज घाटी और जम्मू क्षेत्र में बचे आतंकियें में लगभग 80 फीसदी या उससे अधिक पाकिस्तानी मूल के हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नियंत्रण रेखा पर डीजीएमओ के बीच सहमति के बाद फरवरी, 2021 से प्रभावी संघर्ष विराम जारी है। इसके बावजूद आतंकी ढांचा बरकरार है और आईबी सेक्टर से घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। हाल के महीनों में उत्तरी कश्मीर और डोडा-किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर भारतीय सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने बताया कि हिंसा का स्तर आतंकवाद के केंद्र पाकिस्तान की ओर से संचालित किया जा रहा है। हमने वर्ष 2024 तक 15 हजार अतिरिक्त सैनिकों को एलओसी पर तैनात किया है, जिसकी वजह से हिंसा का स्तर कम हुआ है। यही वजह है कि संसदीय चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव दोनों में लगभग 60 फीसदी मतदान हुआ।



हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है बांग्लादेश

बांग्लादेश की स्थिति पर भारतीय सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने बताया कि बांग्लादेश हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। हम पड़ोसी हैं, हमें साथ रहना है और एक-दूसरे को समझना है और किसी भी तरह की दुश्मनी एक-दूसरे के हित में नहीं है। आज की स्थिति में किसी भी तरफ से कोई कमजोरी नहीं है। जब यह बदलाव हुआ था, तब भी मैं बांग्लादेश के प्रमुख के संपर्क में था। नवंबर में हमने एक वीडियो कांफ्रेंस भी की थी। बांग्लादेश से सैन्य सहयोग के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पहले की तरह ही बढ़ रहा है। संयुक्त उत्पाद शुल्क मौजूदा स्थिति के कारण कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया है और जैसे ही स्थिति में सुधार होगा, वह उत्पाद शुल्क भी जारी रहेगा। अभी की स्थिति में सैन्य संबंध अच्छे और सही हैं।

- सुरक्षाबलों के समन्वित प्रयास और सक्रिय सरकारी पहल से स्थिति नियंत्रण में
- भारत-म्यांमार सीमा पर निगरानी बढ़ी, कश्मीर घाटी में घुसपैठ पर कड़ी नजर

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त को किया तलब

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सीमा के मुद्दे पर नई दिल्ली और ढाका में बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त नूरल इस्लाम को तलब किया। इससे पहले रविवार को बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। भारत बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए बाड़ लगाने जा रहा है। बांग्लादेश के सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ वर्मा की बैठक लगभग 45 मिनट तक चली। वर्मा का कहना था कि ढाका और नई दिल्ली के बीच सीमा पर सुरक्षा के लिए बाड़ लगाने के संबंध में सहमति है।

सीबीआई को सत्येंद्र जैन के खिलाफ अभियोजन चलाने की मिली मंजूरी

नई दिल्ली (हि.स.)

दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में अभियोजन चलाने के लिए सीबीआई को अनुमति मिल गई है। सोमवार को सीबीआई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट को इस बात की सूचना दी। सीबीआई की इस सूचना के बाद स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को करने का आदेश दिया।

मनी लांड्रिंग के मामले में कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को 18 अक्टूबर 2024 को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सत्येंद्र जैन लंबे समय से जेल में हैं और इस मामले में जल्द ट्रायल शुरू होने की संभावना नहीं है। ऐसे में वे जमानत के हकदार हैं। सत्येंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने लोकसेवक रहने के दौरान 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच एक करोड़ 62 लाख रुपये अर्जित किए जो उनके ज्ञात स्रोत से काफी ज्यादा है। मनी लांड्रिंग के मामले में जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाई। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा जिन्हें आरोपित बनाया है, उनमें उनकी पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 में गिरफ्तार किया था।



- आय से अधिक संपत्ति का है मामला

सिंगापुर के राष्ट्रपति आज आएंगे भारत, पीएम मोदी मुलाकात करेंगे

- पांच दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान ओडिशा भी जाएंगे

नई दिल्ली (हि.स.)

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम 14-18 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। उनके साथ मंत्रियों, संसद सदस्यों और अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में यह थर्मन शानमुगरत्नम की पहली भारत यात्रा होगी।

विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति थर्मन का 16 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति थर्मन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू उनके सम्मान में भोज का भी आयोजन करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंगापुर के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर और कई अन्य भारतीय गणमान्य व्यक्ति भी राष्ट्रपति थर्मन से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति थर्मन 17-18 जनवरी 2025 को ओडिशा का भी दौरा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत और सिंगापुर के बीच मैत्री, विश्वास और आपसी सम्मान की लंबी परंपरा पर आधारित व्यापक सहयोग है।

राष्ट्रपति थर्मन की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर 2024 की सिंगापुर यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। उनकी राजकीय यात्रा भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के समारोह की शुरुआत भी करेगी।

कोर्ट ने एम्स को दिया मिशेल की हिप सर्जरी की व्यवस्था करने का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया है कि वह अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले के आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की हिप सर्जरी की व्यवस्था करे। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने क्रिश्चियन मिशेल की याचिका पर ये आदेश दिया। कोर्ट ने ये आदेश एम्स की रिपोर्ट देखने के बाद दिया। एम्स ने अपनी रिपोर्ट में टोटल हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हे का प्रत्यारोपण) की सलाह दी थी। उसके बाद कोर्ट ने एम्स को फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में सर्जरी करने की बात कही थी। क्रिश्चियन मिशेल ने याचिका दायर कर कहा था कि उसके हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की सख्त आवश्यकता है, क्योंकि वो दैनिक कार्यों को भी नहीं कर पा रहा है।

लॉस एंजिलिस में जंगल की आग से अब तक 24 की मौत

लॉस एंजिलिस (हि.स.)

लॉस एंजिलिस जंगल की आग से जूझ रहा है। गरम और तेज हवा चल रही है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि लॉस एंजिल्स में लगी आग से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार देर रात से बुधवार तक क्षेत्र में तेज हवा चलने की आशंका से लोग भयभीत हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सप्ताहांत में दमकल कर्मचारियों को तेज और गरम हवाओं के बीच पैलिसेड्स और ईटन में आग का प्रकोप कम करने में काफी हद तक कामयाबी मिली। दमकल विभाग के कर्मचारी जंगल में लगी आग को बुझाने में लगे रहे। लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि लापता लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चिंता व्यक्त करते हुए सोशल साइट ट्रुथ पर राज्य के अधिकारियों को 'अक्षम' कहा है।

नेपाल-भारत में व्यापार संधि की समीक्षा के लिए शीघ्र होगी चौथे दौर की वार्ता

काठमांडू। नेपाल-भारत व्यापार तथा परिवहन संधि की समीक्षा के लिए जल्द ही चौथे दौर की वार्ता आयोजित करने पर सहमति बनी है। काठमांडू में शनिवार और रविवार को हुई दो दिवसीय नेपाल-भारत वाणिज्य सचिव स्तरीय अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। नेपाल में भारतीय दूतावास की ओर से सोमवार को एक बयान में बताया गया कि नेपाल और भारत के बीच वाणिज्यिक संधि को संशोधित करने पर चौथे दौर की वार्ता आयोजित करने पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच नेपाल में उत्पादित वस्तुओं को भारत में निर्यात करने के लिए जरूरी बीआईएस प्रमाणन प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी सहमति बनी है।

विदेशी ब्रांडों को मिली तरजीह : पवन खेड़ा

- 'मेक इन इंडिया' को लेकर कांग्रेस ने किया केंद्र सरकार पर हमला

नई दिल्ली (हि.स.)

कांग्रेस ने 'मेक इन इंडिया' को लेकर मौजूदा केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। पार्टी का कहना है कि मोदी सरकार का 'मेक इन इंडिया' वादा महज बयानबाजी बनकर रह गया है। एआईसीसी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला।

उन्होंने रिपोर्ट के हवाले से दावा किया कि सरकारी टेंडर अपने खुद के 'मेक इन इंडिया' दिशा-निर्देशों का पालन करने में विफल रहे हैं। पिछले 3 वर्षों में 64,000 करोड़ रुपये मूल्य के 3,500 से ज्यादा उच्च-मूल्य वाले टेंडरों में से लगभग 40 प्रतिशत को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा 'मेक इन इंडिया' नियमों का अनुपालन न करने के रूप में चिह्नित किया गया था।

पवन खेड़ा ने कहा कि वर्ष 2017 के 'मेक इन इंडिया' खरीद नियम घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए पेश किए गए थे, लेकिन वास्तव में बाद के टेंडरों ने आर्थिक और गुणवत्ता कारणों का हवाला देते हुए विदेशी ब्रांडों को तरजीह दी, जिससे भारतीय निर्माता हाशिए पर चले गए। 'मेक इन इंडिया' पहल के शुभारंभ के बाद से मोदी सरकार द्वारा जारी किए गए 3,590 टेंडरों में से उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने पाया कि नवंबर 2024 तक 1,502 टेंडर, जिनकी राशि 63,911 करोड़ रुपये थी, मेक इन इंडिया नीति दिशा निर्देशों का पालन करने में विफल रहे।

दिल्ली पुलिस ने ताहिर की अंतरिम जमानत याचिका का किया विरोध

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस ने एआईएमआईएम उम्मीदवार और 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के आरोपित ताहिर हुसैन की चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने की मांग वाली याचिका का दिल्ली हाई कोर्ट में विरोध किया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि अगर आपको केवल नामांकन भरना है, तो आप जेल से भी कर सकते हैं। अंतरिम जमानत याचिका पर अब 14 जनवरी को भी सुनवाई होगी।

इमरान-बुशरा से जुड़े अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार केस में फैसला तीसरी बार टला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत (भ्रष्टाचार रोधी अदालत) ने 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये) के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सोमवार को अपना फैसला तीसरी बार टाल दिया। जियो न्यूज के अनुसार, इस्लामाबाद स्थित भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने अब फैसला सुनाने की नई तारीख 17 जनवरी मुकर्रर की है।

वैष्णव ने एक पॉडकास्ट में फेसबुक के संस्थापक की कही गई बात पर किया पलटवार, कहा

मार्क जुकरबर्ग की टिप्पणी तथ्यात्मक रूप से गलत

नई दिल्ली (हि.स.)

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग की वर्ष 2024 में हुए भारतीय संसदीय चुनावों पर की गई टिप्पणियों को निराशाजनक और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया। जुकरबर्ग ने दावा किया है कि वर्ष 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोरोना के बाद हार गई हैं। सोमवार को अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत ने वर्ष 2024 के चुनावों में 640 मिलियन से अधिक मतदाताओं के साथ चुनाव लड़ा। भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए में अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा, जुकरबर्ग का दावा है कि वर्ष 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोरोना के बाद हार गईं, यह तथ्यात्मक रूप से गलत है।

- जुकरबर्ग ने दावा किया था अधिकांश मौजूदा सरकारें कोरोना के बाद हार गईं
- भारत के लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए में अपना विश्वास जताया है

उन्होंने कहा कि 800 मिलियन लोगों के लिए मुफ्त भोजन, 2.2 बिलियन मुफ्त टीके, और कोरोना के दौरान दुनिया भर के देशों को सहायता, भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में नेतृत्व करने तक, प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक तीसरी बार की जीत सुशासन और जनता के विश्वास का प्रमाण है। मेटा के सीईओ जुकरबर्ग द्वारा खुद गलत सूचना देना बेहद निराशाजनक है। तथ्यों की विश्वसनीयता को बनाए रखना चाहिए था।

उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी को, जो रोगन ने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के साथ दो घंटे का पॉडकास्ट प्रसारित किया, जहां उन्होंने कंटेंट मॉडरेशन, सरकारों में विश्वास, कोरोना, सरकारी प्रभाव और अन्य सहित कई विषयों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान, जुकरबर्ग ने कहा कि कोरोना के कारण भारत में मौजूदा मोदी सरकार को वर्ष 2024 में हुए चुनावों में पूर्ण बहुमत नहीं मिला। कोरोना महामारी से निपटने के लिए सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों के कारण वैश्विक स्तर पर लोगों में विश्वास की कमी का विश्लेषण करते हुए, जुकरबर्ग ने बताया कि महामारी संबंधी नीतियों और असंगत शासन व्यवस्था के कारण दुनिया भर में लोगों में असंतोष है। उनके अनुसार, इस असंतोष ने कई देशों में चुनावी नतीजों को प्रभावित किया है।